वर्ष 73 अंक 76 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 15 दिसंबर, 2025
पौष कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"हमारी सबसे बड़ी जरूरत ऐसे व्यक्ति की है, जो हमें वह बनने के लिए प्रेरित करे, जो हम जानते हैं कि हम बन सकते हैं।
–राल्फ वाल्डो एमर्सन

# ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमला



## यहूदी त्योहार के दौरान बॉन्डी बीच में फायरिंग, 12 की मौत

**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर रविवार दोपहर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदी समुदाय पर दो हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस आतंकी हमले में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 26 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों में महिलाएं, बुजुर्ग और एक बच्चा भी शामिल है। कई की हालत गंभीर है। चश्मदीदों के मुताबिक, काले कपड़े पहने दो युवक राइफलनुमा हथियारों के साथ सड़क पर आए और भीड़ पर फायरिंग शुरू कर दी। कुछ ही मिनटों में बीच और आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते दिखे।

### एक हमलावर मारा गया, दूसरा गंभीर

न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने दोनों हमलावरों को घेरकर जवाबी फायरिंग की। इसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना को औपचारिक रूप से आतंकी हमला घोषित कर दिया गया है।

### आम नागरिक की बहादुरी, कई जानें बचीं

हमले के दौरान एक आम नागरिक की बहादुरी भी सामने आई है। एक वायरल वीडियो में दिख रहा है कि गोलियों की आवाज के बीच एक व्यक्ति गाड़ियों की आड़ लेते हुए हमलावर के करीब पहुंचा और झपट्टा मारकर राइफल छीन ली। इसके बाद हमलावर को काबू में कर लिया गया।

### माइकल वॉन बाल-बाल बचे

इस हमले में इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान माइकल वॉन भी मौजूद थे। वे बॉन्डी बीच के पास एक रेस्तरां में थे, जहां उन्होंने गोलीबारी शुरू होते ही अंदर छिपकर जान बचाई। घटना के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'बॉन्डी में एक रेस्टोरेंट के अंदर बंद रहना बेहद डरावना अनुभव था। अब मैं सुरक्षित घर पहुंच गया हूं। इमरजेंसी स्टाफ और पुलिस का धन्यवाद, जिन्होंने हालात संभाले। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।'

### यहूदी समुदाय के नेता भी घायल

हमले में इजराइल-ऑस्ट्रेलिया यहूदी परिषद के अध्यक्ष आर्सेन ऑस्टोवस्की भी घायल हुए हैं। उनके सिर में चोट आई है, हालांकि उन्होंने कहा है कि उनकी हालत स्थिर है। गौरतलब है कि वे 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में हमास के हमले में भी बाल-बाल बचे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा भी नहीं था कि ऑस्ट्रेलिया जैसे सुरक्षित देश में, बॉन्डी बीच जैसी शांत जगह पर ऐसा मंजर देखना पड़ेगा।'

### दुनिया भर में हमले की निंदा

इस हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी निंदा हुई है।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और आतंकवाद के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के साथ एकजुटता व्यक्त की।
- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों और यूरोपीय आयोग प्रमुख उर्सला वॉन देर लेयन समेत कई वैश्विक नेताओं ने इसे यहूदी-विरोधी आतंकी हमला करार दिया।

### तीन दशक की सबसे बड़ी मास शूटिंग

ऑस्ट्रेलिया में इस स्तर की सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। 1996 के पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद यहां सख्त गन कानून लागू किए गए थे। विशेषज्ञों के मुताबिक, बॉन्डी बीच की यह घटना करीब 29 साल में देश की सबसे बड़ी मास शूटिंग में से एक है।

# इंदौर मेट्रोपॉलिटन में अब रतलाम भी शामिल होगा : सीएम

## एमवाय अस्पताल का बनेगा नया भवन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में अब रतलाम शहर भी शामिल होगा। ऐसे में यह रीजन छह शहरों तक अपना अस्तित्व बढ़ाएगा। यह घोषणा रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर में की। उन्होंने कहा कि इसके पीछे सरकार का मकसद इंदौर को मजबूत क्षेत्रीय आर्थिक केन्द्र के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री इंदौर में रविवार को जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के विकास के रोडमैप को लेकर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन एरिया का क्षेत्रफल 10000 वर्ग किमी है। इसमें इंदौर, उज्जैन के अलावा देवास, शाजापुर और धार शामिल हैं। अब इसमें रतलाम (बदनावर) शहर को शामिल कर इस पूरे रीजन का क्षेत्रफल बढ़ाकर 14 हजार वर्ग किलोमीटर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इससे इन क्षेत्रों में परिवहन, उद्योग और रोजगार के नए अवसर तेजी से सृजित होंगे। सीएम ने मेट्रो रेल प्रोजेक्ट, क्षेत्रीय विकास और शहरी सुरक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि इंदौर में मेट्रो रेल का रूट अंडरग्राउंड ही रहेगा और एलिवेटेड ब्रिज की मौजूदा योजना में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह निर्णय तकनीकी मानकों और शहर की जरूरतों को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन का रूट खजराना वाले हिस्से से अंडरग्राउंड किया जाएगा। इस पर आने वाला रुपए 800-900 करोड़ का अतिरिक्त खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। सीएम ने कहा कि शहर की खूबसूरती को खत्म नहीं होने देंगे। एलिवेटेड रोड भी बनेगा, एलिवेटेड रोड से जनता को जहां सुविधा होगी वहां उन्हें रास्ते भी देंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल के अंदर विकास परक बजट डबल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी नए अवसर तलाशने और बेहतर तकनीक से जुड़ने की आवश्यकता है।

### मेट्रो का खजराना रुट बनेगा अंडरग्राउंड



### हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारियां

उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी से लेकर सेमी कंडक्टर तक, आईटी से लेकर हेल्थ तक, इंफ्रास्ट्रक्चर से वेलनेस और टूरिज्म तक, हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारियां जारी है। मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने में शासन पीछे नहीं रहेगा। सीएम ने कहा कि इंदौर से लेकर रतलाम और रतलाम से लेकर शाजापुर तक सराउंडिंग क्षेत्र में यह मेट्रोपोलिटन का नक्शा इंदौर-भोपाल के साथ क्लीन सिटी के रूप में जुड़ाव करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य की दृष्टि से महानगर की श्रेणी में इंदौर का जो क्षेत्र बनेगा उसी आधार पर भविष्य की इमारतें खड़ी होंगी और निर्माण का अगला पड़ाव तय होगा। बैठक में एमआर-10 के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार्टअप पार्क और कन्वेंशन सेंटर की स्थापना का निर्णय लिया गया। जिसमें केन्द्र सरकार सहयोग देगी। जिससे इंदौर मध्य भारत का सबसे बड़ा इनोवेशन सेंटर बनेगा। डॉ. यादव ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' की तर्ज पर विकसित किया जाए। कन्वेंशन सेंटर की लागत 550 से 600 करोड़ के लगभग है। इस मौके पर सीएम ने एमवाय अस्पताल की नई बिल्डिंग के लिए भूमिपूजन किया। जहां उन्होंने कहा कि पुरानी बिल्डिंग में आ रही असुविधाओं को देखते हुए, अब 773 करोड़ की लागत से एक आधुनिक और गौरवशाली नई बिल्डिंग बनाई जाएगी जिसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सीएम ने कहा कि नाइट लाइफ पॉलिसी के क्रियान्वयन के साथ महिलाओं की सुरक्षा और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी निगरानी को और मजबूत करने पर जोर दिया जाए।




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश




# अभूतपूर्व अधोसंरचना विकास

## सड़क नेटवर्क- बेहतर होती कनेक्टिविटी

- वर्ष 2025-26 में 4078 कि.मी. लंबी सड़कों के निर्माण और अगले 5 वर्ष में 1 लाख कि.मी. सड़कों के निर्माण का लक्ष्य
- उज्जैन-जावरा के मध्य 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण के लिए ₹5 हजार करोड़ से अधिक की स्वीकृति
- ₹1692 करोड़ की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर 6-लेन मार्ग का भूमिपूजन
- ₹3589 करोड़ की लागत से भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति
- 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर परियोजना स्वीकृत
- वर्तमान में ₹ 48,178 करोड़ की 73 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 8565 गांव सड़कों से जुड़े
- मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के तहत 20,650 छोटे गांवों में 30,900 कि.मी. पक्की सड़कें बनेंगी, जिसके लिए ₹21,630 करोड़ की स्वीकृति

## वायुसेवा और क्षेत्रीय संपर्क




- रीवा, दतिया और सतना हवाई अड्डे का लोकार्पण
- विंध्यवासियों को सौगात, रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवा प्रारंभ
- उज्जैन हवाई अड्डे के विकास अनुबंध पर हस्ताक्षर
- ग्वालियर से बेंगलुरु,अहमदाबाद, दिल्ली और अयोध्या के लिए वायु सेवा प्रारंभ

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## रेल और मेट्रो सेवा का विस्तार



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश के 6 अमृत स्टेशन- शाजापुर, नर्मदापुरम, कटनी साउथ, श्रीधाम, सिवनी और ओरछा का लोकार्पण
- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरू, भोपाल में शीघ्र शुरू होगा संचालन
- इंदौर-उज्जैन के मध्य शुरू होगा मेट्रो ट्रेन संचालन
- प्रदेश में बनेगा रेल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) को सौंपा गया भूमि आबंटन पत्र। रायसेन के उमरिया में होगी स्थापना

## नवीकरणीय ऊर्जा और क्षमता वृद्धि

- मुरैना में पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना ₹ 2.70 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली प्राप्त
- प्रदेश में 2000 मेगावॉट सौर पार्क व 1000 मेगावॉट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति
- ओंकारेश्वर 278 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट से विद्युत उत्पादन प्रारंभ
- 880 मेगावॉट क्षमता की आगर और नीमच सौर परियोजना प्रारंभ
- बिजली उपभोक्ताओं की सुगमता के लिए समाधान योजना प्रारंभ
- उद्योगों सहित सभी गैर-कृषि उपभोक्ताओं को 24 घंटे तथा कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिदिन औसतन 10 घंटे बिजली प्रदाय

## सिंचाई परियोजनाएं और जल संसाधन

- प्रदेश में लगभग 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित। वर्ष 2025-26 तक 65 लाख हेक्टेयर और वर्ष 2028-29 तक 1 करोड़ हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की पहली नदी-जोड़ो केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को लेकर त्रि-पक्षीय समझौता और ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना के लिए महाराष्ट्र के साथ एमओयू
- "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 133 वृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजनाएं निर्माणाधीन
- ₹2489 करोड़ से अधिक की लागत से तराना में नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण। इससे 100 ग्रामों की 30218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी
- माइक्रो सिंचाई में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी



## विकास और सेवा के 2 वर्ष

मध्यप्रदेश अपने बेहतर कल की बुनियाद बना रहा है, जहां सड़क, रेल, हवाई सेवा और ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हो रही है। विकसित भारत का संकल्प तीव्र विकास, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और पर्याप्त संसाधन से ही संभव होगा। मध्यप्रदेश प्रगति की नई तस्वीर बना रहा है।

**- डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11161/25

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 » अंक 76 » पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 15 दिसंबर, 2025
पौष कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
नगर » मूल्य 5 रुपए

**टी-20 सीरीज**

## सात विकेट से जीता भारत, 2-1 से आगे



04 ओवर
13 रन
02 विकेट

**अर्शदीप सिंह : प्लेयर ऑफ द मैच**

**धर्मशाला, जेएनएन।** भारत ने टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। रविवार शाम भारतीय टीम ने 118 रन का टारगेट 15.5 ओवर में ३ विकेट पर हासिल कर लिया। शिवम दुबे ने लगातार दो बाउंड्री लगाकर भारतीय टीम को जीत दिलाई। वे 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान सूर्य कुमार यादव ने 12, अभिषेक शर्मा ने 35 और शुभमन गिल ने 28 रन बनाए। धर्मशाला स्टेडियम में कप्तान सूर्य कुमार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकी टीम 117 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने सिर्फ 7 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। क्विंटन डी कॉक एक रन, रीजा हेंड्रिक्स जीरो और डेवाल्ड ब्रेविस 2 रन बनाकर आउट हुए। **विस्तृत खबर पेज-11 पर**

**ऑफ बीट**

## समुद्र की गहराइयों में फैल रही एक महामारी



*समुद्र की गहराइयों में एक खामोश तबाही चल रही है, जिसकी आहट अब वैज्ञानिकों तक पहुंच चुकी है। कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले सी अर्चिन अब अचानक गायब होते जा रहे हैं। कैनरी द्वीप और मदीरा जैसे इलाकों में उनकी आबादी लगभग खत्म होने के कगार पर है। वैज्ञानिक इसे एक छुपी हुई महामारी बता रहे हैं, जो समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह बदल सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, डायडिमा अफ्रीकैनम नाम की सी अर्चिन प्रजाति की आबादी 2022 से 2023 के बीच अचानक ढह गई। कई रीफ इलाकों में इनकी संख्या 99 प्रतिशत से भी ज्यादा घट गई। सी अर्चिन की रहस्यमयी मौत एक प्रजाति का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समुद्री जीवन के संतुलन पर खतरा है। यह छुपी हुई महामारी आने वाले समय में समुद्र की दुनिया को पूरी तरह बदल सकती है।*

## म्याना रेलवे स्टेशन को राष्ट्रपति से मिला सम्मान

**विसं भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुना के म्याना रेलवे स्टेशन को सम्मानित किया है। ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए म्याना रेलवे स्टेशन द्वारा 9 हजार 687 यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड-2025) के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट कैटेगरी (रेलवे स्टेशन) में जिला गुना के म्याना रेलवे स्टेशन को बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिट के रूप में सम्मानित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के म्याना रेलवे स्टेशन ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और सहयोगी टीम बधाई की पात्र है।

**संसद में इस सप्ताह पेश किया जाएगा 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक'**

# बड़ा बदलाव: उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बनाया जाएगा एक शीर्ष निकाय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार के उद्देश्य से विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को संसद के चालू शीतकालीन सत्र में पेश करने की तैयारी में है। यह विधेयक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की जगह एक नए शीर्ष छत्र (अम्ब्रेला) निकाय के गठन का प्रस्ताव करता है। यह विधेयक पहले हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया (एचईसीआई) के नाम से जाना जाता था। इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। सरकार का कहना है कि यह विधेयक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) की सिफारिशों के अनुरूप है और भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा।

**पारदर्शिता पर विशेष जोर:** विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अपनी वित्तीय स्थिति, ऑडिट रिपोर्ट, बुनियादी ढांचा, फैकल्टी, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक परिणाम और मान्यता से जुड़ी जानकारी पूरी तरह सार्वजनिक करनी होगी। यह जानकारी नियामक परिषद की वेबसाइट और संबंधित संस्थानों की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।



**कैसा होगा विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान**

*प्रस्तावित कानून के तहत विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान नामक एक केंद्रीय संस्था गठित की जाएगी, जिसके अंतर्गत तीन अलग-अलग परिषदें काम करेंगी।*

- **विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद:** यह पूरे देश में उच्च शिक्षा की साझा नियामक संस्था होगी।
- **विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद:** यह मान्यता (एक्रेडिटेशन) की स्वतंत्र व्यवस्था की निगरानी करेगी।
- **विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद:** यह शैक्षणिक मानकों का निर्धारण और समन्वय करेगी।

**एक अध्यक्ष और 12 सदस्य:** अधिष्ठान में एक अध्यक्ष और अधिकतम 12 सदस्य होंगे। इनमें से दो सदस्य राज्यों के उच्च शिक्षण संस्थानों से वरिष्ठ प्रोफेसर स्तर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद होंगे और पांच सदस्य विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ होंगे।

### विदेशी विश्वविद्यालयों और भारतीय कैंपस का रास्ता

नए कानून में चुनिंदा विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में संचालन की अनुमति के लिए मानक तय किए जाएंगे। इसके साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय विश्वविद्यालयों को सरकार की अनुमति से विदेशों में अपने कैंपस खोलने की सुविधा भी दी जाएगी। विधेयक में आर्किटेक्ट्स एक्ट के तहत गठित काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) को प्रोफेशनल स्टैंडर्ड सेटिंग बॉडी के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव है। सीओए पाठ्यक्रम निर्माण, अकादमिक मानकों और शोध-शिक्षण के समन्वय में भूमिका निभाएगी।

### पुराने कानून होंगे निरस्त

यह विधेयक लागू होने पर यूजीसी एक्ट, 1956, एआईसीटीई एक्ट, 1987 और एनसीटीई एक्ट, 1993 को निरस्त कर दिया जाएगा। नए अधिष्ठान और परिषदों में शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### सरकार का दावा, आलोचकों की चिंता

सरकार का कहना है कि यह विधेयक उच्च शिक्षा को आत्मनिर्भर, नवाचार-आधारित और कौशल-केंद्रित बनाएगा। इससे युवाओं को बहु-विषयक और लचीली शिक्षा, सतत री-स्किलिंग और एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र मिलेगा। हालांकि, कुछ शिक्षाविदों और विश्लेषकों ने इस पर चिंता जताई है। आलोचकों का कहना है कि एक 'सुपर-रेगुलेटर' के जरिए सरकार स्वायत्तता बढ़ाने का दावा कर रही है, लेकिन इससे उच्च शिक्षा का अत्यधिक केंद्रीकरण, संस्थागत स्वायत्तता का क्षरण और राजनीतिक नियंत्रण बढ़ने का खतरा भी है।

**कोलकाता: 'मैसी इवेंट' में अव्यवस्था का मामला**

# आयोजक की जमानत खारिज और 14 दिन की हिरासत मंजूर

**नई दिल्ली/ कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता में फुटबॉल स्टार लियोनल मैसी के कार्यक्रम के दौरान मची भारी अव्यवस्था के मामले में सॉल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आयोजक और स्पोर्ट्स प्रमोटर सतद्रु दत्ता की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने की अनुमति दे दी है। पुलिस इस दौरान अव्यवस्था, धोखाधड़ी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और सुरक्षा चूक से जुड़े पहलुओं की जांच करेगी। घटना के बाद कोलकाता पुलिस ने आयोजक सतद्रु दत्ता को हिरासत में लिया था। बताया गया कि वे हैदराबाद जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ अव्यवस्था फैलाने, धोखाधड़ी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और कानून-व्यवस्था भंग करने से जुड़ी धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने यह भी कहा है कि फैंस को टिकट के पैसे वापस करने को लेकर लिखित आश्वासन लिया गया है।

### सरकार और पुलिस की विफलता: राज्यपाल

रविवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस खुद सॉल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैसी जैसे अंतरराष्ट्रीय आइकन की मौजूदगी में तोड़फोड़ होना सरकार और पुलिस की गंभीर विफलता है। राज्यपाल ने इसे 'कोलकाता के लिए शर्मनाक दिन' बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) होना जरूरी है।

**जांच समिति गठित:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना पर अफसोस जताते हुए मैसी और फुटबॉल प्रेमियों से माफी मांगी। उन्होंने जांच के लिए एक समिति गठित की है, जिसकी अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज असीम कुमार रॉय कर रहे हैं। इस समिति में मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती भी शामिल हैं।

### मुंबई में कार्यक्रम रहा व्यवस्थित

कोलकाता की घटना के अगले ही दिन मेसी का कार्यक्रम मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां सुरक्षा और आयोजन कहीं अधिक व्यवस्थित दिखा। इस दौरान मेसी की मुलाकात सचिन तेंदुलकर और सुनील छेत्री से हुई, जिसे खेल जगत का ऐतिहासिक पल माना गया।




**दिल्ली कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली**



# इन लोगों ने हमारा वंदे मातरम् भी कर लिया चोरी: खड़गे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस ने 'वोट चोर-गद्दी छोड़' रैली आयोजित की। इस रैली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र, संविधान और चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'इन लोगों ने हमारा वंदेमातरम् भी चोरी कर लिया। ये नेहरू और पटेल के बीच दरार पैदा करते हैं, गांधी-नेहरू-अंबेडकर पर हमला बोलते हैं।' खरगे ने भावुक होते हुए अपने निजी जीवन का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि उनके बेटे का लंबा ऑपरेशन होना था और परिवार से फोन आया था, लेकिन देश के लिए यह लड़ाई छोड़कर वे नहीं जा सकते। बेटे को कुछ भी हो जाए, लेकिन देश के लोगों को कुछ नहीं होना चाहिए।

### आयोग भाजपा के साथ कर रहा काम : राहुल

रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास खत्म हो चुका है और गृह मंत्री अमित शाह के हाथ इसलिए कांपते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि 'उनकी वोट चोरी पकड़ी जा चुकी है।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के कुछ अधिकारी भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सरकार ने इनके लिए कानून तक बदल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इस कानून को बदलेगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। राहुल ने यह भी कहा कि 'ये लोग भूल जाते हैं कि वे भारत के चुनाव आयुक्त हैं, भाजपा के नहीं।'

### प्रियंका का आरोप: मीडिया और संस्थानों पर दबाव

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों पर दबाव है। देश की अधिकांश मीडिया अंबानी-अडाणी के नियंत्रण में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को झूठे मामलों में जेल भेजा, जबकि जो भाजपा में शामिल हो गए, उन्हें 'वॉशिंग मशीन' में डालकर साफ कर दिया गया।

# भाजपा: नबीन बने कार्यकारी अध्यक्ष पूर्णकालिक नियुक्ति तक रहेंगे पद पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बड़ा फैसला लेते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जानकारी रविवार को भाजपा के संसदीय बोर्ड के फैसले के बाद राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी। नबीन फिलहाल बिहार सरकार में परिवहन मंत्री हैं और पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक इस अहम पद की जिम्मेदारी निभाएंगे।



45 वर्षीय नबीन 2010 से बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार विधायक चुने जा रहे हैं। संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह अंतरिम लेकिन बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति संगठनात्मक स्थिरता बनाए रखने और आगामी चुनावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए की गई है।

**सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की संभावना:** फिलहाल नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, लेकिन अगर भविष्य में पार्टी उन्हें पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाती है, तो वे भाजपा के इतिहास में सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। उनकी उम्र 45 साल है, जो पार्टी के युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि नितिन नबीन ने मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है।

# स्कूल बस 20 फीट नीचे नदी में गिरी, 28 घायल

**पिकनिक पर आए थे अशोक नगर के बच्चे**

**जागरण, गंज बासौदा।** गंजबासौदा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 86 स्थित पुल पर रविवार सुबह स्कूली बच्चों की बस नदी में गिर गई। हादसे में 28 बच्चे घायल हो गए। इनमें से पांच को गंभीर चोट आने पर विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ये बच्चे अशोक नगर के स्कूल के हैं और सांची व विदिशा आईटीआई देखने जा रहे थे। सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस बेकाबू होकर 20 फीट नीचे सगड़ नदी में गिर गई। नदी में गिरी बस में 45 बच्चे और स्टॉफ मौजूद थे था। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम जोहद के पास सगड़ नदी के संकरे से पुल पर हुआ। महज 16 फीट चौड़े इस पर पुल पर एक साथ दो वाहन आमने-सामने आ गए। तभी बस चालक नियंत्रण नहीं रख सका और बस नदी में गिर गई। गनीमत है कि इस समय नदी पूरी तरह सूखी हुई है। यदि पानी होता तो हादसा बड़ा रूप से सकता था। अशोकनगर के बहादुरपुर के ये बच्चे आईआईटी कालेज विदिशा भ्रमण के लिए जा रहे थे।

# एसजीएमएच के गायनी ओटी में भड़की आग, नवजात जला



**रीवा।** विंध्य के सबसे बड़े संजय गांधी अस्पताल में रविवार दोपहर आग भड़क गई। हादसे में एक नवजात जल गया। हादसा उस वक्त हुआ जब गायनी ओटी में एक प्रसूता के आपरेशन के बाद टांके लगाए जा रहे थे। आग लगने पर डॉक्टरों की टीम प्रसूता को लेकर बाहर निकल आई लेकिन नवजात ओटी में ही रह गया। जिसका जला हुआ शव बरामद हुआ है। हालांकि मेडिकल प्रबंधन का कहना है कि महिला को हीमोग्लोबिन की कमी थी। शिशु की गर्भ में ही मौत हो गई थी। ऑपरेशन कर शव को बाहर निकाला गया था। जो भी हो जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के बार्ड अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आयी। अस्पताल का फायर सेफ्टी फेल रहा। लिहाजा आग बिकराल रूप धारण कर लिया। ओटी के समीप ही गहन शिशु चिकित्सा इकाई को खाली कराना पड़ा। उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जांच के निर्देश दिए हैं। **विस्तृत खबर अंतिम पेज पर**

**सतना: 108 सेवा मदद के बजाय बनी अपमान का कारण**

# अस्पताल के गेट पर घायल की पत्नी से धुलवाई एंबुलेंस, वीडियो वायरल

**जागरण, सतना।** जिला अस्पताल से मानवता को शर्मसार कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। जहां जीवन बचाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा एक घायल मरीज के लिए मददगार बनने की बजाय अपमान का कारण बन गई। सड़क हादसे में घायल मरीज की पत्नी से ही एंबुलेंस धुलवाने का मामला सामने आया है। दरअसल रामनगर से सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल कमलेश रावत को 108 एंबुलेंस के जरिए सतना जिला अस्पताल लाया गया। हादसे में उसका पैर टूट गया था और रास्ते में तबीयत बिगड़ने से मरीज को उल्टियां भी हुईं। जैसे ही एंबुलेंस जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर पहुंची, चालक ने संवेदनहीनता की सारी हदें पार करते हुए मरीज की पत्नी से ही एंबुलेंस की सफाई करवा दी।




### मरीज या परिजनों से सफाई कराना प्रतिबंधित

नियमों के मुताबिक, 108 एंबुलेंस की साफ-सफाई के लिए अलग से बजट है। मरीज या परिजनों से ऐसा कोई काम कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बाद भी इस अमानवीय कृत्य ने न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाईं, बल्कि 108 जैसी जीवनरक्षक सेवा की साख को भी गहरा नुकसान पहुंचाया है।

**स्टैनफोर्ड रिपोर्ट** — **भारत ने कोरिया, यूके, सिंगापुर जैसे विकसित देशों को पीछे छोड़ा**

# एआई में भारत दुनिया की तीसरी सबसे प्रतिस्पर्धी ताकत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक मंच पर बड़ी छलांग लगाई है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 2025 ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्धी एआई देश बन गया है। इस रैंकिंग में भारत ने कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एआई वाइब्रेंसी स्कोर के आधार पर अमेरिका पहले स्थान पर है, जिसका स्कोर 78.6 है। चीन दूसरे स्थान पर 36.95 के स्कोर के साथ है, जबकि भारत ने 21.59 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि भारत ने सिर्फ एक साल में चार पायदान की छलांग लगाई है—भारत 2023 में सातवें स्थान पर था।

### क्या है ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी का यह इंडेक्स देशों की एआई क्षमता और प्रतिस्पर्धा को सात प्रमुख स्तंभों के आधार पर मापता है।




- रिसर्च एंड डेवलपमेंट
- प्रतिभा
- इन्फ्रास्ट्रक्चर
- अर्थव्यवस्था और निवेश
- नीति और शासन
- जिम्मेदार एआई
- सार्वजनिक राय और स्वीकार्यता

इन सभी पैमानों पर प्रदर्शन के आधार पर यह आकलन किया जाता है कि किसी देश में एआई का इकोसिस्टम कितना मजबूत और जीवंत है।

### बड़े पैमाने पर निवेश

*रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में सरकारें एआई पर बड़े पैमाने पर निवेश कर रही हैं।*

- कनाडा ने 2.4 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है,
- चीन ने 47.5 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर फंड लॉन्च किया है,
- फ्रांस ने 109 अरब यूरो का निवेश प्रस्तावित किया है,
- भारत ने 1.25 अरब डॉलर एआई के लिए निर्धारित किए हैं
- सऊदी अरब का 'प्रोजेक्ट ट्रांससेंडेंस' 100 अरब डॉलर का है।

### प्रतिभा के मामले में टॉप-3 में भारत

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी प्रतिभा मानी गई है। एआई से जुड़े शिक्षा कार्यक्रमों, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संस्थानों की बड़ी संख्या के कारण भारत इस स्तंभ में दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है। हर साल लाखों इंजीनियर और तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय शिक्षा प्रणाली से निकल रहे हैं, जो वैश्विक एआई उद्योग को मजबूत बना रहे हैं। हालांकि भारत का निवेश कई देशों की तुलना में कम है, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद भारत का तीसरे स्थान पर पहुंचना उसकी लागत-कुशल नवाचार क्षमता को दर्शाता है। जहां एक ओर भारत ने कई स्तंभों में सुधार किया है, वहीं नीति और शासन के मामले में उसकी रैंकिंग में गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस श्रेणी में भारत पांच स्थान नीचे खिसका है।

### विकसित देशों से आगे क्यों निकला भारत

आमतौर पर उच्च आय वाले देश एआई में आगे रहते हैं, लेकिन भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़कर अलग पहचान बनाई है। रिपोर्ट ने एक चेतावनी भी दी है कि अगर सभी देशों को एआई विकास के समान अवसर नहीं मिले, तो वैश्विक स्तर पर असमानता और बढ़ सकती है। ऐसे में भारत का उदाहरण दिखाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

**नर्मदा किनारे अवैध शराब बिक्री का मामला**

# प्रभारी मंत्री ने जोड़े हाथ, बोले- मैं नहीं पीता, मुझे कुछ नहीं पता

**जागरण, नर्मदापुरम।** नर्मदा नदी के किनारे बिक रही अवैध शराब को लेकर जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के पीडब्लूडी मंत्री राकेश सिंह हाथ जोड़ने नजर आए। अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के सवालों पर हाथ जोड़ते हुए नर्मदापुरम प्रभारी मंत्री ने कहा मैं पीता नहीं हूं, इसलिए मुझे कुछ पता नहीं। वहीं जिले के अधिकांश मुद्दों को भी प्रभारी मंत्री जानकारी लेने का कहकर टाल गए।



प्रभारी मंत्री सिंह रविवार को सरकार की दो साल की उपलब्धियों पर मीडिया से चर्चा कर रहे थे। चर्चा के दौरान मीडिया ने जिले में अवैध शराब बिक्री का मुद्दा उठाया। असल में नर्मदा नदी के किनारे 5 किलोमीटर के दायरे में शराब प्रतिबंधित है। प्रभारी मंत्री ने जैसे ही कहा कि मैं पीता नहीं हूं। मंच पर मौजूद राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा भी मुस्कुरा दिए। हालांकि अवैध शराब का मुद्दा सामने आते ही प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर-एसपी को निर्देश दिए कि अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। जहां की शिकायतें आ रही हैं, वहां तुरंत सख्त कार्रवाई करें। लाइसेंस के अलावा कहीं भी शराब नहीं बिकना चाहिए।

**विकसित देशों में भी है 90 डिग्री एफओबी:** वहीं भोपाल में 90 डिग्री के ब्रिज के सवाल पर मंत्री सिंह ने कहा कि सुनी-सुनाई बातें लोगों के ध्यान में तत्काल आ जाती हैं। भोपाल का वह फ्लाईओवर 90 डिग्री का है ही नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से 118 डिग्री का है। प्रभारी मंत्री ने 90 डिग्री होना कोई बुराई नहीं है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# जेल मैनुअल में निःशक्तों के लिए सुविधाएं हों

*जेल नियमावली (मैनुअल्स) में निःशक्तता-संबंधी सुविधाएं जरूरी बनायी जानी चाहिए। भारत के सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते जेलों में निःशक्तता-संबंधी मदद मुहैया कराने के जो निर्देश दिये वो एक याचिका की उपज थे, जिसमें जी.एन. साईबाबा और स्टेन स्वामी के अनुभवों का इस्तेमाल करते हुए मौजूदा निःशक्तता कानून को बंदीघरों में लागू करने की मांग की गयी थी। दोनों व्यक्ति गंभीर शारीरिक दिक्कतों से ग्रस्त थे और उन्होंने कुछ सुविधाओं की मांग की थी जिससे कि वे जेल जीवन का सामना कर पाते; लेकिन राज्य ने इसमें देरी की या मना कर दिया, जिसके गंभीर नतीजे हुए। कैदियों के लिए समानता और सम्मान के साथ जीवन की संवैधानिक गारंटियों के साथ मेल बिठाते हुए, 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016' सरकारों के लिए यह जरूरी बनाता है कि वे अपने अधीन सभी सेवाओं के लिए निःशक्तता-संबंधी मदद सुनिश्चित करें। हालांकि, इस अधिनियम के क्रियान्वयन में कई नाकामियां ढांचागत हैं- जेल एक राज्य विषय है, वहीं केंद्र सरकार मॉडल जेल मैनुअल, कानूनों और परामर्शों के जरिए नीति को आकार देती है। निःशक्तताओं वाले कैदियों के बारे में हालिया राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों ने विशेष आवश्यकताओं को माना और उनकी पहुंच संभव हो सकने वाले बुनियादी ढांचे व प्रक्रियाओं का आह्वान किया, जबकि कई राज्यों के जेल मैनुअलों में किसी कैदी के शारीरिक सक्षम होने को लेकर अब भी पुरानी धारणाएं ही नजर आती हैं। एक अलहदा मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में जाति-आधारित विभाजन को असंवैधानिक ठहराया है और स्वतः पहल करते हुए कहा कि वह जाति, लिंग और निःशक्तता के आधार पर कैदियों से भेदभाव पर नजर रखेगा।*

*औपनिवेशिक और उत्तर-औपनिवेशिक जेल नियमों में सामाजिक पदानुक्रमों को समाहित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप साफ-सफाई का काम दलित और आदिवासी कैदियों का, जिनकी कैदियों के बीच नुमाइंदगी अपनी आबादी की तुलना में कहीं अधिक है, नियमित कार्यभार हो गया, और चलने-फिरने या बगैर मदद शौच सुविधाओं का इस्तेमाल करने में अक्षम कैदियों की सहायता के लिए जेल अधिकारियों पर कोई निर्दिष्ट जिम्मेदारी नहीं है। एनसीआरबी ने मानसिक बीमारी वाले कैदियों की एक ठीकठाक तादाद दर्ज की है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने निःशक्तता के अनुसार अलग-अलग आंकड़े नहीं देने के लिए पहले ही निंदा की थी- मुरुगनंतम मामले (2025) में, जो नये आदेश को राष्ट्रव्यापी विस्तार प्रदान करता है। पर यह मान लेना वाजिब है कि कई कैदी जातीय पक्षपात और निःशक्तता दोनों का दंश अनुभव करते हैं। फिर भी, जेल के नियमों और निगरानी तंत्रों ने इस विचार को बार-बार सामान्य बनाया है कि कुछ लोगों द्वारा झेली जा रही परेशानी सजा का हिस्सा है, न कि ऐसी चीज जिसे राज्य को रोकने की जरूरत है। नये आदेश के बाद से, केंद्र और राज्यों को निःशक्तता-संबंधी सुविधाओं के बारे में कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से शामिल करने, और दाखिले के समय ही निःशक्तता की पहचान और व्यक्तियों की मदद करने के लिए जेल मैनुअलों में संशोधन की जरूरत है। इन उपायों के लिए ज्यादा धन की जरूरत है, जिसका मतलब है कि राज्य को अपनी उस कारावासीय तंगहाली से भी टकराना होगा, जिसमें वह जेलों की दंडात्मक और सुरक्षा क्षमता का विस्तार करने की एवज में अधिकारों की सुनिश्चितता से पल्ला झाड़ लेता है। जेल बजट को नये सिरे से डिजाइन करना होगा ताकि सुविधाओं तक पहुंच और भेदभाव से मुक्ति मुख्य जिम्मेदारियां बनायी जा सकें। अंत में, स्वतंत्र निरीक्षणों और जेलों के भीतर जाति व निश्शक्तता पर अलग-अलग किये हुए आंकड़ों के नियमित प्रकाशन से जन निगरानी में सहयोग किया जाना चाहिए, नहीं तो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश कागजी शेर ही बने रहेंगे।*

# डिजिटल संरचना को सुरक्षित बनाने का महत्वपूर्ण कदम

**डिजिटल सुरक्षा**

**प्रभात सिन्हा**



> डीपफेक तकनीक के तहत ऑडियो, वीडियो या फोटो के क्षेत्र में ऐसी सिंथेटिक सामग्री तैयार होती है, जिसे देखकर आम आदमी ही नहीं, विशेषज्ञ भी भ्रमित हो जाते हैं। इसमें व्यक्ति की आवाज, चेहरे के भाव और बोलने का तरीका- सब कुछ वास्तविक प्रतीत होता है। प्रस्तावित कानून न केवल देश की डिजिटल संरचना को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इसे विश्व स्तर पर डीपफेक नियंत्रण के नीति निर्माण की प्रक्रिया में भारत की मजबूत उपस्थिति के रूप में भी देखा जा रहा है।

तेजी से बदलते तकनीकी संसार में आज बड़ा प्रश्न सिर्फ यह नहीं है कि तकनीक के क्या फायदे हैं, बल्कि यह भी है कि इसके क्या नुकसान हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के विकास ने चिकित्सा, शिक्षा, शोध और शासन के क्षेत्र में चमत्कारिक संभावनाओं को जन्म दिया है, तो इसने एक ऐसा खतरा भी उत्पन्न किया है जो वास्तविकता और झूठ के बीच की दीवार को लगभग गिरा चुका है। यह खतरा है डीपफेक तकनीक।

इसी गंभीर चुनौती को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों लोकसभा में शिवसेना सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे ने ऐतिहासिक विधेयक डीपफेक विनियमन बिल, 2024 पेश किया। यह प्रस्तावित कानून न केवल देश की डिजिटल संरचना को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इसे विश्व स्तर पर डीपफेक नियंत्रण के नीति निर्माण की प्रक्रिया में भारत की मजबूत उपस्थिति के रूप में भी देखा जा रहा है।

डीपफेक तकनीक के तहत ऑडियो, वीडियो या फोटो के क्षेत्र में ऐसी सिंथेटिक सामग्री तैयार होती है, जिसे देखकर आम आदमी ही नहीं, विशेषज्ञ भी भ्रमित हो जाते हैं। इसमें व्यक्ति की आवाज, चेहरे के भाव और बोलने का तरीका- सब कुछ वास्तविक प्रतीत होता है। डीपफेक में सोशल मीडिया से व्यक्ति की तस्वीरें ली जाती हैं और जेनरेटिव एडवर्सेरियल नेटवर्क तकनीक से नकली सामग्री तैयार की जाती है। डीपफेसलैब, डीपस्वैप और जाओ जैसे कई सॉफ्टवेयर कुछ ही घंटों में आज डीपफेक वीडियो बना सकते हैं।

एक ऐसा एआई आधारित वीडियो एडिटिंग टूल है, जो डीप लर्निंग एल्गोरिद्म की मदद से किसी व्यक्ति के चेहरे या आवाज को दूसरे वीडियो पर हूबहू फिट कर देता है। इससे वह वीडियो असली जैसा लगता है, जबकि वह पूरी तरह से नकली होता है। यह तकनीक खासतौर पर जीएएन का उपयोग करती है, जिसमें एक एआई मॉडल फर्जी सामग्री बनाता है और दूसरा उसकी वास्तविकता की जांच करता है।

हालांकि कुछ मायनों में इसके लाभ भी हैं। डीपफेक तकनीक ने फिल्म और मीडिया में क्रांति ला दी है। जिससे फिल्मों में मर चुके कलाकारों को वापस लाना या पुराने दृश्यों को नई तकनीक से दिखाना अब संभव हो गया है। इतिहास के महान नेताओं की डीपफेक वीडियो से छात्रों को इंटरैक्टिव और प्रभावशाली शिक्षा मिल रही है। अब विज्ञापन या कॉर्पोरेट ट्रेनिंग में आसानी से व्यक्तिगत टच जोड़ा जा सकता है — कम लागत और समय में। इस तकनीक से एक ही व्यक्ति को अलग-अलग भाषाओं में बोलते दिखाना संभव हो गया है, जिससे ग्लोबल कम्युनिकेशन आसान हुआ है।

दूसरी ओर इसके दुरुपयोग से कई समस्याएं भी सामने आई हैं। चुनावों में डीपफेक का उपयोग कर कई नेताओं के नकली वीडियो वायरल हुए, जिससे जनता को गुमराह किया गया। अभिनेत्रियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के अश्लील वीडियो बनाकर उनकी छवि खराब करने के कई मामले सामने आए हैं। आम लोगों के चेहरे और आवाज का उपयोग कर फर्जी कॉल, वीडियो या अश्लील क्लिप बना कर धमकाया जा रहा है।

यह तकनीक फिल्म पुनर्निर्माण, शिक्षा और शोध में उपयोगी साबित हो सकती है, पर इसका दुरुपयोग खतरनाक है। मसलन, राजनीतिक प्रोपेगेंडा, अफवाह, मानहानि, साइबर अपराध, और महिलाओं के खिलाफ डिजिटल यौन हिंसा में इसका दुरुपयोग किया जाता है। चिंताजनक है कि 96 प्रतिशत डीपफेक वीडियो अश्लील सामग्री के होते हैं, और इनमें से अधिकांश में महिलाओं को निशाना बनाया जाता है। विदेशी शक्तियां प्रोपेगेंडा फैलाने और सामाजिक विभाजन बढ़ाने के लिए इसका दुरुपयोग कर सकती हैं।

संसद में जो डीपफेक विनियमन विधेयक पेश किया गया है, उसमें कई प्रावधान किये गये हैं, जैसे सहमति की अनिवार्यता-यानी किसी व्यक्ति की छवि, आवाज या वीडियो का उपयोग करने से पहले पूर्वलिखित अनुमति अनिवार्य होगी। डिजिटल वॉटरमार्क-एआइ से बनायी गयी सभी सामग्री पर अनिवार्य लेबलिंग होगी। वाटरमार्क कंटेंट के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से में दिखना चाहिए। राष्ट्रीय डीपफेक टास्क फोर्स- डीपफेक की पहचान, रोकथाम और नयी तकनीकें विकसित करने के लिए विशेष टास्क फोर्स के गठन की बात है। कठोर दंड- दुर्भावनापूर्ण इरादे से डीपफेक बनाने पर कठोर सजा होगी। चुनाव के समय या महिलाओं के खिलाफ अश्लील डीपफेक बनाने पर विशेष रूप से सख्त कार्रवाई होगी। डिजिटल साक्षरता अभियान-व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को डीपफेक की पहचान करने के तरीके सिखाये जायेंगे। सोशल मीडिया की जिम्मेदारी-प्लेटफॉर्म्स को 36 घंटे में आपत्तिजनक डीपफेक हटाना होगा। गंभीर मामलों में यह समयसीमा 24 घंटे होगी। डीपफेक अपराधों की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि इनमें से अधिकांश सामग्री सीमापार सर्वरों, विदेशी तकनीकी प्लेटफॉर्मों और डार्क वेब जैसे गुप्त नेटवर्कों के जरिये प्रसारित होती है, जहां पहचान छिपाना आसान और कार्रवाई करना लगभग असंभव जैसा हो जाता है। स्पष्ट तौर पर डीपफेक पहचान की तकनीक 100 प्रतिशत सटीक नहीं है। हजारों ज्ञात और अज्ञात प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी रखना व्यावहारिक रूप से कठिन है। सोशल मीडिया कंपनियों को समय रहते अवैध कंटेंट हटाने, सत्यापन और रिपोर्टिंग के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करना होगा।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय तेजी से डीपफेक से होने वाले नुकसान को रोकने के लिये कानून और नीतियों को मजबूत कर रहा है। यूरोपीय संघ ने एआइ एक्ट के तहत सख्त पारदर्शिता नियम, मशीन-पठनीय लेबलिंग और करोड़ों यूरो के दंड का प्रावधान किया है। ब्रिटेन ने ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट लागू कर अंतरंग डीपफेक पर सीधे आपराधिक मुकदमे की राह खोल दी है, जबकि अमेरिका में टेक इट डाउन एक्ट और राज्य स्तरीय कानून राजनीतिक, अश्लील और धोखाधड़ी आधारित डीपफेक को तत्काल हटाने और सजा की व्यवस्था लागू कर रहे हैं।

कनाडा जागरूकता अभियानों के साथ कानूनी ढांचा सुदृढ़ कर रहा है, वहीं डेनमार्क और चीन सहमति-आधारित उपयोग, पहचान सत्यापन और सोशल मीडिया जिम्मेदारी पर जोर देकर सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। पर केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है। लोगों को डिजिटल दुनिया में सच और भ्रम के बीच का फर्क बताना होगा, इसी उद्देश्य से स्कूलों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाना, महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा कार्यक्रम और चुनावी अवधि में संदेहास्पद सामग्री पहचानने के प्रशिक्षण जैसे कदम अनिवार्य हो जाते हैं। छात्रों, आम जनता और डिजिटल उपयोगकर्ताओं को यह सिखाना होगा कि डीपफेक की पहचान कभी-कभी छोटी-छोटी विसंगतियों, जैसे पलक झपकने के अप्राकृतिक पैटर्न, चेहरे के हावभाव और आवाज के मेल न खाने, या होंठों की गतियों में असंतुलन से भी की जा सकती है। डीपफेक विनियमन बिल केवल एक विधेयक नहीं, डिजिटल भारत का नैतिक संविधान बन सकता है। यह आधुनिक तकनीक के लाभों को अपनाते हुए उसके दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का प्रयास है। विधेयक सुनिश्चित करेगा कि यह यात्रा पारदर्शी और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ आगे बढ़े। नागरिकों को भी जिम्मेदार बनना होगा। संदिग्ध वीडियो को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने, डीपफेक का पता चलते ही तुरंत रिपोर्ट करने और अपने परिवार व दोस्तों को शिक्षित करने की जरूरत है। डिजिटल युग में सत्य-असत्य के बीच की लड़ाई तेज हो गयी है। पर यदि हम जागरूक रहें, कानून का पालन और एक-दूसरे की मदद करें, तो इस चुनौती से निपट सकते हैं। डीपफेक तकनीक एक दोहरी तलवार है। यह जहां एक ओर रचनात्मकता, तकनीकी प्रगति और संचार के नए दरवाज़े खोलती है, वहीं दूसरी ओर इसके दुरुपयोग से सामाजिक, नैतिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। इसलिए ज़रूरत है कि आम जनता भी सतर्क रहे, सोशल मीडिया पर कोई भी वीडियो बिना पुष्टि शेयर न करे, और सरकारें इस पर सख्त नियम बनाएँ। तभी हम डीपफेक को एक उपयोगी और नियंत्रित उपकरण बना सकते हैं, न कि एक डिजिटल विनाश का हथियार।

# चीन की मौजूदगी का मुकाबला करने पर नौसेना का फोकस

**भारतीय नौसेना**

**डॉ एलएस यादव**



> वर्तमान में पाकिस्तान और चीन की रक्षा तैयारियों को देखते हुए भारतीय नौसेना को अत्यंत आक्रामक बनाया जा रहा है। हिन्द महासागर क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नौसेना का मुख्य फोकस रणनीतिक रूप से चीन की बढ़ती मौजूदगी का मुकाबला करने पर है। भारतीय नौसेना समुद्री मार्गों की सुरक्षा के साथ-साथ समुद्री डकैती और अन्य आपात स्थितियों में कार्रवाई करके अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है।

वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना के विध्वंसक आईएनएस राजपूत ने 3 दिसम्बर, 1971 को देर रात विशाखापट्टनम के पास गाजी पनडुब्बी पर हमला करके उसे डुबो दिया। इसमें सभी सवार पाकिस्तानी नौसैनिक मारे गए। इसके अगले दिन 4 दिसम्बर, 1971 की रात को ऑपरेशन ट्राइडेंट शुरू किया गया। इस अभियान में भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के कराची नौसैनिक अड्डे पर आक्रमण करके उसे नष्ट कर दिया। इसमें भी अनेक पाकिस्तानी नौसैनिकों की जानें चली गईं, लेकिन भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस युद्ध की समाप्ति के बाद अगले वर्ष मई, 1972 में वरिष्ठ नौसेना अधिकारी सम्मेलन हुआ, जिसमें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना की उपलब्धियों को मान्यता प्रदान की गई।

उसके बाद से भारतीय नौसेना की युद्धक तैयारियां लगातार जारी हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी नौसेना ने अपनी युद्धक तैयारियों को प्रदर्शित करते हुए त्वरित तैयारी, आक्रामक युद्धाभ्यास और हथियारों के सटीक उपयोग के साथ पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों के भीतर ही सीमित कर दिया था। उत्तरी हिन्द महासागर में 'कैरियर बैटल ग्रुप' की मौजूदगी ने दबाव बनाकर यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तानी नौसेना अपने तट के समीप या अपने बंदरगाहों के भीतर ही बनी रहे। 'कैरियर बैटल ग्रुप' वह नौसैनिक समूह है जिसमें एक या उससे अधिक विमानवाहक पोत के साथ-साथ अन्य विध्वंसक युद्धपोत, फ्रिगेट और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। आज भी भारतीय नौसेना समुद्री मार्गों की सुरक्षा के साथ-साथ समुद्री डकैती और अन्य आपात स्थितियों में कार्रवाई करके अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है।

नौसेना की मुख्य संरचना तीन कमांड मुख्यालयों में विभाजित है। इनमें पूर्वी नौसेना कमांड का मुख्यालय विशाखापट्टनम में है और यह बंगाल की खाड़ी में संचालन का नियंत्रण करती है। दूसरी पश्चिमी नौसेना कमांड का मुख्यालय मुम्बई में है और यह अरब सागर में संचालन का नियंत्रण करती है, और तीसरी दक्षिणी नौसेना कमांड का मुख्यालय कोच्चि में है और यह प्रशिक्षण व तकनीकी कार्यों का संचालन व नियंत्रण करती है। वर्तमान में पाकिस्तान और चीन की रक्षा तैयारियों को देखते हुए भारतीय नौसेना को अत्यंत आक्रामक बनाया जा रहा है। हिन्द महासागर क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नौसेना का मुख्य फोकस रणनीतिक रूप से चीन की बढ़ती मौजूदगी का मुकाबला करने पर है।

भारत की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के संदर्भ में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने चार नवम्बर, 2025 को कहा था कि नौसेना में हर 40 दिन में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके बल का लक्ष्य सन 2035 तक 200 से अधिक युद्धपोतों और पनडुब्बियों का संचालन करना है। वर्तमान में भारतीय नौसेना तकरीबन 145 युद्धपोतों और पनडुब्बियों का संचालन कर रही है। भारतीय नौसेना में मानवरहित नौका शामिल की जा रही हैं। इसका नाम मातंगी रखा गया है। इन नौकाओं से नौसेना की निगरानी क्षमता काफी बढ़ जाएगी। इन नौकाओं का निर्माण स्वदेशी कंपनी सागर डिफेंस कर रही है। अभी चार बोट शीघ्र मिलने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसी कुल 12 बोट बनाई जा रही हैं। ये नौकाएं 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं तथा इन्हें सेटेलाइट से संचालित किया जा सकता है।

भारतीय नौसेना ने समुद्री डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसी स्मार्ट तकनीक के परीक्षण में सफलता हासिल कर ली है। बीते दिनों नौसेना के कमांडर्स सम्मेलन में वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने बताया कि नौसेना की स्मार्ट तकनीक का परीक्षण सफल रहा है। इस परीक्षण में एक मॉडिफाइड जहाज पर 15,000 से ज्यादा सेंसर और एक कंप्यूटिंग नोड लगाए गए थे। लगभग दो वर्षों तक अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में इसके परीक्षणों के बाद अब अगले वर्ष से बनाए जाने वाले प्रत्येक युद्धपोत, फ्रिगेट्स और डेस्ट्रायर में यह तकनीक लगी होगी।

अंतरिक्ष से भी अब भारतीय नौसेना दुश्मन की हर हरकत पर नजर रख सकेगी। इसके लिए इसरो ने 2 नवम्बर, 2025 को भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) कम्युनिकेशन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह उपग्रह नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस्ड उपग्रह है। इसकी मदद से नौसेना को समुद्र में बेहतर संचार सुविधा और समुद्री क्षेत्र की निगरानी में बड़ी मदद मिलेगी।

समंदर में भारत की ताकत बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक युद्ध क्षमताओं से लैस स्वदेशी युद्धपोत तारागिरी को 28 नवम्बर, 2025 को मुम्बई स्थित मझगांव डाक शिप बिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। प्रोजेक्ट-17ए श्रेणी के युद्धपोतों में पी-17 शिवालिक श्रेणी की तुलना में अत्याधुनिक हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए गए हैं। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, एमएफएसटीएआर राडार, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, रॉकेट और तारपीडो शामिल हैं। इससे पहले स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस माहे 24 नवम्बर, 2025 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया।

भारत का तीसरा स्वदेशी सर्वेक्षण पोत आईएनएस 'इक्षक' बीते 6 नवम्बर को भारतीय नौसेना में शामिल हो चुका है। अब भारतीय नौसेना के पास तीन ऐसे जहाज हो गए हैं। इससे पहले 'संध्याक' और 'निर्देशक' पिछले वर्ष नौसेना को मिल गए थे।

## प्रसंगवश

# महिलाओं पर हिंसा के मामलों में अमीर देश भी पीछे नहीं

**ऋतु सारस्वत**

> संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट ने विकसित देशों में महिलाओं की असुरक्षा का खुलासा किया है। 2024 में 50,000 महिलाओं की हत्या उनके अंतरंग साथी या परिवार के सदस्यों ने की। घरेलू तनाव, पितृसत्तात्मक दबाव और कमजोर कानून इसके प्रमुख कारण हैं, जो महिलाओं को हिंसा का शिकार बनाते हैं।

हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट ने उस सच की परतें खोल दी हैं जिसे आर्थिक उन्नति की चकाचौंध में बड़ी ही सजगता से छुपा कर रखने का प्रयास किया जाता रहा है। अमूमन यह विश्वास किया जाता है कि विकसित देश महिलाओं के आत्मसम्मान और सुरक्षा को लेकर बेहद सजग हैं। परंतु यूएन की रिपोर्ट इस मिथक से पर्दा उठाती है।

संयुक्त राष्ट्र के ड्रग्स और अपराध कार्यालय व विमिन द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक विकसित देशों में भी महिलाएं अपने घर में सुरक्षित नहीं हैं, चाहे बात अमेरिका की हो या फिर यूरोपीय देशों की। रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2024 में 50,000 महिलाओं और लड़कियों की उसके अंतरंग साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी वजह घरेलू तनाव, पितृसत्तात्मक दबाव, आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता के साथ ही कई देशों में कमजोर कानून और धीमी न्याय प्रक्रिया भी है।

किसी रिश्ते में हिंसा का उभरना अमूमन भावनात्मक शोषण से शुरू होता है। फिर वित्तीय शोषण और उसके बाद शारीरिक शोषण जैसे अधिक नियंत्रणकारी व्यवहारों में वह बदलता है। ऐसे में अक्सर शारीरिक शोषण की नौबत आने तक जीवन पूरी तरह उलझ चुका होता है। घर, बच्चे और वित्तीय मामले इस तरह से जुड़ जाते हैं कि इसे आसानी से छोड़ना मुश्किल हो जाता है।

यह सोच दुनिया भर में गहरी पैठ बनाए हुए है कि पुरुष प्रोवाइडर (प्रदाता) होते हैं और महिलाएं उनकी संपत्ति होती हैं। इसलिए विवाहित होने पर, महिलाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने पति की आज्ञा मानें, उनकी इच्छा के अनुसार कार्य करें और समान निर्णय लेने का प्रयास न करें। यदि वे इन मानदंडों का उल्लंघन करती हैं, तो दंड के तौर पर उन्हें शारीरिक हिंसा झेलनी पड़ सकती है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अमूमन या तो व्यक्तिगत मुद्दा करार दिया जाता है या कुछ बुरे पुरुषों के व्यवहार के रूप में देखा जाता है। हालांकि यह एक व्यापक, सामूहिक, सामाजिक समस्या है, जिसकी जड़ें मर्दानगी को केंद्र में रखकर बनाए गए सामाजिक मानदंडों में निहित हैं। सामाजिक रूप से निर्मित ये धारणाएं महिलाओं का ही व्यवहार निश्चित नहीं करतीं, ये पुरुषों को भी कथित मर्दाने स्वभाव को अपनाने के लिए बचपन से ही तैयार करती हैं।

जहरीली मर्दानगी की यह पाठशाला निरंतर इस तथ्य को स्थापित करती रहती है कि स्त्रियों पर नियंत्रण के लिए शारीरिक दंड आवश्यक है। मर्दानगी की इन सामाजिक कसौटियों पर खरा उतरने का दबाव लड़कों और पुरुषों पर होता है और यह हिंसात्मक व्यवहार को कम नहीं होने देता चाहे विकास की कितनी ही इबारतें लिखी जाएं।



## ॥गीता॥



**श्लोक**

**ये मे मतमिदं नित्यमनुतिष्ठन्ति मानवाः।**
**श्रद्धावन्तोऽनसूयन्तो मुच्यन्ते तेऽपि कर्मभिः॥**

**भावार्थ**

जो कोई मनुष्य दोषदृष्टि से रहित और श्रद्धायुक्त होकर मेरे इस मत का सदा अनुसरण करते हैं, वे भी सम्पूर्ण कर्मों से छूट जाते हैं।

## जीवन दर्शन

# एक ही अस्तित्व के दो रूप हैं आत्मा और परमात्मा

ऋग्वेद में बड़े दिलचस्प तरीके से बताया गया है कि किस तरह आपकी आत्मा जुड़ी हुई है ईश्वर से ऋग्वेद में आत्मा और परमात्मा के बीच के संबंधों की व्याख्या बड़े ही रोचक तरीके से की गयी है। इस व्याख्या से आत्मा (जीवात्मा) और परमात्मा (ईश्वर), दोनों को व्यापक रूप से समझने का अवसर मिलता है और आप ये भी जान पाते हैं कि एक आत्मा के रूप में आप इस संसार में क्या कर रहे हैं।

वेदों में आत्मा और परमात्मा के बीच संबंध को समझाया गया है, जिसमें जीवात्मा भोग-विलास में लिप्त है जबकि परमात्मा केवल साक्षी है। मोक्ष की प्राप्ति के लिए आत्मा को परमात्मा की शरण में जाना आवश्यक है, जिससे वह संसार के मोहजाल से मुक्त हो सके। वेद, हिन्दू धर्म और अध्यात्म का आधार है। इसमें आत्मा के अस्तित्व से लेकर ईश्वर तक की व्याख्या मिलती है। वेदों के माध्यम से हम न केवल एक आत्मा के रूप में खुद को समझ पाते हैं, बल्कि इस उस ब्रह्म को भी समझ पाते हैं, जिसके कारण हर चीज का अस्तित्व है। ऋग्वेद का श्लोक 'द्वा सुपर्णा सयुजा सखायासमानं वृक्षं परिषस्वजाते' आत्मा और परमात्मा के एकत्व को दर्शाता है। यह श्लोक बताता है कि आत्मा और परमात्मा एक ही अस्तित्व के दो रूप हैं, और केवल माया का पर्दा उन्हें अलग दिखाता है।

इस श्लोक का अर्थ है कि दो सुंदर पक्षी, जो घनिष्ठ मित्र हैं, एक ही वृक्ष पर साथ-साथ बैठे हैं। इसमें एक पक्षी को जीवात्मा बताया गया है जो संसार का फल (भोग-विलास) खा रहा यानि सुख भोग रहा, माया में उलझा है और दूसरा पक्षी परमात्मा है, जो केवल साक्षी रूप में देख रहा है, वह भोग नहीं करता बल्कि वह निष्क्रिय है। अगर इस श्लोक को ठीक से समझने की कोशिश करें, तो यह श्लोक कह रहा कि आत्मा के पास सीमित ज्ञान है, जिस कारण वह भोग में आसक्त होती है। जबकि परमात्मा सर्वज्ञ है, वह साक्षी रूप में उपस्थित रहता है और निर्लिप्त होता है। जीवात्मा बार-बार सांसारिक सुख-दुख का स्वाद चखता है, जबकि परमात्मा उसी शरीर में रहते हुए भी केवल साक्षी रहता है, निष्पक्ष और शांत। यहाँ दोनों को एक समान बताया गया है, दोनों मित्र हैं, दोनों के पास चेतना है, लेकिन परमात्मा की स्थिति उच्चतर है क्योंकि वह संसार की नश्वरता समझता है और उसकी भौतिकता में उलझता नहीं। यह श्लोक हमें यह भी समझाता है कि आत्मा और परमात्मा अलग नहीं हैं। वे एक ही अस्तित्व के दो रूप हैं। ये अलग बात है कि आत्मा को यह बात हमेशा याद नहीं रहती, लेकिन ईश्वर इसे कभी नहीं भूलते। छांदोग्य उपनिषद् के अनुसार, जीव और ब्रह्म में कोई भेद नहीं है। यह केवल माया का पर्दा है जो भेद का भ्रम देता है।ऋग्वेद में यह भी कहा गया है कि परमात्मा ही सृष्टि का मूल कारण है। आत्मा उसका ही एक अंश है, जो शरीर में जन्म-मरण के चक्र में बंधा रहता है। आत्मा का मोक्ष तभी संभव है जब आत्मा, परमात्मा की शरण में जाती है। जब आत्मा परमात्मा की ओर लौटती है, तो वह संसार के मोहजाल से मुक्त होकर सच्चे आनंद की ओर बढ़ती है। इस श्लोक का सन्देश यह भी है कि परमात्मा हमारे ही भीतर स्थित है। जब हम उसकी ओर ध्यान करते हैं, तब संसार के भोगों से ऊपर उठकर वास्तविक शांति और मोक्ष की ओर अग्रसर हो सकते हैं। जीव को जब यह अनुभूति होती है कि वह अकेला नहीं है और भीतर एक शाश्वत साक्षी मौजूद है, तब उसका जीवन आध्यात्मिक रूप से रूपांतरित हो जाता है।

**चंदा कुमारी**

# कुहांसा साफ, 22 को रीवा से इंदौर के लिए उड़ान भरेगा इंडिगो का विमान

## उप मुख्यमंत्री ने की भव्य शुभारंभ की तैयारियों की समीक्षा

## शेड्यूल जारी, पहले दिन की उड़ान की सभी सीटें फुल



### यह है रीवा-इंदौर का शेड्यूल

फ्लाइट नंबर 6 ई 7363 (इंदौर से रीवा)
प्रस्थान (इंदौर से रीवा)- सुबह 11:30 बजे
आगमन (रीवा)- दोपहर 1:15 बजे
फ्लाइट नंबर 6 ई 7364 (रीवा से इंदौर)
प्रस्थान (रीवा से इंदौर)- दोपहर 1:35 बजे
आगमन (इंदौर)- दोपहर 3:25 बजे
कुल समय- लगभग 1 घंटा 50 मिनट

**जागरण, रीवा।** रीवा से इंदौर हवाई उड़ान का रास्ता साफ हो गया है। कुहांसे छट गए हैं। पूर्व निर्धारित तिथि 22 दिसंबर को इंडिगों एयर लाइंस का विमान रीवा से इंदौर के लिए उड़ान भरेगा। इंडिगो एयर लाइंस ने शेड्यूल भी जारी कर दिया है। शुभारंभ के दिन 22 दिसंबर को सभी सीटें फुल हो चुकी हैं। इससे साबित होता है कि रीवा-इंदौर नियमित हवाई सेवा के लिए लोगों में कितना उत्साह है। इसके साथ ही अब रीवा एयरपोर्ट से प्रतिदिन रीवा से इंदौर और रीवा से भोपाल के लिए नियमित उड़ान व रीवा से दिल्ली के लिए सप्ताह में तीन दिन हवाई सेवा का लाभ विंध्यवासियों को मिल सकेगा। रीवा में हवाई सेवा के विस्तार के लिए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का प्रयास से विंध्य देश के प्रमुख नगरों से सीधा जुड़ गया है। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को रीवा-इंदौर हवाई सेवा के शुभारंभ समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारिक जानकारी अनुसार रीवा से इंदौर के लिये सीधी विमान सेवा 22 दिसंबर से प्रारंभ होगी। इंडिगो एयरलाइन्स का विमान रीवा एयरपोर्ट से इंदौर के लिये 22 दिसंबर को रवाना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट पहुंचकर भव्य शुभारंभ की तैयारियों का जायजा लिया तथा एयरपोर्ट एवं इंडिगो एयरलाइन्स के दिल्ली एवं मुंबई से आये अधिकारियों से व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं संचालन के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा से इंदौर हवाई सेवा विन्ध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नईगति देगा तथा विकास, व्यापार और पर्यटन के अवसरों को सशक्त बनाएगा। इससे विन्ध्य क्षेत्र के इंदौर में निवासरत हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इंदौर विमानतल से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस हवाई सेवा से विन्ध्य क्षेत्र के सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज आदि क्षेत्रों के नागरिकों को व्यापार, व्यवसाय के साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा में सुविधा भी मिलेगी। इस अवसर पर रीवा एयरपोर्ट एवं इंडिगो के अधिकारी उपस्थित रहे।




# रात से छाया कोहरा, दिन भर रहा कायम



**जागरण, रीवा।** शहर सहित समीपस्थ क्षेत्रों में शनिवार रात से छाया कोहरा रविवार दिनभर कायम रहा, रविवार सुबह कोहरा इतना घना था कि सामने से आ रहा वाहन तक दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे के कारण सूर्यनारायण के दर्शन नहीं हुए दोपहर करीब 12 बजे सूर्यनारायण प्रकट हुए, तब तक लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। कोई अलाव जलाकर ठंड भगाने का प्रयास करता रहा तो कोई दोपहर बाद धूप सेंकने निकल आया। किन्तु कोहरे के चलते धूप भी इतनी तेज नहीं थी कि लोग अधिक देर तक रुकें, कुछ देर धूप में टहलने के बाद लोग फिर से अपने घरों में बंद हो गए। वातावरण में दिनभर ठिठुरन बनी रही, दोपहर में भी शहर में कोहरे का असर दिखाई दिया, वहीं शाम होते ही कोहरा फिर बढ़ता गया। और ठंड का असर भी बढ़ गया। रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा, कोहरे का देखते हुए आगामी समय में तापमान और नीचे आने की संभावना है।

# विशाल शुक्ला संभागीय आईटी सेल प्रभारी नियुक्त



**जागरण, रीवा।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश आईटी सेल बाबूलाल विश्वकर्मा ने मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्रसिंह, संयुक्त प्रदेश महामंत्री डॉ. कृष्ण राज सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, संभाग के संगठन प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, संभाग अध्यक्ष लक्ष्मण गर्ग, संभाग सचिव डॉ. गोविन्द्र नारायण श्रीवास्तव की सहमति से जिले के विशाल शुक्ला को रीवा संभाग का आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति पर संभाग कमिश्नर बीएस जामोद, विधि विशेष मप्र निर्वाचन आयोग प्रदीप शुक्ला, पुलिस अधिकारी दीपक शुक्ला, सीईओ आनंद शुक्ला, एडीटर विजय शंकर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर सुधीर बेक, जेडी नीरव दीक्षित, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा, सहायक संचालक राजेश मिश्रा, प्राचार्य वरुणेन्द्र सिंह चौहान, राजकुमार सिंह, सुनील गौतम, दीपेंद्र सिंह, हरिवंश बाजपेयी सहित समस्त जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक व साथी कर्मचारियों ने बधाई दी।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन मनायेगा पेंशनर्स दिवस

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि पूर्व परंपरा अनुसार पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर 2025 को 10:30 बजे से संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में पेंशनर्स दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.एस. जामोद कमिश्नर रीवा संभाग रीवा होंगे तथा अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएन पयासी उप प्रान्ताध्यक्ष एवं देवीचरण शर्मा अध्यक्ष सीधी, श्रीस पाण्डेय अध्यक्ष सतना, कर्दम ऋषी अध्यक्ष मऊगंज, पी.सी. गुप्ता अध्यक्ष शहडोल, शम्भू प्रसाद शर्मा अध्यक्ष अनूपपुर, राजेन्द्र पाण्डेय अध्यक्ष उमरिया, पी.पी. पाण्डेय अध्यक्ष मैहर होंगे। कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 35 पेंशनरों का सम्मान जायेगा। श्री तिवारी ने जिले के सभी पेंशनर्स साथियों को कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है।

## रीवा पहुंचे एक्टर सूद की उपमुख्यमंत्री ने की सराहना, कहा

# भुलाया नहीं जा सकता मानवतावादी कार्य, सोनू ने कहा दुआओं से ही मिली जिंदगी को रफ्तार

## रेवा फिल्म फेस्टो का हुआ समापन कला-एवं संस्कृति के बिखरे रंग

जागरण, रीवा



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मानवता के लिए सोनू सूद द्वारा किया गया कार्य भुलाया नहीं जा सकता है। कोरोना काल में सोनू सूद ने हजारों-हजारों लोगों को मदद की। उन्होंने रीवा के लोगों को उनके घर पहुंचाने का कार्य किया। हमें सोनू सूद द्वारा किये गये कार्यों पर गर्व है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रेवा फिल्म फेस्टो-2025 के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। राजकपूर की 101वीं जयंती पर कृष्णाराजकपूर ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय रेवा फिल्म फेस्टो-2025 के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अभिनेता सोनू सूद का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रीवा के लोग रिश्ता बनाना ही नहीं रिश्ता निभाना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में जब रीवा, सीधी, मऊगंज एवं हनुमना के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में फंस गये थे और जीवन मरण के लिये संघर्ष करते रहे थे तब मैंने एक ट्वीट किया था और सोनू सूद ने तीन बसों की व्यवस्था कर लोगों को उनके घर तक पहुंचाने का कार्य किया। सोनू सूद द्वारा किये गये कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने हर मदद चाहने वाले लोगों की आगे बढ़कर मदद की इसी का परिणाम है कि आज सोनू सूद सभी के दिल में बसते हैं। सोनू सूद जी की लोकप्रियता इतनी है कि हजारों-हजारों की संख्या में लोग आडिटोरियम के अंदर तथा बाहर खड़े हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डेज सोसायटी द्वारा राजकपूर जी की जयंती पर किया गया आयोजन अविस्मणीय रहेगा। राजकपूर ऑडिटोरियम कलाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बन गया है जहां कलाकार आत्मा भरने का कार्य कर रहे हैं। समापन अवसर पर विधायक दिव्यराज सिंह, विधायक नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में स्थानीय लोग एवं युवा उपस्थित रहे।



### रीवावासी सौभाग्यशाली हैं

इस अवसर पर अभिनेता सोनू सूद ने कहा कि लोगों की दुआओं से ही जिंदगी को रफ्तार मिलती है। उप मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना काल में किये गये ट्वीट ने मुझे रीवा के लोगों को उनके घर तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। रीवा वासी सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उप मुख्यमंत्री जैसा विजनरी सोचवाला व्यक्ति मिला है। सोनू सूद ने कहा कि रीवा से मेरा दिल से संबंध जुड़ गया है और यह हमेशा हमेशा तक कायम रहेगा और मैं हर समय उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर हॉलीवुड रसियन अभिनेत्री एलीना ने सोनू सूद की मानवता की प्रशंसा की तथा बताया कि राजकपूर जी रूस में बहुत ही लोकप्रिय हैं। कार्यक्रम में रीवा की धरती से जुड़े अभिनेता अर्जुन द्विवेदी ने कहा कि आयोजन समिति बधाई की पात्र है जिन्होंने बहुत सारे कलाकारों को एक मंच पर इक्ट्ठा किया। इससे पूर्व कलाकारों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में पूजा चोपड़ा, विन्ध्या तिवारी, पारूल भटनागर, स्नेहल आचार्य, मान्या सिंह, शांतनु शुक्ला, अविनाश सिंह परिवार तथा हास्य कलाकार रोहित प्यारे ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे।

## एपीएसयू का दीक्षांत समारोह के दो दिन शेष

# रिहर्सल के पहले दिन कुलगुरु ने छात्रों को सिखाया उपाधि लेने का तरीका



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। रविवार को पूर्वाभ्यास शुरू किया गया। विश्वविद्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में डिग्री वितरण की रिहर्सल कराई गई। विश्वविद्यालय में आगामी 17 दिसंबर को 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजित डिग्री वितरण अभ्यास कुलगुरु एवं कुलसचिव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी समितियों के संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही जिन विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान की जानी है, वे भी सभागार में मौजूद रहे। कुलगुरु स्वयं मंच पर उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को बार-बार समझाते हुए दिखाई दिए कि मंच पर किस प्रकार आना है तथा किस क्रम में डिग्री ग्रहण करनी है, ताकि समारोह के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। कुलगुरु ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के प्रति उनका व्यवहार सदैव सहयोगात्मक, संवेदनशील और सकारात्मक होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कुलगुरु ने स्वयं अपने आचरण से इन निर्देशों को व्यवहार में उतारते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया। कुलगुरु के रूप में उनका यह सरल, सहयोगी और प्रेरणादायी स्वभाव विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है और इससे विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति एवं आचरण को नई दिशा मिल रही है।

### दो दिन चलेगा अभ्यास

बता दें कि अभी आज और कल दो दिन पूर्वाभ्यास चलेगा, जिसमें कार्यक्रम के तरह की आयोजन होगा, जिसमें छात्रों को कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बता दें कि उपाधियों के लिए विवि ने नाम तय कर लिए हैं। पीएचडी उपाधि के लिए भी अभी तक 51 छात्रों के नाम पर मुहर लग चुकी है, हालांकि रविवार के दिन कुछ और भी आवेदन पीएचडी उपाधि के लिए आए हैं। विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हैं।

### लगातार की जा रही समीक्षा

कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया द्वारा सभी गठित समितियों के कार्यों का पुनः समीक्षा की गई। इस आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कुल 25 समितियों का गठन किया गया है, जो अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में जुटी हुई हैं। रविवार को विवि परिसर में कुलगुरु व कुलसचिव सहित समितियों के पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया और विस्तृत जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।

# बिछिया में चलाया गया आप का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान




**रीवा।** बिछिया में जगन्नाथ मंदिर के बगल में आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम और जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ई. दीपक सिंह ने मुस्लिम समाज अपने हक और पहचान की लड़ाई निरन्तर लड़ा है। कहाकि भाजपा कांग्रेस दोनो इनकी उपेक्षा कर रहा है। कहाकि आम आदमी पार्टी मुसलिम समाज की हर लड़ाई लडेगी। कहा कि बिछिया तकिया में पानी की समस्या व्याप्त है,पानी को लेकर हाहाकार मचा है कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश कार्यसमित सदस्य भक्तराज सिंह रहे, आयोजन मोहम्मद शमीम नूर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्णानंद तिवारी, शुभ्रांशु द्विवेदी, हफीज भाई, जुगनू भाई, वीरेंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह, मोहम्मद शमीम नूर खान, मोहम्मद शरीफ, आरपी सोधिया अन्य सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

# बच्चों का साइकिल स्टंट देखकर रोमांचित हो उठा जनसमूह

## अटल पार्क में आयोजित हैप्पी स्ट्रीट का धमाल, हर उम्र के लोगों ने लिया भरपूर आनंद

## जुंबा, पारंपरिक खेलों से लेकर साइकिल स्टंट तक, हैप्पी स्ट्रीट ने बिखेरी खुशियाँ



**जागरण, रीवा।** शहर के अटल पार्क में आयोजित हैप्पी स्ट्रीट में पुराने पारंपरिक खेलों को देखकर कई बुंजुर्गो को अपने बचपन की यादें ताजा हो गईं। अपने बचपन के जमाने के पारंपरिक खेलों के प्रति बच्चों में उत्साह देखकर वे रोमांचित हो उठे। निगमायुक्त डॉ सौरभ सोनवणे के निर्देश पर रीवा नगर निगम द्वारा यह नवाचार प्रारंभ किया गया है। इसके प्रति हर आयु के लोग महीने के दूसरे रविवार को होने वाले हैप्पी स्ट्रीट भाग लेने आते हैं। शहर में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जुंबा, बोरा रेस, लेमन रेस, रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर रेस, टायर रेस, साइकिल स्टंट, ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ-साथ फन रन, स्किपिंग (रस्सी कूद), हॉप्सकॉच, बैलेंस गेम और योग आधारित गतिविधियों ने प्रतिभागियों एवं दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों द्वारा किए गए साइकिल स्टंट कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे। साइकिल के माध्यम से बच्चों के खतरनाक करतब देखकर उपस्थित जनसमूह रोमांचित हो उठा। खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पारंपरिक एवं बचपन के खेलों को पुनर्जीवित करने का सफल प्रयास किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आनंददायक अनुभव साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के समापन पर नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में सकारात्मक वातावरण निर्मित करते हैं। इसके साथ ही नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में बहादुर फिजिकल अकादमी, केंद्रीय विद्यालय, सेंट्रल अकादमी, गीतांजलि पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के छात्रों, स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं आईईसी टीम भी उपस्थित रही।

# रामार्चा पूजा से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है : सनकादिक महाराज



**रीवा।** अनन्त श्री विभूषित,पूज्य पाद, यज्ञ पुरुष, रामांशी श्री सनकादिक महाराज जी श्री धाम चित्रकूट के संरक्षण में 13 से 21 दिसम्बर 2025 स्थान परशुराम आश्रम इटौरा बाय पास रीवा में भव्य श्री रामार्चा पूजा, प्रवचन एवं भंडारा का शुभारंभ हुआ। श्री सन कादिक महाराज जी ने भक्तों को आर्शीवाद देते हुए बताया कि रामार्चा पूजा में भगवान श्री राम उनके परिवार और उनके चार अवतारों सहित 33 कोटि देवी देवताओं एवं उन सभी की पूजा होती है जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभू श्री राम की रावण से युद्ध में मदद किया था। रामार्चा पूजा श्रद्धावान होकर करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है एवं कुल की वृद्धि तथा संतान आज्ञाकारी और कुलभूषण होती है। श्रद्धालु जनों ने श्री रामार्चा पूजा महायज्ञ में भाग ले श्री सन कादिक महराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त अवसर पर पंडित राजकुमार सिंह तिवारी, दिवाकर प्रसाद मिश्रा, स्वामी जी कौशल ओझा, अतुल तिवारी, बच्चन तिवारी, शिवाय तिवारी, श्लेश ओझा, शैलेश शुक्ला, सुभाष पांडेय सचिन पांडे आदि सैकड़ों श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# बेसहारा कुत्ते-बिल्लियों को मिले नये पालनहार

## नगर निगम रीवा, अन्नशेष वेलफेयर सोसायटी व ब्लैक डॉग संस्था के संयुक्त प्रयास से हुआ एडॉप्शन



**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर एक और नवाचार करते हुए शहर के बेसहारा कुत्ते, बिल्लियों के लिए नये पालनहार खोज कर उनकी व्यवस्था की गई। पशु प्रेमियों ने इन बेसहारा पशुओं को पालने की जिम्मेदारी लेते हुए उन्हे आश्रय प्रदान किया गया। नगर निगम रीवा, अन्नशेष वेलफेयर सोसायटी एवं ब्लैक डॉग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अटल पार्क रीवा में पेट एडॉप्शन कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित हुआ। इस दौरान नगर निगम रीवा अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे, एडीएम सतना शैलेन्द्र सिंह तथा स्वयंसेवी संस्था के स्वयं सेवक एवं बड़ी संख्या में पशुप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बेसहारा कुत्तों एवं बिल्लियों को सुरक्षित, प्रेमपूर्ण एवं स्थायी आश्रय उपलब्ध कराना तथा समाज में गोद लेने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इसके साथ ही विभिन्न प्रजाति के खरगोश, बिल्ली और चूहों का प्रदर्शन भी किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गोद लेने से पूर्व इच्छुक परिवारों को पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, स्वच्छता एवं जिम्मेदार पालन-पोषण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। आयोजकों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि गोद लेने की समस्त प्रक्रिया परामर्श एवं आवश्यक सत्यापन उपरांत ही पूर्ण की जाए। इस पेट एडॉप्शन कैंप के माध्यम से कुल 35 कुत्तों, 6 बिल्लियों, 4 खरगोश एवं 9 सफेद चूहों को नए परिवार प्राप्त हुए। कार्यक्रम को रीवा के स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवकों एवं पशु प्रेमियों का सराहनीय सहयोग मिला।

# डभौरा नगर परिषद बहुचर्चित संविलियन भर्ती घोटाले में फर्जी कर्मचारियों को उच्च न्यायालय से मिली राहत

**जागरण, रीवा।** वर्ष 2020 में जिले की नवगठित नगर परिषद डभौरा के गठन के बाद प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (मूल पद राजस्व उप निरीक्षक) के रुप में पदस्थ केएन सिंह एवं पंचायत कालीन कर्मचारियों के संविलियन के नाम पर सगे संबंधियों की भर्ती नियमित पदों पर की गई थी। इनके अतिरिक्त पंचायत सचिवों-सरपंचों के सगे संबंधियों एवं तत्कालीन लेखापाल नंदलाल साकेत के पुत्र व रीवा जिले के कई पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के पुत्रों एवं राजनीतिक रसूख रखने वाले व्यक्तियों सहित 50 कर्मचारियों का अलग-अलग नियमित पदों पर संविलियन किया गया एवं सितंबर 2021 से फरवरी 2023 तक 2 करोड़ रुपए का अनियमित भुगतान वेतन के नाम पर इन कर्मचारियों को किया गया। इनमें से कई कर्मचारी तो ऐसे थे जिन्हें कोई काम किए बिना ही नियमित वेतन का भुगतान किया गया। यह बात भी समझ से परे है कि ग्राम पंचायतों में ऐसे कौन से महत्वपूर्ण पद के कर्मचारी होते होते हैं जिनका संविलियन सीधे राजस्व उप निरीक्षक व सहायक ग्रेड1-2 जैसे पदों पर गई गई जो पदोन्नति एवं भविष्य में सीएमओ के पद पर पदोन्नत होने वाले पद हैं, ये तो नगरीय प्रशासन विभाग ही बेहतर बता सकता है कि जिन पदों पर प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से भर्तियां होती हैं, उनमें सीधे संविलियन करने की शक्ति प्रभारी सीएमओ को कहां से प्राप्त हो गई।

नगरीय प्रशासन विभाग ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की व संविलियन अवैध होने के कारण अनियमित वेतन भुगतान की राशि अधिकारियों से वसूल करने एवं संविलियन को निरस्त करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। किंतु कर्मचारियों द्वारा बड़ी चतुराई से उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष याचिका प्रस्तुत कर जांच के विरुद्ध स्थगन प्राप्त कर लिया गया, जिसे न्यायालय द्वारा वर्तमान में खारिज कर शासन को नियमानुसार कार्यवाही करने की अनुमति प्रदान की गई। यह भी तत्कालीन सीएमओ द्वारा तैयार किए गए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उच्च न्यायालय से वेतन हेतु तात्कालीन राहत कर्मचारियों ने कैसे प्राप्त कर ली? अब देखना यह है कि नगरीय प्रशासन विभाग इस भर्ती घोटाले में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करेगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार संविलियन किए गए कर्मचारियों में तत्कालीन सीएमओ के पुत्र विकास सिंह, पुत्री नेहा सिंह अन्य परिचितों में प्रवीण द्विवेदी का संविलियन भी राजस्व उप निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद पर किया गया एवं भ्रमित करने उनके पते वल्दियत आदि सही नहीं दर्शाए गए। प्रवीण द्विवेदी जो बाद में फर्जी आदेश के तहत नगर परिषद गुढ़ में पदस्थ हुई एवं 1 दिवस हेतु नगर परिषद सेमरिया के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पदों को भी सुशोभित किया, मामले की जानकारी विभाग को होने पर कलेक्टर रीवा द्वारा 2 घंटे में ही दायित्वों से हटाकर कूटरचित दस्तावेजों हेतु जांच बैठा दी गई थी, जिसमें गवाही के लिए आज दिनांक तक परियोजना अधिकारी डूडा रीवा द्वारा प्रवीण द्विवेदी की खोज की जा रही है जो अब तक नहीं मिली। उक्त प्रकरण के संबंध में नगर परिषद डभौरा अध्यक्ष से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग से मार्गदर्शन लेकर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# एजी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

## शासन की योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया

**रीवा।** कृषि महाविद्यालय, रीवा में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा ग्राम में स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान रावे छात्राओं ने ग्राम सभा प्रांगण की सफाई से लेकर स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनवाड़ी परिसर तक व्यापक स्वच्छता कार्य किया। छात्राओं द्वारा झाड़ू लगाकर सफाई की गई तथा विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था कराई गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार-प्रसार किया, जिसमें ग्राम के किसान भाइयों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा योजना में पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित हुए। यह संपूर्ण गतिविधि रावे ग्रुप लीडर वंशिका तिवारी के नेतृत्व में एवं इंचार्ज संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई, जिसमें छात्राएं इशिका, अनुराधा, सुमन, सिद्धि, महिमा, आंचल, ज्योति सहित अन्य छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। ग्रामवासियों ने इस सराहनीय प्रयास के लिए छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी शिक्षित बेटियां ग्राम की शोभा, स्वाभिमान एवं पहचान को सुदृढ़ बनाती हैं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार ग्राम विकास में योगदान देती रहे।



## विवि को नहीं दी गई सूचना, सामने आई प्रशासन की मनमानी

# रामायण पीठ की स्थापना की तैयारी में था एपीएसयू निवाड़ी कलेक्टर ने चलवा दिया चिंहित भूमि में बुलडोजर

### ओरक्षा में श्री रामराजा मंदिर के ठीक बगल में है पौने दो एकड़ जमीन, बिना जानकारी दिए शुरू करा दिया दुकान निर्माण

**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की जमीन पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ही अवैध कब्जा कराए जाने का मामला सामने आया है, ऐसा कहना गलत इसलिए नहीं होगा कि विवि की भूमि पर बिना विवि को सूचना दिए ही कलेक्टर निवाड़ी ने बुलडोजर चलवा दिया। इतना ही नहीं इस भूमि पर मनमानी कब्जा जमाते हुए दुकान निर्माण की तैयारी की जाने लगी। इस भूमि पर विवि प्रबंधन द्वारा रामायण पीठ की स्थापना की जानी है। रामायण पीठ स्थापना का कार्य नववर्ष के साथ ही शुरू किया जाना था लेकिन यहां अवैध कब्जा कर लिया गया। अब विवि प्रबंधन ने इस मामले को लेकर कलेक्टर निवाड़ी को पत्र लिखा है। बताया गया कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की करीब पौने दो एकड़ जमीन निवाड़ी जिले के ओरक्षा में श्री रामराजा मंदिर के समीप स्थित है, ओरछा में भगवान श्रीराम की पूजा राजा के रूप में होती है और विश्वविद्यालय के पास वहां भूमि भी उपलब्ध है। जिससे विवि प्रबंधन यहां रामायण पीठ की स्थापना करने जा रहा है, जिसको लेकर औपचारिकताएं पूरी हो गई है। नव वर्ष के जनवरी माह में ही यहां निर्माण कार्य का श्री गणेश करने की तैयारी में भी विवि प्रबंधन है लेकिन इसी बीच रविवार को जब ओरक्षा में विवि की भूमि पर कलेक्टर निवाड़ी के द्वारा बुलडोजर चलाए जाने की सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। दीक्षांत समारोह की तैयारियों के बीच कलेक्टर निवाड़ी आईएएस जमुना भिड़े को पत्र लिखा है, इसके साथ ही उच्च स्तर पर इसकी जानकारी दी गई है।

**एपीएसयू को नहीं दी कोई सूचना :** बता दें कि कलेक्टर निवाड़ी द्वारा की गई इस कार्यवाही की कोई सूचना एपीएसयू प्रबंधन को नहीं दी गई, न ही कोई पत्र विवि को प्रेसित किया गया। मनमानी बिना किसी सूचना दिए ही कार्यवाही कर दी गई। विवि प्रबंधन की माने तो ओरक्षा में विवि की पौने दो एकड़ जमीन में बाउंड्रीबाल का निर्माण कराया गया था, पूरी जमीन में बाउंड्री बनी हुई है लेकिन इसके बाद भी तोड़फोड़ करते हुए यहां कब्जा जमाने का प्रयास किया गया। हालांकि ऐसा क्यों किया गया इसका स्पष्ट कारण नहीं आया लेकिन चर्चा है कि वहां व्यवसायिक दुकाने बनाने या फिर पर्यटन विभाग को दिए जाने के लिए यह कार्यवाही की गई है। हालांकि विवि प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार से उनकी निजी भूमि पर कोई अधिकार नहीं जमा सकता है, यह पूरी तरह से गलत है।

### अंतरराष्ट्रीय शोध का केंद्र बनेगा रामायण पीठ

अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के साथ एपीएस विश्वविद्यालय पहले ही एमओयू कर चुका है। इसके तहत अयोध्या के संस्थान की सहायता से रीवा में शोध और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। अब तक दो राष्ट्रीय संगोष्ठियां संपन्न हो चुकी हैं, जिनमें 'वनवासी राम' और 'दंडकारण्य में श्रीराम' विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा, एक बड़ी प्रदर्शनी भी रीवा में आयोजित की गई थी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीराम वन गमन पथ के लिए 1450 किलोमीटर लंबा धार्मिक कॉरिडोर तैयार कर रही है। इसमें चित्रकूट, सतना, रीवा, पन्ना, शहडोल, जबलपुर, कटनी, अनूपपुर, विदिशा, होशंगाबाद सहित कई जिले शामिल हैं। इस कॉरिडोर में विभिन्न तीर्थ स्थलों का विकास किया जाएगा। रीवा में रामायण पीठ की स्थापना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र श्रीराम के वन गमन मार्ग का हिस्सा है। इसमें श्रीराम और रामायण से जुड़े हर पहलू पर शोध की व्यवस्था की जाएगी। इससे न केवल शोधार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि यह विंध्य क्षेत्र को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वैश्विक पहचान दिलाने में भी मददगार होगा।

**दीक्षांत के बाद जाएगी टीम :** वहीं विवि प्रबंधन को इस कार्यवाही सूचना मिलते ही कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने इस पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, रविवार को कलेक्टर निवाड़ी से बात भी इस संबंध में की गई व विवि की भूमि पर किसी प्रकार का कोई निर्माण न करने की बात कही गई है। इतना ही नहीं दीक्षांत समारोह के ठीक के बाद कुलगुरु सहित विवि की टीम ओरक्षा जाएगी, जहां इस मामले के हर पहलुओं पर जांच की जाएगी व पत्राचार किया जाएगा।

ओरक्षा में एपीएसयू की पौने दो एकड़ भूमि पर रामायण पीठ की स्थापना की जानी है, जानकारी मिली है कि कलेक्टर निवाड़ी के आदेश पर इस भूमि पर तोड़फोड़ कर निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। यह बिल्कुल गलत है, विवि को सूचना भी इस कार्यवाही के संबंध में नहीं दी गई। मामले को संज्ञान लेकर कार्यवाही की जा रही है, पत्राचार किया गया है।

**डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया**
**कुलगुरु एपीएसयू रीवा**

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन संभागीय सम्मेलन 24 को

**रीवा।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संभागीय अध्यक्ष डॉ अशोक चतुर्वेदी के नेतृत्व में आशुतोष तिवारी के आतिथ्य में बीएनपी स्कूल जेलमार्ग में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश प्रांतीय महासमिति की बैठक 11 जनवरी को शाजापुर मे होने की जानकारी एवं शामिल होने का आह्वान किया गया। रीवा के समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौक में कर्मचारी नेता स्व. शीतला प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि मे पेंशनर एसोसिएशन का संभागीय सम्मेलन की कार्ययोजना तैयार की गई। संभागीय सम्मेलन में मुख्यअतिथि राजेंद्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी इंदौर करेंगे।

सम्मेलन में साठ 60 पेंशनर्स को शाल श्रीफल अभिनंदन पत्र के साथ सम्मानित किया जायेगा। इस सम्मेलन मे पेंशनर्स की स्थानीय समस्याओं एवं प्रादेशिक मांगो पर भी मंत्री जी को अवगत कराया जावेगा। बैठक में सुभाष चंद्र दुबे, रजनीश तिवारी किरण पाण्डेय, राजेंद्र शुक्ला, विद्याकांत तिवारी, रामसुंदर द्विवेदी, उमेश पाण्डेय, अवधराज सिंह तिवारी, सुशील तिवारी, बी एम उपाध्याय, रंगनाथ शर्मा, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, मालती सेन गणेश द्विवेदी, यादवेन्द्र शुक्ला,आशा वर्मा रमेश चतुर्वेदी, रामसलोने शर्मा, सुरेश त्रिपाठी आर.के. शुक्ला डॉ.अब्दुल्लाह खान,एके शर्मा डॉ. आरपी उपाध्याय, डॉ कुशवाहा, लालमणि तिवारी, महेन्द्र वर्मा आदि पेंशनर्स शामिल हुये।

## 8वीं पास के लिए भी आज होगा इंटरव्यू, 35 हजार तक की युवाओं को मिलेगा रोजगार

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# शासकीय कार्य के साथ खेल भी महत्वपूर्णः उप मुख्यमंत्री

### मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग की 34वीं अन्तर्क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**जागरण,रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से सकारात्मक वातावरण के निर्माण के साथ ही भाईचारे की भावना विकसित होती है। खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हैं और हारने के बाद भी जीतने वाले को बधाई देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग की 34वीं अन्तर्क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 6 दिनों तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं। रीवा में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा की पवित्र भूमि में आप सब पधारे हैं। इस भूमि के एक तरफ चित्रकूटधाम तथा दूसरी तरफ माँ विन्ध्यवासनी देवी विराजी हैं। रीवा को बाबा महामृत्युंजय, चिरहुलानाथ एवं रानीतालाब की माँ कालिका का आशीर्वाद है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सोन और बीहर नदी का पानी अविरल रूप से बहता रहता है। बाणसागर बांध के बन जाने से सिंचाई की नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है। अभी 3 लाख एकड़ क्षेत्र में पानी मिल रहा है शीघ्र ही 6 लाख एकड़ में पानी पहुंचने लगेगा और आगामी वर्षों में रीवा एवं मऊगंज जिले के 9 लाख एकड़ क्षेत्र में किसानों को पानी मिलेगा और एक-एक इंच भूमि सिंचित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि सिंचाई विभाग द्वारा ही हो रही है। मुझे खुशी है कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको फिट रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के मेहनत से ही प्रदेश में 54 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले समय में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और प्रदेश का एक-एक इंच भाग सिंचित होगा और मध्यप्रदेश अग्रणी प्रदेश बनेगा। उन्होंने कहा कि रीवा में स्पोर्टस काम्पलेक्स के बन जाने के बाद विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हो रहा है और खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभागों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें से 25 से अधिक विभागीय महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में फुटबाल, क्रिकेट, टेबिलटेनिस, लानटेनिस, शूटबाल, बालीवॉल, कबड्डी, बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स की खेल गतिविधियाँ होंगी। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अभियंता ए.के. डेहरिया, अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी सहित विभागीय अधिकारी व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### यह प्रतियोगिताएं हुईं

रविवार के क्रिकेट मैच में भोपाल विरूद्ध जबलपुर मैच खेला गया जिसमें भोपाल की ओर से प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा ने शानदार बैटिंग की भोपाल ने 180 रन का टारगेट जबलपुर को दिया। फुटबाल में ग्वालियर विरूद्ध जबलपुर मैच खेला गया तथा महिलाओ की टेबल टेनिस खेले गये। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अभियंता सागर आर.पी.एस.कंवर, मुख्य अभियंता आर.डी.अहिरवार, अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी, या.प्र.अधि. शिप्रा शुक्ला, कार्यपालन यंत्री सुचा दुबे, एम.के.धौलपुरे खेल अधिकारी, अधीक्षण यंत्री संकल्प श्रीवास्तव, आयोजक आदित्य सिंह, वरिष्ठ प्रान्तीय उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री अमरदीप त्रिपाठी एवं प्रान्तीय संरक्षक अखिलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## मेरा रीवा नशा मुक्त, स्वच्छ सुंदर रीवा का किया गया आयोजन



**जागरण, रीवा।** मेरा रीवा नशा मुक्त , स्वस्थ सुंदर, सुरक्षित रीवा अभियान के तहत रविवार को तुलसी नगर वार्ड नंबर 10 रीवा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक समाजसेवियों बुद्धिजीवियों शिक्षाविदों, चिकित्सकों तथा गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहायता दर्ज की। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 10 की पार्षद अमिता बीरेंद्र सिंह, डॉ मेजर विभा श्रीवास्तव, सेनि. रजिस्टार डॉ दलप्रताप सिंह तिवारी, एड सतीश पाण्डे, डॉ अमित द्विवेदी मुख्य रूप उपस्थित रहे। जीडीसी प्राचार्य ने कहा कि हम सभी मिलकर एकजुट होकर रीवा को स्वस्थ स्वच्छ और नशा मुक्त अवश्य बनकर रहेंगे। उसमें हम सबके सहभागिता एक शक्तिशाली संबल के रूप में होगी। वहीं पार्षद अमिता बीरेंद्र सिंह ने कहा नशा नाश की जननी है, नशा से घर, परिवार तबाह हो रहे हैं इसलिए हम सभी मातृ शक्तियों और भाई सभी मिलकर रीवा को आदर्श नगर सुंदर नगर बनाने के लिए सभी नशा की आदत को छुड़वाने में अपने अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वाह करना होगा। नशा मुक्त भारत रीवा के ब्रांड एंबेसडर प्राचार्य बीके दीपक तिवारी ने नशा मुक्त बनाने के लिए ज्ञान और योग को महत्वपूर्ण बताया। नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा संभागीय संयोजक बीके प्रकाश द्विवेदी ने कराया। इस अवसर पर वैभव सिंह ,श्रीमती गीता द्विवेदी , भानमती सिंह,शकुंतला सिंह, गीता मिश्रा ,बेला द्विवेदी ,विजय मिश्रा ,सुलेखा मिश्रा, निधि कुशवाहा , उदयभान सिंह केके मिश्रा सहित अनेक बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## स्वयं सेवक संघ की कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रीवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मऊगंज द्वारा शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर आयोजित हुआ युवा मिलन कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहप्रांत प्रचारक श्रवण जी, विभाग कार्यवाह राजेश सिंह पटेल विभाग प्रचारक हरिनारायण एवं जिला प्रचारक नितेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही। श्रवण जी सह प्रान्त प्रचारक मुख्य वक्ता ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने, संस्कारों के साथ अनुशासन पालन एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अनुशासनपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

## घर के अंदर फांसी के फंदे में झूली युवती, कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ी मोहल्ले में घर के अंदर एक युवती ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। बताया गया कि घटना की जानकारी घर में मौजूद परिजनों को नहीं हुई और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन कर घर में हुई घटना की जानकारी दी। 25 साल की युवती के मौत की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के अस्पताल भिजवाया। जानकारी दी गई कि रश्मि लोनिया 27 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला रोजाना की तरह सुबह उठने के बाद रविवार को पानी भरी, चाय पी और फिर कमरे में जाकर फंदे में झूल गई। मृतक युवती के भाई ने बताया कि बहन के पास किसी सत्यम नाम के युवक का फोन आया था, जिससे बात करने के बाद ही बहन ने आत्मघाती कदम उठा लिया। युवक ने युवती द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम के बाद उसके भाई को भी कई बार फोन किया और घटना के बारे में बताया। युवती ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, यह साफ नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर अब कॉल डिटेल से घटना की वजह की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश, भोपाल
0755-2772262
क्रमांक 15794 / 2025-26/भोपाल, दिनांक 08/12/2025

निविदा सूचना

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से *"Selection of Consultant for activities related to state or GOI funded schemes, Breed improvement, management of stray cattle's, Investment promotion & Investment facilitation in the Dairy and Livestock Sector"* under the Department of Animal Husbandry & Dairying, Government of Madhya Pradesh. e-procurement प्रणाली Portal http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | विवरण | निविदा जारी करने का दिनांक | निविदा राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रप्रत्र जमा करने का अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| NIT NO MPDAH 61/2025 | संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से *"Selection of Consultant for activities related to state or GOI funded schemes, Breed improvement, management of stray cattle's, Investment promotion & Investment facilitation in the Dairy and Livestock Sector"* under the Department of Animal Husbandry & Dairying, Government of Madhya Pradesh. ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार का टर्न ओव्हर वर्ष 2024-25 का रूपये 1000.00 लाख होना अनिविार्य है। | 15-12-2025 | 1000+ Processing Fees | रूपये 5.00 लाख की धरोहर राशि ऑनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है। | 05-01-2026 शाम 5:30 तक |

1. निविदा प्रपत्र उपर वर्णित बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य 240 लाख है।
3. निविदा में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में उक्त संशोधन www.mptenders.gov.in. तथा http://www.mpdah.gov.in अपलोड़ किया जाएगा।

G-22714/25

संचालक
पशुपालन एवं डेयरी,मध्यप्रदेश भोपाल

## उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**जागरण, रीवा।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचकर पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती महाराज के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उनके उपचार के संबंध में पूंछतांछ की। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद को बेहतर उपचार के लिये एम्स भोपाल भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश चिकित्सकों को दिये। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर डॉ. वेदांती को एयरलिफ्ट कर भोपाल भेजा गया। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने डॉ. वेदांती को भोपाल रवाना कराया। इस दौरान डीन डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

**भोपाल में नहीं उतर पाया विमान :** पूर्व सांसद वेदांती महाराज का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें भोपाल भेजा गया लेकिन भोपाल में एयर पोर्ट पर एयर एंबुलेंस लैड ही नहीं कर पाया लिहजा फिर रीवा लाना पड़ा। वेदाती महाराज का रीवा संजय गांधी में उपचार चल रहा है।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**मकान किराये से देना है**

शिल्पी उपवन में J4 मकान 2500 वर्ग फिट में बना डुपलेक्स आवासीय, किराये पर देना है।
संपर्कः-9340566353, 9993498532
GM Sir (16/12)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

**कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,**

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
Email. fdsajmp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com, website. www.sanjaytigerreserve.in
क्र./ई-निविदा/2025/7813 सीधी दिनांक 10.12.2025

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिक्षेत्र मोहन में बीट मॉच महुआ आर.एफ. 463 रेलिंग स्टेलनश स्टील निर्माण कार्य रमदहा कुण्ड 100 मीटर के लिये शासकीय कार्यो हेतु वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इस निविदा के लिये दिनांक 15.12.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 29.12.2025 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 30.12.2025 तक रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

G-22721/25

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

**OFFICE OF THE JOINT DIRECTOR, SKILL DEVELOPMENT ZONE REWA**
**INVITATION FOR BIDS**

Sr. No. 2025/Tender/2362 Date: 11/12/2025

The Office of the Joint Director, Skill Development, Rewa Zone, Madhya Pradesh, invites online bids (Two Bid System) from eligible Manufacturers or their Authorized Dealers for the supply of Tools & Equipment (Electricians, Fitter & Solar Technician) for Government Industrial Training Institutes located in Rewa Division, Madhya Pradesh.

1. Details of EMD and Tender Document Fee:

| S. No. | Description | Estimated Tender Value | Earnest Money Deposit (EMD) | Tender Document Fee |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tools & Equipment (Electricians, Fitter & Solar Technician) | 36,00,000/- (Thirty Six Lakhs Only) | ₹108,000/- (Rupees One Lac Eight Thousand only) | ₹2000/- + Applicable Processing Fees (Non-refundable) |

2. Bidders must refer to the e-tender portal [https://www.mptenders.gov.in] (https://www.mptenders.gov.in) for complete tender details and key dates:

| S. No | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Bid Publication Date | 12/12/2025, 09:00 Hrs |
| 2 | Bid Document Download Start | 12/12/2025, 09:00 Hrs |
| 3 | Bid Submission Start | 12/12/2025, 09:00 Hrs |
| 4 | Pre-Bid Meeting | 19/12/2025, 14:00 Hrs at Joint Director Office, Rewa (M.P.) |
| 5 | Bid Submission End | 27/12/2025, 15:00 Hrs |
| 6 | Technical Bid Opening | 29/12/2025, 11:00 Hrs |
| 7 | Financial Bid Opening | To be notified later on the portal |

3 Cost of Tender **{(Rs. 2000/-+Processing fee) Non-refundable}** is to be paid online only on **http:\\www.mptenders.gov.in**
4. The Manufacturers or their Authorized Dealers shall submit their Earnest Money Deposit is On-line to https://www.mptenders.gov.in
5. All Corrigendum/Amendments/Changes if any will only be issued and made available only on **https://www.mptenders.gov.in**

G-22709/25

For queries, contact:
Joint Director,
Skill Development, Rewa Zone, Madhya Pradesh
Phone: 07662 297376| Email: rewajd@gmail.com

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग जिला सिंगरौली (म0प्र0)
email:- piusingrauli@gmail.com ph.no- 07805-297421
एनआईटी नं.-35/2025/केन्द्रीयकृत निविदा /सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./बिल्डिंग/2975 रीवा, दि0 08.12.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

| स.क्र. | टेंडर पोर्टल नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में | अमानत राशि (ईएमडी) (रु.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय ( वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_467340_1 | जिला सिंगरौली (म.प्र.) में लोक निर्माण विभाग (भवन) के अंतर्गत अन्य निर्माणों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्य और रखरखाव / मरम्मत काय का निर्माण (तृतीय आमंत्रण) | सिंगरौली | 99.00 | 99000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1- निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन 10.12.2025 समय 10.00 से दिनांक 26.12.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-22701/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

फोन नं. 07582-220840 ईमेल आईडी. cepwdsagar@mp.nic.in
एनआईटी नं. 36/2025-26/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 04.12.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख.में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_ 462445 _1 | दोनी से गउवा पुरवा मार्ग लं 2.70 कि.मी. एवं मुख्य मार्ग मउमासनिया के पहल धवाड पहुंच मार्ग लं 1.20 कि.मी. कुल लंबाई 3.90 का निर्माण कार्य | छतरपुर | 573.09 | 573090.00 | 20000.00 | 08 माह | प्रथम |
| | 2025_PWDRB_ 466115 _1 | शक्ति की मढिया खजुराहो से रनेहफाल मार्ग लं 13.00 कि.मी. का निर्माण कार्य विघुतीकरण कार्य सहित | छतरपुर | 1882.41 | 1000000.00 | 30000.00 | 14 माह | प्रथम |
| | | | | 2455.50 | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 05.12.2025 समय 17.30 बजे से दिनांक 22.12.2025 .समय 17:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-22693/25

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि.सागर परिक्षेत्र सागर

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम अगले माह जाएंगे दावोस वैश्विक निवेशकों से करेंगे चर्चा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अगले माह स्विट्जरलैंड के दावोस जाएंगे, जहां वे वैश्विक निवेशकों से मध्य प्रदेश में निवेश और विकास के अवसरों पर चर्चा करेंगे। डॉ. यादव विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) के निमंत्रण पर 19 जनवरी को पांच दिवसीय यात्रा पर दावोस जाएंगे। जानकारी के अनुसार वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के आमंत्रण पर डॉ. यादव 19 से 23 जनवरी के बीच दावोस में आयोजित होने वाली मंच की वार्षिक बैठक में भाग लेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री वैश्विक उद्योगपतियों, निवेशकों और नीति निर्धारकों से संवाद करेंगे। इस दौरान मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर, औद्योगिक विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, अधोसंरचना और रोजगार सृजन से जुड़ी योजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री सचिवालय, उद्योग, ऊर्जा, तकनीकी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अधिकारी शामिल रहेंगे। सरकार का उद्देश्य इस दौरे के माध्यम से मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर और मजबूत करना है। सम्मेलन के दौरान संभावित निवेश प्रस्तावों, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक भागीदारी को लेकर अहम बैठकें होने की संभावना है।

### फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा देने नहीं पहुंचे 41 फीसदी विद्यार्थी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने रविवार को फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा आफलाइन आयोजित कराई। परीक्षा दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक रखी गई। एमपीपीएससी ने 67 पदों के लिए करीब 42 हजार 592 उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए, जिसमें से 25 हजार 129 (59 फीसदी) विद्यार्थी ही परीक्षा देने केंद्रों तक पहुंचे। 17 हजार 463 (41 फीसदी) परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

**प्रदेश के चार प्रमुख शहरों में दर्ज हुई 59 फीसदी उपस्थिति**

एमपीपीएससी ने परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 111 केंद्र बनाए थे। इंदौर में 44 केंद्र पर 17 हजार 72 उम्मीदवारों की परीक्षा रखी गई थी। भोपाल में एमवीएम, भोपाल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी, राजीव गांधी कालेज समेत 29 परीक्षा केंद्रों पर 11 हजार 318 उम्मीदवारों को परीक्षा देना थी, जिसमें से 56 फीसदी उम्मीदवार ही परीक्षा देने पहुंचे। एमवीएम की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी ने बताया कि परीक्षा के लिए कालेज में 250 उम्मीदवारों की परीक्षा देने के लिए इंतजाम किए गए थे। इसमें से 137 ही परीक्षा देने के लिए पहुंचे। परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता भी पहुंचा। यहां तक कुछ पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए, ताकि उम्मीदवार परीक्षा में नकल नहीं कर सकें। जबलपुर में 23 केंद्रों पर आठ हजार 960 और ग्वालियर के 15 परीक्षा केंद्रों पर पांच हजार 242 उम्मीदवारों को परीक्षा देना थी। एमपीपीएससी ओएसडी आर पंचभाई ने बताया कि परीक्षा प्रदेश के चार बड़े शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा की निगरानी करने के लिए उड़दनस्ते तैयार किए गए थे।

### आयुष की खाली सीटों को भरने काउंसलिंग का एक और राउंड

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सरकारी व निजी आयुष कॉलेजों में 1100 से ज्यादा सीटें खाली हैं। इनमें बीएएमएस, बीएचएमएस और बीयूएमएस कोर्सेस शामिल हैं। काउंसलिंग के सभी राउंड हो जाने के बाद भी कॉलेजों में सीटें रिक्त रह गईं। इस स्थिति को देखते देखते हुए केंद्र ने काउंसलिंग का एक और चरण शुरू करने की सहमति दे दी है। आयुष संचालनालय द्वारा जो

**प्रदेश के आयुष कॉलेजों में 1100 से ज्यादा सीटें खाली**

शेड्यूल जारी किया गया है उसके मुताबिक 15 दिसंबर को रिक्त सीटों की स्थिति, मेरिट सूची का प्रकाशन व पात्रताधारी अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 16 दिसंबर को च्वाइस फिलिंग, 17 दिसंबर को महाविद्यालयवार मेरिट सूची का प्रकाशन, 18 को कॉलेज स्तर पर रिपोर्टिंग करने तथा रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की मेरिट सूची का प्रकाशन, 19 दिसंबर को महाविद्यालय में सायं सात बजे तक प्रवेश हो सकेंगे। प्रवेशित छात्र 19 दिसंबर को ही सायं 08 बजे तक प्रवेश निरस्त भी करा सकते हैं। प्रदेश में 39 आयुर्वेद, 20 होम्योपैथी व 4 यूनानी समेत 63 आयुष कॉलेज संचालित हैं जहां कुल साढ़े चार हजार लगभग सीटें हैं। इनमें से 1100 के आस पास खाली हैं।

### दिल्ली में शाह से मिले सीएम, 25 को ग्वालियर आएंगे केंद्रीय गृह मंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रविवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मिले। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर ग्वालियर में आयोजित कल्याणकारी कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। शाह ने 25 दिसंबर को ग्वालियर आने का आश्वासन दिया।

**कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर दी बधाई:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि नबीन की अटूट निष्ठा, समर्पण, कार्यकुशलता व व्यापक अनुभव से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नबीन ने भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में संगठन के हर दायित्व को निष्ठा और सफलता से निभाया।

**मध्यप्रदेश उत्सव का समापन:** मप्र भवन में आयोजित मप्र उत्सव का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या में उज्जैन की सुप्रसिद्ध लोक कलाकार हीरामणि वर्मा ने मटकी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। भोपाल की कलाकार क्षमा मालवीय के निर्देशन में नृत्य नाटिका की स्तुति दी गई। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक रूप से गहराई तक प्रभावित किया। नृत्य नाटिका में मां नर्मदा की उद्गम कथा, उनके आध्यात्मिक महत्व तथा देवों, ऋषि-मुनियों एवं भगवान शिव से जुड़े प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया। आवासीय आयुक्त रश्मि अरुण शमी को (मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग को) मोस्ट इन्फॉर्मेटिव श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।

# वन्य जीवों की प्यास बुझाने करोड़ों खर्च, फिर भी सूखते हैं स्रोत

## वन बल प्रमुख ने पत्र लिखकर जताई चिंता, मध्यप्रदेश में पिछले वर्षों में वन जल प्रबंधन पर करोड़ों रुपए खर्च, लेकिन नहीं हुए कोई ठोस काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में वन जल प्रबंधन को लेकर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन बजट की तुलना में जल प्रबंधन के काम नहीं कराए गए। इस पर वन बल प्रमुख ने भी चिंता जताई है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश की अधिकांश नदियों का वन क्षेत्रों से उद्गम होता है। ऐसे में वन क्षेत्र से निकलने वाली इन नदियों के प्रबंधन के लिए छोटे-बड़े नाले, तालाब, नहर, स्टॉप डैम और अन्य जल स्रोतों का प्रबंधन वन विभाग द्वारा ही किया जाता है। इसके लिए सरकार ने कैंपा फंड के तौर पर राशि विभाग को बजट आवंटित किया जाता है।



जानकारों की मानें तो विभाग को प्रदेश सरकार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में कैंपा फंड के रूप में 1038.54 करोड़ वन और वन्यजीव प्रबंधन के लिए स्वीकृत किए हैं, जिसमें 80 प्रतिशत वन प्रबंधन पर और 20 प्रतिशत बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाना था। जानकारों की मानें तो विभाग को इस फंड के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के साथ-साथ वन संरक्षण करना होता है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस बजट पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। अब कुछ ऐसी ही चिंता वन बल प्रमुख वीएन अम्बाडे द्वारा भी जताई गई है। उन्होंने सभी टाइगर रिजर्व और वन अधिकारियों को इसके लिए बकायदा पत्र भी लिखे हैं, जिसमें साफ तौर पर कहा है कि यदि जल प्रबंधन नहीं किया गया, तो नदियों का प्रवाह टूटेगा और नदियां केवल मौसमी यानि कि बरसात के मौसम में ही प्रवाह स्वरूप में रहेगी। उन्होंने कहा कि वन और जल प्रबंधन साथ-साथ होना चाहिए, अगर ऐसा नहीं हुआ तो मानव और वन्यजीवों के बीच इसे लेकर द्वंद्व जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा है कि जल स्रोतों के समुचित प्रबंधन के बिना वन क्षेत्र का प्रबंधन अधूरा है। वन बल प्रमुख ने इस बात पर आश्चर्य जताया है कि वर्तमान में वृक्षारोपण और वन प्रबंधन के दौरान जल प्रबंधन को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है,जबकि यह अत्यंत आवश्यक है। अंबाडे ने अपने पत्र में कहा है कि इस लापरवाही की चलते पहले भी कई नदियां अपना अस्तित्व खोने की स्थिति के करीब पहुंच चुकी हैं। वन बल प्रमुख ने कहा कि जल स्रोत अपने आप में एक जलीय इकोसिस्टम हैं, जहां अधिक जैव विविधता पाई जाती है और इसी पर क्षेत्र के समस्त वन्यजीव निर्भर रहते हैं। उन्होंने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस समस्या को ध्यान में रखते हुए वन क्षेत्रों में जल स्रोतों के प्रबंधन के लिए अलग बजट उपमद बनाया गया है। इससे वन जल प्रबंधन पर बेहतर काम किया जा सकेगा।

### प्यासे जीव निकलते हैं वन से बाहर

विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल से जून माह के बीच जल स्रोतों में पानी कम होने या पूरी तरह से समाप्त होने की स्थिति में वन्य जीव पानी की तलाश में जंगल से बाहर निकलते हैं और समीपी आबादी वाले जल स्रोतों पर निर्भर हो जाते हैं, जिससे कई बार वहां मानव-वन्यजीव द्वंद की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

### जल स्रोतों के प्रबंधन से बढ़ेगा प्रवाह

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वन क्षेत्रों में मौजूद सभी जल स्रोतों का सही प्रबंधन किया जाए तो वन उद्गम नदियों में पानी का प्रवाह बना रहेगा और वन्यजीवों को वर्ष भर जंगल के भीतर पानी मिलेगा।

### कार्यशाला में भी उठा था मुद्दा

इस संबंध में अम्बाडे का चेतावनी भरा पत्र पहला नहीं है। इससे पहले भी यह मुद्दा अधिकारियों के संज्ञान में लाया जा चुका है। सितम्बर माह खजुराहो में जब वेटलैंड मैनेजमेंट को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया था,तब विशेषज्ञों ने भी चिंता जताते हुए कहा था कि विभाग जल स्रोतों के प्रबंधन को प्राथमिकता से नहीं ले रहा है।

### कृत्रिम जल स्रोत भी सूखे

विभागीय अधिकारियों की मानें तो वन्य क्षेत्रों में कई स्थानों पर विभाग द्वारा कृत्रिम रूप से जल स्रोत निर्मित किए गए हैं, ताकि वन्यजीवों को सालभर पानी उपलब्ध कराया जा सके, लेकिन हकीकत यह है कि इन जल स्रोतों का न तो रखरखाव सही ढंग से किया जाता है और न उनके संरक्षण की दिशा में पर्याप्त ध्यान दिया जाता है।

# ब्राह्मण समाज का उग्र प्रदर्शन, सीएम हाउस की ओर कूच करने की कोशिश





### आईएएस संतोष वर्मा पर कार्रवाई की मांग, पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में रविवार को ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी रोशनपुरा चौराहे पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए सीएम हाउस की ओर बढ़ने लगे।

पुलिस द्वारा रोके जाने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई। प्रदर्शन का नेतृत्व ग्वालियर के एडवोकेट अनिल मिश्रा कर रहे थे। प्रदर्शनकारी वर्मा की तत्काल गिरफ्तारी और सेवा से बर्खास्तगी की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी पुलिस घेराबंदी तोड़ते हुए रोशनपुरा से बाणगंगा चौराहे तक पहुंच गए। यहां चार लेयर की बैरिकेडिंग के बावजूद आगे बढ़ने का प्रयास किया गया। पुलिस ने तीन बार चेतावनी दी, लेकिन भीड़ नहीं मानी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन का सहारा लेना पड़ा। इस दौरान धक्का-मुक्की में कई बुजुर्ग और महिलाएं घायल हो गईं, जिन्हें मौके पर मौजूद एम्बुलेंस और मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार दिया। हालात तनावपूर्ण होने पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और प्रदर्शनकारियों को गाड़ियों में भरकर रातीबड़ ले जाया गया, जहां उन्हें तितर-बितर कर प्रदर्शन शांत कराया गया।

# 554 केंद्रों पर 2.07 लाख मतदाताओं की जांच करेंगे कलेक्टर सहित 525 अधिकारी-कर्मचारी

## मंगलवार को भी होगा 2.38 लाख मतदाताओं का फिजिकल वेरिफिकेशन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले की मतदाता सूची में जुड़े 2 लाख 7 हजार 378 ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है या वे दूसरी विधानसभा, शहर या प्रदेश में स्थानांतरित हो गए हैं या डुप्लीकेट एंट्री किसी अन्य मतदान केंद्र पर भी है। इसके अलावा इन्हीं मतदाताओं में जुड़े अनुपस्थित मतदाताओं की जांच करने के लिए सोमवार को कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर व अन्य आला अधिकारियों सहित 525 अधिकारियों का अमला सोमवार से मैदान पर उतरेगा। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी वोटर लिस्ट में दिए गए पते पर जाकर इन मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। पहले दिन जिले के करीब 545 मतदान केंद्रों पर इन मतदाताओं को ढूंढने का अभियान चलाया जाएगा। अधिकारी कर्मचारियों सहित पूरा अमला सुबह 8 बजे से ही अपने-अपने क्षेत्रों में रवाना हो जाएगा। करीब 12 घंटे तक मैदान में रहकर मतदाताओं को ट्रैक करेंगे। इस दौरान मतदाताओं का दरवाजा खटखटाकर उनसे पूछा जाएगा कि उनके घर में कौन कौन हैं और परिवार के सदस्यों का नाम नोट किया जाएगा। इस दौरान अनुपस्थित, शिफ्टेड, डेथ व डुप्लीकेट एंट्री वाले मतदाताओं की जानकारी जुटाई जाएगी। जैसे कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता अब जीवित हैं या नहीं या फिर यदि कोई शिफ्ट हो गया है, तो उसकी जानकारी जुटाकर उसे ऑनलाइन ही ट्रैक किया जाएगा। इसके पहले जिले की सात विधानसभाओं में 7 दिसंबर को इंटेंसिव स्पेशल रिवीजन (एसआईआर) के तहत गणना पत्रकों का 100 प्रतिशत एसआईआर काम पूर्ण कर लिया गया था। लेकिन मतदाता सूची का काम पूरी शुद्धता के साथ करने के लिए अनकलेक्टेबल श्रेणी के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची से इनका नाम काटा जा सके। बता दें कि जिले के 70 फीसदी मतदान केंद्रों पर ऐसे मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है।

**प्रत्येक विधानसभा में चिन्हित भौतिक सत्यापन वाले मतदाता**

| विधानसभा | बूथ संख्या | एएसडीआर सूची |
|---|---|---|
| बैरसिया | 00 | 00 |
| भोपाल उत्तर | 73 | 25442 |
| नरेला | 108 | 38285 |
| दक्षिण-पश्चिम | 75 | 29737 |
| भोपाल मध्य | 76 | 29892 |
| गोविंदपुरा | 15 | 47244 |
| हुजूर | 107 | 36778 |
| कुल | 554 | 2,07,378 |

**21,25,908** भोपाल जिले में मतदाताओं की कुल संख्या

**4,45,682** एएसडीआर की सूची में मतदाताओं की संख्या

**2,07,378** सोमवार को होने वाले मतदाताओं की संख्या

**2,38,304** मंगलवार को होने वाले मतदाताओं की संख्या

### बैरसिया को छोड़ अन्य 6 विधानसभाओं पर फोकस

जिले में एएसडीआर वाले मतदाताओं की संख्या सबसे कम बैरसिया विधानसभा में है। बैरसिया में ऐसे केवल 13131 मतदाता हैं, जबकि अन्य 6 विधानसभाओं में ऐसे मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। सबसे ज्यादा 99654 मतदाता गोविंदपुरा विधानसभा में हैं। ऐसे में इन सभी विधानसभाओं की कॉलोनियों और बस्तियों में एक बार वरिष्ठ अधिकारी दौरा करेंगे और उनके बाद बीएलओ ऐसे मतदाताओं का वेरिफिकेशन करने जाएंगे। बता दें कि इसके पहले भी बीएलओ गणना पत्रक बांटने और भरे हुए गणना पत्रक इकट्ठा करने के लिए मतदाताओं के घर जा चुके हैं। इस प्रकार बीएलओ अब तीसरी बार मतदाताओं के घरों तक जाने वाले हैं।

“ निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें मतदाताओं की जांच करने के लिए दो दिनों तक मतदाताओं के घर-घर जाएंगी। एएसडीआर की सूची में 4 लाख 45 हजार से अधिक मतदाता हैं, जिनकी जांच की जानी है।

■ **भुवन गुप्ता,** उपजिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल

# 380 बच्चों की हुई दिल की जांच 158 की होगी सर्जरी

## 40 फीसदी बच्चों में पाई गई हार्ट डिसीज

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में हृदय रोग जांच के लिए विशेष स्क्रीनिंग कैंप रविवार को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में लगाया गया। भोपाल संभाग के जिलों से आए 380 बच्चों की निशुल्क इको जांच की गई। इनमें से 158 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। इन बच्चों की सर्जरी गुजरात के राजकोट व अहमदाबाद के अस्पतालों में होगी। शिविर एक ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया था। अब ट्रस्ट चिन्हित बच्चों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा। शिविर के दौरान क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक डॉ नीरा चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा, उपसंचालक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ निधि शर्मा, सिविल सर्जन डॉ संजय जैन उपस्थित रहे। शिविर में जांच के लिए लाए गए बच्चों की पूर्व में आरबीएसके टीम द्वारा स्क्रीनिंग की गई थी । इन बच्चों में हृदय रोग की संभावना को देखते हुए इको टेस्ट करवाने के लिए चिन्हित किया गया था।

**आरबीएसके के तहत मुफ्त होगा इलाज**

**कई बीमारियों को कवर करता है प्रोग्राम:** इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ सलोनी सिडाना ने शिविर में आए बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही परिजनों से बात कर शासन की स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में बीमारियों, डिसेबिलिटी, डिफिशिएंसी, विकासात्मक देरी, जन्मजात समस्याओं की शीघ्र पहचान करने में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### फीस मामले की सुनवाई में जबलपुर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, प्राइवेट स्कूलों को मिली राहत

# जिला समिति को फीस तय करने का अधिकार नहीं

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के निजी स्कूलों को जबलपुर हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगल पीठ ने जबलपुर में जिला स्तरीय समिति और स्थानीय प्रशासन द्वारा फीस नियमों के नाम पर जारी किए गए कई सख्त निर्देशों को अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए निरस्त कर दिया है। यह फैसला 2 दिसंबर को पारित किया गया, जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 का मकसद केवल फीस वृद्धि का विनियमन (रेगुलेशन) करना है, न कि स्कूलों के रोजमर्रा के फैसलों में हस्तक्षेप करना। देश में कोर्ट ने लिखा कि जिला समिति को फीस तय करने का अधिकार नहीं है। वह केवल नियमों के अनुसार स्कूल द्वारा प्रस्तावित फीस वृद्धि की जांच कर सकती है।

**जबलपुर जिला प्रशासन के ये आदेश निरस्त :** जबलपुर के कई निजी स्कूलों ने 9 जुलाई 2024 को जिला समिति द्वारा जारी एक आदेश को कोर्ट में चुनौती दी थी। स्कूल प्रबंधन का तर्क था कि जबलपुर के जिला प्रशासन ने ऐसे निर्देश जारी किए थे जो फीस नियमन कानून के दायरे से बाहर थे। इनमें स्कूल यूनिफॉर्म का रंग तय करना, किताबों व स्टेशनरी खरीद की व्यवस्था में हस्तक्षेप करना, स्कूलों की चयन समिति की संरचना में दखल देना शामिल था। स्कूलों ने यह भी आरोप लगाया था कि निर्णय लेने से पहले पक्ष सुना नहीं गया। मामले की सुनवाई कर रही युगलपीठ ने माना कि जिला समिति द्वारा दिए गए कई निर्देश कानून के दायरे से बाहर थे इसलिए उन्हें निरस्त किया जाता है। कोर्ट ने कहा कि स्थानीय प्रशासन का रवैया निजी स्कूलों के प्रति कठोर और विरोधी माहौल जैसा था, जिससे शिक्षा व्यवस्था में अनावशयक तनाव पैदा हुआ।



### जनसुनवाई नियमों के खिलाफ

इस दौरान कोर्ट में बताया गया कि जिस तरह से जिला प्रशासन ने अभिभावकों, छात्र-छात्राओं, प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों को जन-सुनवाई के लिए खुले स्थान पर बुलाया, वह नियमों के खिलाफ था। कोर्ट ने स्वीकार किया कि इसके कारण स्कूल स्टाफ के सार्वजनिक रूप से अपमान जैसी स्थिति बनी जो अनुचित थी। सुनवाई के दौरान अभिभावक संघ ने भी याचिका लगाकर हस्तक्षेप की कोशिश की। कोर्ट ने उसे भी झटका देते हुए कहा कि हस्तक्षेप की अनुमति मांगने वाले संघ के पास न तो पंजीकरण प्रमाणपत्र है, न सदस्यों की सूची और न ही अध्यक्ष की वैधता सिद्ध करने वाले दस्तावेज। कोर्ट ने साफ किया कि केवल पंजीकृत और विधिवत अधिकृत संघ ही मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है।

# चंदिया वन परिक्षेत्र में करंट से बाघ टी-185 की मौत

**जागरण, उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से जुड़े चंदिया वन परिक्षेत्र में नर बाघ की करंट लगने से मौत हो गई। मृत बाघ की पहचान टी-185 के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 8 वर्ष बताई जा रही है। शनिवार को चंदिया वन परिक्षेत्र के आरएफ-10 क्षेत्र में बाघ का शव मिला था। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और इलाके के घेराबंदी की। रविवार को विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ का पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि बाघ की मौत करंट लगने से हुई है। इस घटना के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है और इसे वन्यजीव अपराध मानते हुए जांच तेज कर दी गई है। वन विभाग ने शिकारियों की तलाश के लिए विशेष टीम का गठन किया है। डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया है, जो आसपास के जंगल और संभावित रास्तों पर सर्चिंग कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि अवैध शिकार के इरादे से जंगल में करंट फैलाया गया था, जिसकी चपेट में आकर बाघ की जान चली गई। बताया गया है कि बाघ टी-185 बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली और चंदिया वन परिक्षेत्र में नियमित रूप से विचरण करता था।

**बैठक** — दिल्ली में हुई बैठक में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस के नेता, कहा... निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला

# दिग्विजय ने दिल्ली में रखी एसआईआर की विस्तृत कार्ययोजना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने रविवार को दिल्ली में वोटर लिस्ट सत्यापन (एसआईआर) की आवश्यकता, उसकी प्रक्रिया तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को एसआईआर को लेकर हुई पार्टी की बैठक में नेताओं ने कहा कि देश के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा चुनावी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने आवश्यक कदम उठाने होंगे। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के मूल्यों की सुरक्षा और नागरिकों के मताधिकार को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। बैठक में तय किया गया कि आगामी समय में संगठन के सभी स्तरों पर समन्वय बनाकर वोटर लिस्ट के सत्यापन का कार्य गहनता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाएगा, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके। बैठक में मध्यप्रदेश से यहां के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार , तेलंगाना प्रभारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन , राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश सहप्रभारी चंदन यादव तथा श्रीमती उषा नायडू रूप से उपस्थित रहीं।



### लाड़लियों को अपमानित कर रहे हैं मंत्री: जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंत्री विजय शाह के उस बयान पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने सीएम का सम्मान नहीं करने वाली लाड़ली बहनों की जांच कराने की बात कही है। इस संबंध में पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जिन लाड़ली बहनों का भाजपा को सम्मान करना चाहिए, वहां उन्हें भाजपा के लाड़ले मंत्री अपमानित कर रहे हैं। जीतू ने लिखा कि पहले देश की गौरव कर्नल सोफिया कुरैशी पर ओछी टिप्पणी और अब प्रदेश की माता बहनों को धमकी,यह भाजपा की कुंठित और महिला विरोधी मानसिकता का साफ प्रमाण है। मुख्यमंत्री की चुप्पी इस पूरे अपमान पर मुहर लगाने जैसा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि क्या आपकी पार्टी में महिला अपमान ही आगे बढ़ने का रास्ता बन चुका है। जो मंत्री पहले देश की सेना और अब प्रदेश की करोड़ो बहनों का अपमान कर रहे हैं,उन्हें सरकार में बनें रहने का कोई अधिकार नहीं है। जीतू ने आगे लिखा कि यदि भाजपा में थोड़ी सी शर्म और नैतिकता बची है,तो तुरंत इनका इस्तीफा लेना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायलः हमास के नंबर दो चीफ राएद को मारा

**गाजा, जेएनएन।** गाजा सिटी में इजरायली हमले में हमास के सेकेंड-इन-कमांड राएद सईद की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने शनिवार को यह दावा किया कि उसने गाजा सिटी में एक कार को निशाना बनाकर यह हमला किया। हालांकि, हमास ने अब तक राएद सईद की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। राएद, हमास अल-कासिम ब्रिगेड का प्रमुख कमांडर था। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि सईद हमास के हथियार बनाने वाले नेटवर्क का प्रमुख था और अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमलों की साजिश बनाने वालों में भी शामिल था।

### बाल-बाल बचे विज, काफिले में घुसी कार ने मारी टक्कर

**अंबाला, जेएनएन।** हरियाणा के परिवहन और बिजली मंत्री अनिल विज रविवार को बाल-बाल बच गए। एक वाहन ने उनके सुरक्षा काफिले के बीच घुसकर सीधे उसकी कार को जोरदार टक्कर मारी। यह हादसा पड़ाव क्षेत्र में हुआ है। मंत्री अनिल विज के आगे और पीछे सुरक्षा वाहनों का काफिला चल रहा था, लेकिन एक काले रंग की गाड़ी ने सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए सीधे मंत्री की कार को निशाना बनाया। गनीमत रही कि मंत्री अनिल विज को कोई चोट नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस बीच काफिले में सवार पुलिसकर्मी तुरंत अलर्ट हो गई और कमांडो ने गाड़ी को घेर लिया।

### उत्तर भारत में जानलेवा कोहराः दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में हादसे

# एक्सप्रेसवे पर टकराईं 10 गाड़ियां, 2 की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह कोहरे ने कहर बरपाया। बेहटा मुजावर क्षेत्र में निर्माणाधीन इंटरचेंज के पास एक के बाद एक कर 10 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कंटेनर में स्लीपर बस के पीछे से टकराने से चालक राजस्थान के धौलपुर निवासी 50 वर्षीय जितेंद्र पुत्र केसरीलाल व आसीवन क्षेत्र के रौलिया मोहिद्दीनपुर निवासी 20 वर्षीय रामजी पुत्र सुरेंद्र की मौत हो गई, जबकि रामजी की मां व बस के कंडक्टर हरिओम समेत सात व्यति घायल हो गए। 10 मिनट बाद यूपीडा टीम और 15 मिनट बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को बांगरमऊ व औरास सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लगभग पांच किमी लंबा जाम लग गया। यूपीडा व पुलिस ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाकर आवागमन शुरू कराया। हादसे में टकराकर क्षतिग्रस्त हुई रायबरेली रजिस्ट्रेशन नंबर की कार में एसपी सिटी बुलंदशहर व एसपी सिटी कानपुर देहात के पिता कमलेश चौधरी बैठे थे। वह बाल-बाल बच गए।

बेहटामुजावर क्षेत्र में शादीपुर गांव के पास आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज का निर्माण पिछले डेढ़ माह से चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते लखनऊ से आगरा जाने वाली लेन लगभग डेढ़ किमी तक बंद है। दोनों ओर का यातायात एक ही लेन से निकाला जा रहा है। ठंड के चलते पूरे उत्तर भारत में घना कोहरा पड़ रहा है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मप्र, राजस्थान समेत कई राज्यों में रविवार की सुबह विजिबिलिटी कम थी, जिससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। मथुरा में सुबह से ही कोहरे की चादर छाई रही, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। कोहरे का सबसे ज्यादा असर मथुरा से गुजरने वाले एनएच पर देखने को मिला, जहां वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी हो गई। हाईवे पर चल रहे छोटे और बड़े वाहनों के चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता 20 से 30 मीटर तक सिमट गई, जिसके चलते वाहन चालकों ने सावधानी बरतते हुए अपनी गाड़ियों की स्पीड कम कर दी। वहीं कुछ वाहन चालक तो हाईवे किनारे अपने वाहन खड़े कर कोहरा छंटने का इंतजार करते नजर आए। वहीं एक बाइक के पीछे से टकराने उसके चालक रामजी की भी जान चली गई। बस के कंडक्टर मप्र के मुरैना निवासी हरिओम समेत बस सवार लखनऊ के आलमबाग निवासी शशि, गोरखपुर के एयरफोर्स स्टेशन निवासी धनराज, लखनऊ के कृष्णानगर निवासी जितेंद्र सिंह घायल हो गए।



### नोएडा में आधा दर्जन वाहन आपस में टकराए

घने कोहरे के चलते उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के एनएच-91 पर आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें कई लोग मामूली रूप से चोटिल भी हुए हैं। वहीं, हादसे के चलते हाईवे पर जाम भी लग गया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साइड में हटाकर जाम को खुलवा रही है। हरियाणा के रेवाड़ी में भी कोहरे के चलते सड़क हादसा हो गया, जहां तीन से 4 बस आपस में टकरा गईं। हादसा रविवार सुबह रेवाड़ी के गांव गुरावड़ा के नजदीक हुआ। प्रथम दृष्टया हादसे की वजह कम विजिबिलिटी बताई जा रही है। जानकारी सामने आई है कि एक बस रेवाड़ी से झज्जर की ओर जा रही थी, तभी वह एक अन्य बस से टकरा गई, जबकि 2 अन्य वाहन भी उससे टकरा गए। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक प्राइवेट बस आगे की तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दो रोडवेज बस उसके पीछे टकराकर खड़ी हैं। पुलिस ने बताया कि नेशनल हाईवे 352 डी पर कोहरे के चलते तीन से 4 बस आपस में टकरा गईं। जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों को बसों से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही घायलों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। सोनीपत में केएमपी पर कोहरे का कहर दिखा, जहां करीब एक दर्जन से ज्यादा वाहन आपस में टकरा गए। इसमें 10 से ज्यादा महिलाएं और बच्चे घायल हैं।

### बिहार में एक साथ कई वाहनों की टक्कर

इधर, बिहार के कैमूर जिला रविवार की सुबह घने कोहरे से लिपटा रहा। एनएच-19 पर सभी गाड़ियां रेंगती हुई नजर आईं। मोहनिया थाना क्षेत्र के पटना मोड़ के समीप कुहासे से दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हो गईं। आगे जा रहे ट्रक में पीछे से कार ने टक्कर मार दी। हालांकि, एयरबैग खुलने से कार सवार बाल-बाल बच गए, कार सवार यूपी से बिहार की तरफ आ रहे थे। एक दूसरा पिकअप वाहन घने कुहासे से डिवाइडर पर चढ़ गया। हालांकि, इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।

# दिल्ली-एनसीआर में आउटडोर गेम्स पर रोक, एक्यूआई 497 पर पहुंचा

### डॉक्टर बोले-बाहर कम निकलें, हल्के मास्क पहनें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। एक्यूआई 497 पहुंचने के बाद और सख्ती लागू कर दी गई है। कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि सभी स्कूलों और संस्थानों में बाहर होने वाली खेल गतिविधियों को तुरंत रोका जाए। आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियां जारी रखना बच्चों के लिए 'गंभीर स्वास्थ्य खतरा' साबित हो सकता है। डॉक्टर भी लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अतुल माथुर ने कहा कि लोगों को बाहर कम निकलना चाहिए और हल्के मास्क पहनने चाहिए। आयोग ने कहा कि ग्रैप के सबसे सख्त स्टेज-4 को लागू कर दिया है। इसके तहत दिल्ली-एनसीआर में सभी निर्माण और तोड़फोड़ (कंस्ट्रक्शन-डिमोलिशन) कार्यों पर रोक लगा दी गई है। केवल आवश्यक सेवाओं या जरूरी सामान ढोने वाले ट्रक ही दिल्ली में आ-जा सकेंगे। डॉक्टर बोले-प्रदूषण से धमनियों में सूजन, वायरस का खतरा ज्यादा डॉ. अतुल माथुर के मुताबिक, प्रदूषण में दो हिस्से होते हैं—एक जहरीली गैसें जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, और दूसरा है पार्टिकुलेट मैटर यानी हवा में घुले छोटे-छोटे धूल के कण। उन्होंने बताया कि ये कण शरीर में जाकर धमनियों में सूजन पैदा करते हैं, जिससे हृदय और श्वसन से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यह वह मौसम है जब वायरस भी ज्यादा सक्रिय रहते हैं, ऐसे में यह प्रदूषण और खतरनाक हो जाता है।

**आप के सौरभ भारद्वाज बोले-सीएम एक्यूआई के बारे में नहीं जानतीं :** आप के दिल्ली प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को एक्यूआई के बारे में जानकारी नहीं है और इस समस्या से निपटने का जिम्मा विशेषज्ञों को देना चाहिए।



### 4 राज्यों में सख्ती

सीएक्यूएम ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ स्कूल अभी भी बाहर खेलकूद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के 19 नवंबर के आदेश का उल्लंघन है। आयोग ने सभी स्कूलों, कॉलेजों, खेल संस्थानों और स्थानीय निकायों को ऐसे सभी खेल कार्यक्रम तुरंत रद्द करने और अभिभावकों को जोखिम के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया है।

### द. अफ्रीका में मंदिर ढहा, चार की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन चार मंजिला हिंदू मंदिर ढह गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक भारतीय मूल का व्यक्ति भी शामिल है। यह मंदिर शहर के उत्तर में एक पहाड़ी पर बना है। हादसे के वक्त साइट पर निर्माण मजदूरों के साथ मंदिर से जुड़े लोग भी मौजूद थे। शुरुआत में प्रशासन ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की थी, लेकिन शनिवार को मलबे से दो और शव निकाले जाने के बाद मृतकों की संख्या चार हो गई। मृतकों में 52 वर्षीय विकी जयराज पांडे भी शामिल हैं। वे मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य थे और निर्माण परियोजना के प्रबंधक के रूप में काम कर रहे थे। पिछले करीब दो साल से वे मंदिर के विकास कार्यों से जुड़े हुए थे। उनकी मौत की पुष्टि मंदिर से जुड़ी चैरिटी संस्था 'फूड फॉर लव' के निदेशक संवीर महाराज ने की। मंदिर को गुफा जैसे डिजाइन में विकसित किया जा रहा था।

# पंजाबः बूथ कैप्चरिंग का आरोप आप और कांग्रेस वर्करों में भिड़ंत

**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब में रविवार को जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव के लिए वोटिंग हुई। सुबह 8 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 4 बजे तक चली। दोपहर 2 बजे तक 32 फीसदी वोटिंग हुई है। फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। चुनाव नतीजे 17 दिसंबर को आएंगे। चुनाव के दौरान शिरोमणि अकाली दल ने गिद्दड़बाहा के आप विधायक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों के भाई सनी ढिल्लों पर बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगाए। इसे लेकर निर्वाचन आयोग से शिकायत भी की है। हालांकि विधायक ने आरोप झूठे करार दिए। पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा विंग ने भी बूथ कैप्चरिंग के आरोपों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, बूथ से एजेंटों को निकालकर आधा घंटा वोट डाले गए हैं। बठिंडा में भी आप वर्करों पर अकाली नेता गुरप्रताप सिंह की पिटाई का आरोप



लगा। अमृतसर में राजासांसी के महिमदपुरा में आप और अकाली वर्कर भिड़ गए। इस दौरान कुर्सियों फेंकी गईं और ईंटें चलीं। गुरदासपुर के साधु चक्क में आप और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए। इसमें 3 लोग घायल हुए। वहीं, राजासांसी के गांव महिमदपुरा में आप और अकाली दल वर्कर भिड़ गए। यहां ईंट-पत्थर चले। इसके बाद करीब आधे घंटे वोटिंग रुकी रही। फिरोजपुर के गांव में भी दो पक्षों में पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने जाकर मौका संभाला।

### सबसे बड़ी प्रो-डेमोक्रेसी पार्टी को खत्म करने की वोटिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हांगकांग की सबसे बड़ी प्रो-डेमोक्रेसी पार्टी ने 30 साल से ज्यादा एक्टिविज्म के बाद रविवार को खत्म करने के लिए वोट किया, जिससे चीनी सेमी-ऑटोनॉमस शहर के कभी अलग-अलग तरह के राजनीतिक माहौल के एक दौर का अंत हो गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के चेयरपर्सन लो किन-हेई ने कहा, लगभग 97 फीसदी सदस्यों के वोट इसके खत्म होने के समर्थन में थे और यह इसके सदस्यों के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा, फिर भी जैसे-जैसे समय बदला है, हमें अब, बहुत अफसोस के साथ, इस चैप्टर को खत्म करना होगा। लो ने पहले कहा था कि मौजूदा राजनीतिक हालात और सामाजिक माहौल के आधार पर पार्टी को खत्म करने का फैसला किया गया था, लेकिन पार्टी के पुराने नेताओं ने बताया कि अगर पार्टी बंद नहीं हुई तो कुछ सदस्यों को नतीजे भुगतने की चेतावनी दी गई थी।

### लश्कर कमांडर रउफ की गीदड़भभकी-बोला-दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे

# पाकिस्तान ने भारत को सबक सिखाया, 50 साल तक हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर हाफिज अब्दुल रऊफ ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया है। उसने कहा कि हम दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे। यह वीडियो नवंबर का है, लेकिन अभी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। रऊफ ने कहा, मक्की साहब कहते थे, हम एक दिन दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे और ये होकर रहेगा। गजवा-ए-हिंद होकर रहेगा। हम एक दिन ये निजाम बदल देंगे और इस मुल्क में शरिया की हुकूमत लेकर आएंगे। हम जीती हुई कौम हैं। रऊफ ने दावा किया कि भारतीय वायुसेना पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नहीं करेगी और पाकिस्तान इस्लामी देशों में इकलौती परमाणु शक्ति है। रऊफ ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अगले 50 साल तक पाकिस्तान पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा। वीडियो में



रऊफ ने जिस मक्की का नाम लिया है, वह मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का साला है। पिछले साल दिसंबर में दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। रऊफ, लश्कर सरगना हाफिज सईद का करीबी सहयोगी है। अब्दुल रऊफ पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है। अब्दुल रऊफ 1999 से लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है और फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन का प्रमुख है। आंतकियों के जनाजे में अब्दुर रऊफ के मौजूद होने की बात सामने आने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उसे 'आम आदमी' बताकर बचाने की कोशिश की थी।

### रऊफ बोला-कश्मीर की लड़ाई खत्म नहीं हुई

वीडियो में रऊफ ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कम होने की बातों को खारिज करते हुए कहा कि कश्मीर की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। रऊफ ने चेतावनी दी कि जो लोग इसके उलट सोचते हैं, वे गलत हैं। रऊफ ने लश्कर चीफ हाफिज सईद के साले अब्दुल रहमान मक्की का हवाला देते हुए दावा किया कि हमारा मकसद दिल्ली पर हुकूमत करना है। इसके अलावा रऊफ ने भारत की सैन्य ताकत को कमजोर बताते हुए कहा कि उनके राफेल लड़ाकू विमान, एस-400 मिसाइल सिस्टम और ड्रोन कुछ नहीं कर सकते।

### भारत ने बांग्लादेश के आरोपों को नकारा

# बांग्लादेशी लोगों के खिलाफ भूमि का इस्तेमाल नहीं होने देंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने रविवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया, और कहा कि नई दिल्ली ने पड़ोसी देश में हमेशा आजाद, निष्पक्ष व सबको साथ लेकर चलने वाले चुनावों का समर्थन किया है और कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल बांग्लादेशी लोगों के हितों के खिलाफ कामों के लिए नहीं होने दिया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के एक प्रेस नोट के जवाब में, विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने ऊपर लगे आरोपों को 'पूरी तरह से खारिज' करता है और दोहराया कि उसने कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल बांग्लादेशी लोगों के हितों के खिलाफ कामों के लिए नहीं होने दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने



बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष चुनाव कराने के पक्ष में बात दोहराई है, और कहा कि इस मुद्दे पर नई दिल्ली का रुख बदला नहीं है। यह जवाब बांग्लादेश के हाई कमिश्नर प्रणय वर्मा को फॉरेन मिनिस्ट्री में बुलाने के बाद आया, जिसमें उन्होंने शेख हसीना को बांग्लादेश में 'नेताओं व एक्टिविस्ट्स को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसाने वाले बयान' देने की इजाजत दिए जाने पर 'गहरी चिंता' जताई।

### कनाडा में टारगेटेड अटैक : अज्ञात हमलावरों ने मारी गोली

# पंजाब के 2 भारतीय मूल के युवकों की हत्या

**चंडीगढ़, जेएनएन।** कनाडा के दक्षिण-पूर्व एडमोंटन में एक टारगेटेड अटैक में पंजाब के दो भारतीय मूल के युवकों की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान बरेह गांव के गुरदीप सिंह और पंजाब के मानसा में बुढलाडा के पास उद्दत सैदेवाला गांव के रणबीर सिंह के रूप में हुई है। गुरदीप के परिवार को उसके दोस्त अर्शदीप से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों शुक्रवार तड़के एक दोस्त का जन्मदिन मनाने जा रहे थे, जब उन पर कथित तौर पर गोली चलाई गई। दोनों युवक बेहतर करियर के मौकों की तलाश में अलग-अलग कनाडा चले गए थे।

एडमोंटन पुलिस सर्विस ने कहा कि उनका मानना है कि यह घटना एक टारगेटेड अटैक थी और उन्होंने जांच शुरू कर दी है। एक बयान में ईपीएस ने कहा कि वह दक्षिण-पूर्व एडमोंटन में दो



वयस्क पुरुषों की संदिग्ध मौतों की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के आने तक जान बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पीड़ितों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया, 12 दिसंबर को, लगभग 1.43 बजे अधिकारियों ने 32 स्ट्रीट और 26 एवेन्यू के इलाके में गोलियों की आवाज की खबर पर कार्रवाई की। पहुंचने पर, अधिकारियों ने दो पुरुषों को देखा, जिनकी उम्र 20 साल के आसपास थी और उन्हें गोली लगी थी। अधिकारियों ने जान बचाने की कोशिश की, जब तक ईएमएस नहीं आ गया और उन्होंने देखभाल शुरू नहीं कर दी। दुख की बात है कि दोनों पुरुषों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। ईपीएस होमिसाइड सेक्शन ने जांच अपने हाथ में ले ली है। ऑटोप्सी 16 और 17 दिसंबर को होनी है। बयान में कहा गया, पुलिस एक गहरे रंग की एसयूवी की तलाश कर रही है जो शूटिंग के समय इलाके में रही होगी। इन्वेस्टिगेटर सिल्वरबेरी रोड और 23 एवेन्यू, साथ ही 34 स्ट्रीट और 29 स्ट्रीट के इलाके में रहने वाले किसी भी व्यक्ति से कह रहे हैं, जिसके पास गुरुवार, 11 दिसंबर को दोपहर लगभग 2 बजे से 12 दिसंबर, 2025 को सुबह 2.30 बजे तक का डैश कैमरा या सिक्योरिटी फुटेज हो, कि वह तुरंत पुलिस से संपर्क करे। पुलिस का मानना है कि यह एक टारगेटेड घटना है।

# गाजियाबाद में नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड, 2 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद के लानी में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडोफोड किया है। यह फैक्ट्री तीन महीने पहले शुरू की गई थी। इसके लिए आरोपित गौरव और श्रीराम ने दिल्ली के रहने वाले शौकत अली नाम के व्यक्ति से किराए पर घर लिया था। घर मिलने पर बिजली, पानी के कनेक्शन जैसी बाधाएं दूर हो गईं। दिल्ली क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में पकड़े गए आरोपितों में से गौरव भगत चार साल से लोनी के लक्ष्मी सिटी मीरपुर में पिछले चार साल से रह रहा था। गौरव भगत के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि वह काफी झगड़ालू है। फैक्ट्री से कुछ ही दूरी पर वह चार साल से रह रहा है। कार्रवाई के बाद उसके घर पर भी ताला लगा मिला। लोगों ने बताया कि फैक्ट्री में लोगों को झांकने तक पर वह टोकते थे। लोनी मीरपुर गांव के पास लक्ष्मी सिटी सेकेंड कॉलोनी स्थित खसरा नंबर 754 के 400 गज के मकान में चल नकली दवा बनाने की फैक्ट्री सितंबर में शुरू हुई थी। लोगों ने बताया कि फैक्ट्री से अक्सर मालवाहक वाहनों में दवाएं भरकर जाती थीं। यूपी-दिल्ली समेत कई राज्यों में दवा सप्लाई का अंदेशा लोगों को है। बताया जा रहा है कि मकान मालिक शौकत अली फरार है। फैक्ट्री में उसकी भूमिका की जांच क्राइम ब्रांच ही कर रही है।

### पहले भी पकड़े मामले

- 11 नवंबर को लोनी में करीब ८ करोड़ की नकली दवा पकड़ी गई
- 21 फरवरी 2023 को ट्रोनिका सिटी स्थित एक फैक्ट्री में छापेमारी कर भारी मात्रा में कैंसर की नकली दवा पकड़ी थी।
- 13 नवंबर 2022 को ट्रोनिका सिटी प्लाट नंबर 3/4 सी ८ में छापेमारी कर क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने डॉक्टर, इंजीनियर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

### फैक्ट्री में अंदर से ताला डालकर करते थे काम

कॉलोनी के लोगों ने बताया कि आरोपित गौरव भगत ही फैक्ट्री चला रहा था। सुबह अंदर से ताला लगाकर वह काम करता था। लोग उसे कभी स्कूटी पर तो कभी मालवाहक टैंपो में माल लादते देखते थे। कई बार गौरव खुद भी स्कूटी से माल लेकर जाता दिखता था। मौके से क्राइम ब्रांच ने अलग-अलग कंपनियों की दवा, पैकेजिंग मशीन, रैपर, गत्ते में भरी दवाएं बरामद की हैं। लोनी में इससे पहले भी नकली दवाओं के कुछ मामले सामने आ चुके हैं। दिल्ली से सटा होने के कारण यहां बड़ी मात्रा में अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं। इनमें दवाओं से लेकर अन्य कैमिकल, रंगाई, खाद्य उत्पाद बनाने का काम होता है।

# फिलहाल अधूरी सुविधाओं के साथ दौड़ेगी मेट्रो

### भोपाल मेट्रोः यात्री कम होने पर शुरुआत में एक ही कोच को चलाए जाने पर विचार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में मेट्रो का संचालन शुरू होने में अब केवल 5 दिन ही शेष हैं, लेकिन लंबे इंतजार के बाद शुरू हो रही भोपाल मेट्रो शुरू में आधी अधूरी या बेसिक सुविधाओं के साथ ही चलाई जाएगी।

बाद में जैसे मेट्रो प्रोजेक्ट का विस्तार होता जाएगा। डीपीआर में बताई गई सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। शुरुआत में शहरवासियों को केवल साइकिल डेक, पिक एंड ड्रॉप जैसी बेसिक सुविधा ही मिल सकती है। लेकिन मेट्रो की सुविधा का विस्तार करने के लिए शहर के अन्य परिवहन साधनों को भी मेट्रो के साथ जोड़ा जाना जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मेट्रो का उपयोग कर सकें। मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के तहत एलिवेटेड मेट्रो, आईटीपी, फीडर-बे, पार्किंग, बस-बे जैसी सुविधाएं शामिल हैं। जिन्हें अभी शुरुआती चरण में नहीं दिया जा रहा है। जबकि यही वे सुविधाएं हैं, जो यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक लाती हैं। यदि यही सुविधाएं नहीं मिलेंगी तो शहर के ज्यादातर यात्री मेट्रो की सुविधा का लाभ उठाने से वंचित रह जाएंगे। इन सभी सुविधाओं को मेट्रो प्रोजेक्ट के डीपीआर में शामिल किया गया था। हालांकि इस संबंध में मेट्रो के पदाधिकारियों का कहना है कि एम्स अस्पताल के पास पार्किंग की जगह उपलब्ध हो गई है। जबकि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन व एमपी नगर में पार्किंग के लिए विकल्प देखे जा रहे हैं। इन सभी सुविधाओं के अभाव में शुरुआत में केवल एक रैक के जरिए ही मेट्रो का संचालन शुरू किया जा सकता है। बाद में जैसे जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। रैक की संख्या बढ़ाई जाएगी।



### एक रैक में यात्रा कर सकेंगे 750 यात्री

प्रोजेक्ट के शुरुआती चरण और यात्रियों की सीमित संख्या को देखते हुए शुरुआत में केवल एक ही रैक के साथ मेट्रो का संचालन शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। जैसे जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। बता दें कि तीन डिब्बों के एक रैक में एक बार में 750 यात्री सफर कर सकते हैं। यानी प्रत्येक डिब्बे में 250 से ज्यादा यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होती है। शुरुआत में एक बार में केवल 750 यात्री ही सफर कर सकेंगे, लेकिन जैसे जैसे प्रोजेक्ट व सुविधाओं में विस्तार होगा। रैक की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### फिलहाल यात्रियों को मिलेंगी यह सुविधाएं

मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के आठ स्टेशनों पर यात्रियों को शुरुआती दौर में अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिनमें लिफ्ट, एस्केलेटर, सीढ़ी, एआई सीसीटीवी, कोच में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम, ऑटोमैटिक टिकटिंग, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित स्थान पर स्वचालित दरवाजे, कोच में आपातकालीन संपर्क और आपातकालीन द्वार, पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडरों के लिए विभिन्न शौचालय, जानकारी के लिए डिजिटइल साइन बोर्ड, साइनेज, आडियो अनाउंसमेंट, कस्टममेर केयर सेंटर, साइकिल डेक, ड्राप आफ और पिक पाइंट की सुविधा मिलेगी। बाद में प्रोजेक्ट के विस्तार के साथ कनेक्टिविटी को सुधारने के लिए काम किया जाएगा।

### सर्दियों में मुंह ढंककर सोने से खतरा

सर्दियों में ठंड से बचने और गर्माहट बनाए रखने कई लोग सोते समय रजाई और कंबल से पूरा चेहरा ढक लेते हैं। यह आदत भले ही आरामदायक लगे, लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक यह नींद और सांस दोनों के लिए नुकसानदेह है। बेंगलुरू के स्पर्श हॉस्पिटल में पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शिवराज अज्जी करियप्पाला लक्ष्मण के मुताबिक, चेहरा ढककर सोने से ऑक्सीजन का स्तर 15 से 20 फीसदी तक घट जाता है और फेफड़ों को ऑक्सीजन ग्रहण करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी लगती है। इसका असर नींद की क्वालिटी पर पड़ता है, जिससे नींद बार-बार टूटती है। लंबे समय तक ऐसा करने से सुबह भारीपन, थकान, सिरदर्द और सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ सकती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कई लोग सिर ढककर सोना इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि यह एक तरह की सुरक्षित, घिरी हुई जगह का एहसास देता है। कंबल का वजन और गर्माहट शरीर को शांत करते हैं, जिससे बेचैनी और चिंता कम होती है। साथ ही कंबल रोशनी और हल्की आवाजों को भी रोक देता है, जिससे दिमाग जल्दी रिलैक्स होता है और नींद गहरी आती है।

हेल्थ-वॉच

# एयर इंडिया की बैंगलुरु उड़ान शुरू पहले दिन 176 यात्रियों का आवागमन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** विगत दिनों इंडिगो में क्रू की समस्या को लेकर मची अफरा-तफरी के बाद सरकार ने अन्य एयरलाइंस कम्पनियों की उड़ानें प्रारंभ की हैं। ट्रायल के तौर भोपाल से बैंगलुरु के लिए 5 दिनों के लिए एयर इंडिया की उड़ान को अनुमति दी गई है। जब से एयर इंडिया टाटा में शामिल हुआ है, उसकी यह बैंगलुरु के लिए पहली उड़ान है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार पहले दिन अच्छा रिस्पांस मिला। एयर इंडिया की उड़ान एआई 3391 आज अपराह्न 2.27 बजे राजा भोज विमानतल भोपाल पर पहुंची, जिसमें 38 यात्री सवार थे। इसके पश्चात वापसी की उड़ान एआई 3392 ने 3.05 बजे भोपाल से प्रस्थान किया, जिसमें 138 यात्रियों ने यात्रा की। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए एयर इंडिया द्वारा 14 से 19 दिसम्बर तक विशेष उड़ानों का संचालन किया जा रहा है।

### जेवर व पुणे के लिए जल्द

दिल्ली, हैदराबाद एवं गोवा उड़ानों को रिस्पांस मिलने के बाद एयर इंडिया की बैंगलुरु के लिए शुरू की गई फ्लाइट के बाद जल्द ही एयर इंडिया एक्सप्रेस के अलावा अन्य एयरलाइंस जेवर व पुणे के लिए भोपाल से फ्लाइट शुरू करने पर विचार कर रही हैं। पुणे के लिए रात के तीसरे पहर एक उड़ान है, जबकि दिन में भी लंबे समय से एक अन्य फ्लाइट की मांग की जा रही है। एयर इंडिया दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद एवं बैगलुरु के लिए उड़ानें शुरू कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की मौत के मामले में ठेकेदार पर एफआईआर

**भोपाल।** रातीबड़ पुलिस ने एक युवक की करंट से मौत के मामले में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मर्ग जांच में पुलिस ने पाया कि अकुशल श्रमिक से लापरवाही से काम लिया गया, जिससे उसे करंट लग गया था। पुलिस के मुताबिक, नीलबड़ स्थित बालाजी नगर फेन-वन में सुरेश उपाध्याय के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। मकान निर्माण का ठेका सुरेश ने गणेश प्रजापति को दिया था। बीती 20 अक्टूबर को यहां काम करते समय गुलशन अहिरवार निवासी नाथू बरखेड़ा की करंट लगने से मौत हो गई थी।

### आत्महत्या के कारणों का पता लगाने सर्वे आज से

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ते आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए कैंपस में एक सर्वे कार्य आज से शुरु हो जाएगा। हालांकि अभी तक सूबे के सभी विवि और कॉलेजों ने उक्त मामले के सर्वे के कार्य से दूरी बना रखी थी। उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा कालेज और विवि प्रबंधन के ऐसे व्यवहार पर काफी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सभी विवि और कॉलेजों को पत्र लिखा है कि सोमवार से सर्वेक्षण शुरू करें और इससे दूरी नहीं बनाने के लिए निर्देशित किया है। समय रहते सर्वे कर विवि और कालेज अपनी रिपोर्ट तैयार कर उच्च शिक्षा विभाग के सुपुर्द करेंगे।

### बैगपाइपर बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का समापन

**भोपाल।** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत एवं सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के तत्वावधान में आयोजित बैगपाइपर बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन शौर्य स्मारक में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन से परिपूर्ण बैगपाइपर बैंड की आकर्षक प्रस्तुति के साथ हुआ। मध्यभारत प्रांत के विभिन्न विद्यालयों से आए भैया-बहनों ने उत्कृष्ट समन्वय, अनुशासन एवं संगीतात्मक कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल नारायण परवानी (सेवानिवृत्त, भारतीय सेना) ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, देशभक्ति, नेतृत्व एवं आत्मविश्वास का विकास करती हैं। उन्होंने विद्या भारती द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### विजय दिवस पर लगाया जाएगा रक्तदान शिविर



**भोपाल।** अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर की मध्य प्रदेश यूनिट 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे भोपाल के रवींद्र भवन में देश के शहीदों को याद करने और उनके परिवारों को सम्मान देने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की देखरेख में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव करेंगे। अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि जब देश और समाज अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देता है, तो भारतीय सीमा पर खड़े हमारे सेना के जवान उस पल को याद करके भारत माता की जय के नारे लगाते हैं। आज हम अपने घरों में सुरक्षित हैं क्योंकि सीमा पर तैनात सैनिक हमारी रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री गौर से मुलाकात की और कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति ली। मंत्री कृष्णा गौर ने समिति के सदस्यों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की।

### महिला की अश्लील तस्वीरें रिश्तेदारों को भेजी, केस

**जागरण, भोपाल।** छोलामंदिर थाना क्षेत्र में महिला की फोटो एडिट कर अश्लील तस्वीरें आरोपी ने वायरल कर दी। घटना को उसके पड़ोसी ने अंजाम दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय महिला अपने पति के साथ हरीहर नवजीवन कॉलोनी में रहती है। वह गृहणी है, जबकि उसका पति निजी कंपनी में काम करता है। 28 वर्षीय आरोपी दीपक गौर ट्रक चालक है और उसके पति का दोस्त है। उसका महिला के घर आना-जाना था। इसी दौरान आरोपी ने महिला से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश की और महिला पर पति को छोड़कर अपने साथ चलने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी को समझाइश दी, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

# ऑपरेशन मुस्कान के बावजूद दो महीने में 462 लापता

**केवल 69 नाबालिगों को खोजकर उपलब्धि गिना रही पुलिस** | **1 से 30 नवंबर तक चला था अभियान, नवंबर में गुमशुदगी के 223 मामले**

**संजना मौर्या, भोपाल।** एक तरफ जहां भोपाल पुलिस ऑपरेशन मुस्कान चलाकर नाबालिगों की बरामदगी पर अपनी पीठ थपथपा रही है, वहीं दूसरी तरफ राजधानी में गुमशुदा लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालात ये हैं कि अक्टूबर और नवंबर माह में टोटल 462 लोग लापता हुए हैं। इनमें नवंबर माह में ही 223 केस दर्ज हुए हैं जिनमें सबसे अधिक मामले शहर के मिसरोद, कोलार, छोला मंदिर और निशातपुरा थानों में सामने आए हैं। पुलिस का दावा है कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत नवंबर माह में 69 नाबालिग बालिकाएं और 11 बालकों को खोजा गया। इसके उलट बाकी शिकायतों से पुलिस किनारा करती हुई नजर आ रही है। गुमशुदा लोगों के परिजनों का आरोप है कि पुलिस केवल नाबालिगों को खोजने में ही सक्रियता दिखाती है। ऐसे में गुम हुई महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों की खोजबीन में परिवार के ही लोग जुटे रहते हैं।




**यह है दो महीनों की गुमशुदगी का आंकड़ा**

| श्रेणी | अक्टूबर | नवंबर | कुल मामले |
|---|---|---|---|
| नाबालिग | 61 | 45 | 106 |
| महिलाएं (18+) | 115 | 88 | 203 |
| पुरुष (18+) | 47 | 73 | 120 |
| बुजुर्ग | 16 | 17 | 33 |
| टोटल | 239 | 223 | 462 |

### गुमशुदगी के महत्वपूर्ण मामले

**केस 1 -** अरेरा हिल्स इलाके से 22 वर्षीय युवती विनीता शिवदे 2020 में लापता हुई थी। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती 8 दिसंबर 2020 को सुबह करीब 11 बजे पार्लर जाने का कहकर लालघाटी की ओर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। शिकायत के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो परिजनों ने उसे एक साल तक जगह-जगह तलाशा। अब पांच साल बीत जाने के बाद भी उसका सुराग न मिलने पर परिजन उसकी वापसी की उम्मीद तक छोड़ चुके हैं।

**केस 2 -** वल्लभ नगर से 29 वर्षीय किशन थापा 9 जुलाई 2024 से लापता है। उसकी मां अनिता थापा ने अरेरा हिल्स थाने पहुंचकर रिपोर्ट भी दर्ज कराई। अनिता थापा का कहना है कि उनका बेटा किशन अनपढ़ है और नशे की आदत भी है। ऐसे में उसके साथ कोई अनहोनी भी हो सकती है। महीनों की तलाश के बावजूद अब तक युवक का पता नहीं चल सका है। उसकी मां लगातार थाने के चक्कर इस आस के साथ काट रही है कि खोया हुआ बेटा मिल जाएगा। हालांकि अब तक नतीजा शून्य ही रहा है।

**सबसे ज्यादा गुमशुदगी के मामले इन थानों में**

**नवंबर में**
मिसरोद - 26
कोलार - 25
छोलामंदिर - 24

**अक्टूबर में**
कोलार - 40
निशातपुरा - 31
छोलामंदिर - 24

### कई अपनी मर्जी से लौटे, पुलिस को जानकारी ही नहीं

लोगों की गुमशुदगी मामले में पुलिस का कहना है कि कुछ मामलों में लोग अपनी मर्जी से वापस भी आ गए हैं, लेकिन इसकी जानकारी पुलिस को नहीं देते। इसके अलावा कई आवेदकों के मोबाइल नंबर और पते बदल गए हैं, जिसके कारण पुलिस परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि गुमशुदगी के मामलों में इजाफा हो रहा है। इस मामले में एक अन्य मानवीय पक्ष भी सामने आया है। ऑपरेशन मुस्कान के दौरान सालों पहले गायब हुईं नाबालिग लड़कियां अब बालिग होकर शादी कर चुकी हैं। वे ऐसे मामलों में शिकायत करने तक से इंकार कर देती हैं। इससे भी पुलिस को कानूनी कार्रवाई में मुश्किलें आती हैं। कई मामलों में परिवार लड़कियों की शादी की जानकारी मिलने के बावजूद इसकी सूचना थानों को नहीं देते, जिससे केस सालों तक लंबित रह जाते हैं। नियमानुसार सात साल बाद ऐसे केस बंद कर दिए जाते हैं।

### 12 साल बाद मिली नाबालिग अब शादीशुदा, बच्चा भी है

पिपलानी पुलिस ने नवंबर 2013 में 14 साल की उम्र में लापता हुई लकड़ी को 12 साल बाद चेन्नई से खोज निकाला। वह अपने पति और बच्चे के साथ रह रही थी। उसने बताया कि पढ़ाई को लेकर उसने घर छोड़ा था। पहले वह भोपाल से गुजरात गई और परेशान होकर वापस लौटी। भोपाल में उसे एक परिचित युवक मिला और उसके साथ चेन्नई चली गई। बालिग होने पर दोनों ने वहां शादी कर ली। इसी तरह कोहेफिजा पुलिस ने 26 अक्टूबर 2025 को भोपाल से लापता किशोरी को इंदौर से खोज निकाला। वह एक युवक के साथ किराए के कमरे में रह रही थी। साइबर सेल की मदद से मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर पुलिस ने लड़की का पता लगाया। इस मामले में अब आरोपी युवक अमित रजक के खिलाफ पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का अपराध दर्ज किया है।

# ट्रामा एंड इमरजेंसी के हेड को हटाया 72 घंटे के बाद भी सेहत में सुधार नहीं

## एम्स की डॉक्टर रश्मि के सुसाइड के प्रयास मामले में कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में महिला डॉक्टर रश्मि के सुसाइड के प्रयास मामले में एम्स प्रशासन ने फिलहाल ट्रामा एंड इमरजेंसी विभाग के हेड डॉ. मोहम्मद यूनुस को हटा दिया है। उनकी जगह मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. रजनीश जोशी को अब यह जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एम्स प्रशासन ने यह फेरबदल उन कयासों के चलते किया है जिसमें यह कहा जा रहा है कि डॉ. रश्मि अपने हेड डॉ. यूनुस के व्यवहार से दुखी थीं। जिसमें डॉ. यूनुस ने उनकी छुट्टी को रद्द कर दिया था। इसके अलावा कुछ पुराने मामले भी हैं, जिसके मद्देनजर एम्स प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

**कमेटी करेगी जांच, विभाग होंगे अलग अलग:** एम्स से मिली जानकारी अनुसार इस मामले के बाद प्रशासन अब हरकत में आ गया है। प्रशासन ने एक कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी का प्रमुख डीन एकेडमिक डॉ. रजनीश जोशी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता को सदस्य बनाया गया है। इस कमेटी का काम ट्रामा एंड इमरजेंसी विभाग में चल रही उथल पुथल और फैकल्टी के बीच वाद-विवाद की सच्चाई पता करना है। जांच रिपोर्ट आने के बाद एम्स प्रशासन यह तय करेगा कि किस तरह विभाग की कार्यप्रणाली को बेहतर और सुगम बनाया जाए। इसके अलावा सूत्रों ने यह भी बताया कि ट्रामा और इमरजेंसी को अलग अलग कर संचालित करने पर भी विचार किया जा रहा है। जिसके तहत ट्रामा की बागडोर न्यूरोसर्जरी विभाग को सौंपी जा सकती है और इमरजेंसी की सेवाएं मेडिसिन विभाग को दी जा सकती हैं।


मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. जोशी को मिली जिम्मेदारी

### सेहत में सुधार के लिए हर संभव प्रयास, कामयाबी नहीं

एलेस्थीसिया का ओवर डोज लेकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली डॉ. रश्मि वर्मा की हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। इस घटना को 72 घंटे से ज्यादा का समय गुजर गया है। चिकित्सकों के अनुसार उन्होंने जो इंजेक्शन खुद को लगाया है उससे व्यक्ति के दिमाग को ऑक्सीजन मिलना बंद हो जाती है, वहीं शरीर की मांसपेशियां भी शिथिल पड़ जाती हैं। अक्सर मामलों में व्यक्ति की मृत्यू हो जाती है, लेकिन इस मामले में डॉक्टर रश्मि को समय पर अस्पताल ले आया गया और शुरूआती इलाज भी मिल गया, इसलिए अभी वह वेंटीलेटर पर इलाज ले रही हैं। चिकित्सक हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि डॉ. रश्मि की सेहत में सुधार हो, लेकिन फिलहाल इसमें उन्हें कामयाबी नहीं मिल रही।

**हाईप्रोफाइल जुआ और शबाब पर गैंगवार में गोली मारने का मामला**

# गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार, रूसी के इशारे पर मारी थी गोली, पांच की तलाश जारी

**पीड़ित गुंडे दानिश पर 45 और निगरानी बदमाश रूसी खान के खिलाफ 20 अपराध हैं दर्ज**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** स्टेशन बजरिया के हाईप्रोफाइल जुआ पर हुए गैंगवार में गोली मारने का एक कारण शबाब भी सामने आया है। गैंग के फरार दो गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनसे एक मोपेड और चाकू बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रूसी खान के इशारे पर उन्होंने दानिश अली को गोली मारी थी। पुलिस की पूछताछ जारी है। मामले में ईंटखेड़ी पुलिस को पांच आरोपियों की तलाश हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। दानिश स्टेशन बजरिया का गुंडा है, उसके खिलाफ 45 अपराध दर्ज हैं। मामले में आरोपी निगरानी बदमाश रूसी खान के खिलाफ 20 अपराध पंजीबद्ध हैं। सभी आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकार्ड है। वह स्टेशन बजरिया और ऐशबाग के रहने वाले हैं।




जानकारी के मुताबिक, 28 वर्षीय दानिश अली स्टेशन बजरिया में रहता है। वह थाने का गुंडा है और पार्सल ठेकेदारी भी करता है। शुक्रवार रात दानिश पत्नी रिमसा और बहन के साथ दोस्त की शादी के रिसेप्शन में शामिल होने के लिए ईंटखेड़ी गया था। वह कार से वापस आ रहा था। देर रात साढ़े 11 बजे उस पर बाइक सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों ने गोली चला दी थी। तीन गोली दानिश के पेट व पैर में लगी। बीचबचाव करने आई उसकी पत्नी रिमसा और बहन को भी आरोपियों ने चाकू मारे थे। तीनों का एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

**सन्नू ने मारी थी गोली**

हत्या के प्रयास के इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें सन्नू वजनदार, सकेलन, परवेज उर्फ नाटू, शाहवेज उर्फ वटाला, जुबेर उर्फ किलकिल, फरदीन और रूसी खान के नाम शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को अब्बासनगर से आरोपी शाहवेज (25) पिता खालिद और फरदीन (22) पिता खुर्शीद दोनों निवासी स्टेशन बजरिया को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने चाकू मारे थे। पुलिस ने उनसे चाकू और मोपेड बरामद की है। आरोपियों ने बताया कि सन्नू वजनदार ने गोली मारी थी। रूसी खान के इशारे में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। इस वारदात के पीछे जुआ, शराब और शबाब तीन कारण सामने आए हैं। एक महिला की दूसरी से नजदीकियां आरोपी और पीड़ित को खल रही थी। काफी दिनों से उनके बीच तनातनी चल रही थी। दोनों दानिश और रूसी खान कई बार आमने-सामने आए, लेकिन धमकियों से बात टल रही थी।

# जीजा ने साले की चाकू से गोदकर की हत्या

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गुनगा इलाके में पति ने साले की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पत्नी को मायके लेने आए पति की साले से कहासुनी हुई थी। आरोपी ने एक सीने और दूसरा जांघ पर वार किया था। सीने में गहरा घाव होने के कारण उसकी मौत हो गई। दो महीने से पत्नी मायके में रह रही थी। कई बार पति लेने गया लेकिन वह मना कर देती थी।




पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। गुनगा थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि 22 वर्षीय अब्दुल उर्फ अब्दुल्ला खान ग्राम खादमपुर में रहता था और ट्रक ड्रायवरी करता था। उसका बहन की शादी ग्राम डोबरा रातीबड़ निवासी भूरा खान से हुई है। उनका दो महीने का एक बच्चा है। इन दिनों भूरा की पत्नी गर्भवती है। वह दो महीने से मायके में हैं। भूरा कई बार उसे मायके से लेने गया, लेकिन वह नहीं आई। भूरा चाहता था कि पत्नी की डिलीवरी ससुराल में हो। इसी के चलते वह शनिवार दोपहर को अपने ससुराल गया था। उसने पत्नी से साथ चलने को कहा लेकिन उसने मना कर दिया। वह वापस अपने घर आ गया। शाम को फोन पर उसकी साले अब्दुल्ला से कहासुनी हो गई। भूरा गुस्से में आ गया। वह फिर से अपने ससुराल पहुंचा। रात करीब साढ़े 9 बजे अब्दुल्ला जैसे ही पेशाब करने गया। वहां भूरा ने उसे पर चाकू से हमला कर दिया।

# सर्द चांदनी रात में गोंड जनजाति के करमा नृत्य को देख झूम उठते दर्शक

## कार्यशाला के अंतिम दिन नूतन कॉलेज की छात्राओं ने दी नृत्य की प्रस्तुत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** गोंड समाज की सबसे बड़ी पहचान है उनकी कला और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति। उनके नृत्य केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि जीवन दर्शन, इतिहास, पौराणिक आख्यानों और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का सजीव दस्तावेज हैं। ये नृत्य ढोल, मांदर टिमकी, झांझ, मंजीरा और लोक वाद्यों की थाप पर, प्रकृति के रंगों से सजे पारंपरिक वेशभूषा में किए जाते हैं। इनके नृत्य, सामूहिक जीवन, उल्लास और आध्यात्मिकता को दर्शाते हैं। दुर्भाग्य से आधुनिकता के दबाव में ये अनमोल विरासत धीरे-धीरे कमजोर पड़ रही है। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के सहयोग से प्रायोजित एवं नूतन कालेज द्वारा आयोजित सात दिवसीय गोंडी नृत्य कार्यशाला के अंतिम दिवस पर जनजाति लोक कला बोली विकास अकादमी के मंच पर गोंड जनजाति समाज का करमा नृत्य हुआ। इससे देख दर्शक अपनी जगहों पर खड़े होकर झूमने लगे। जनजाति लोक कला बोली अकादमी के निदेशक धर्मेंद्र पारे के विशेष सहयोग से यह नृत्य कार्यशाला संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव की संकल्पना थी कि प्रशिक्षण के माध्यम से कालेज की जनजातीय छात्राओं की आत्मनिर्भर टीम बनाई जाए, उनकी कलाओं को संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए और सात दिनों में कालेज की छात्राओं को नृत्य में पारंगत किया।




# जीवनसाथी एक दूसरे के परिवार को मान-सम्मान दें: जैनाविन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** युवक-युवती परिचय सम्मलेन में बेबाकी के साथ प्रत्याशियों ने दे रहे अपना परिचय। परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को कई शहरों और प्रदेशों से आए प्रत्याशियों ने बेबाकी के साथ अपना परिचय दिया। प्रत्याशियों ने परिचय में आपसी सामंजस के साथ विश्वास निभाकर रिश्ता निभाने वाले जीवन साथी पर जोर दिया। वहीं अभिभावकों ने गृह कार्य में दक्ष भारतीय संस्कृति और संस्कारों का सम्मान करने वाली बहू के साथ सबको साथ लेकर चलने वाले दामाद की बात कही। ये नजारा था अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती के तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन (टोंग्या जी वाला) जवाहर चौक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के परिचय मंच का। समिति के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता सुनील जैनविन ने बताया कि रविवार के चलते सम्मेलन स्थल पर पैर रखने की जगह नही थी। सुबह से ही अभिभावकों और प्रत्याशियों का आना शुरु हो गया था। पहले चरण में लगभग 100 से अधिक प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया। दिन भर रिश्तेदार नातेदार अभिभावकों की सहयोग के साथ रिश्ते की बात चलाते देख रहे हैं। दिनभर कुंडली मिलान के साथ चर्चा चलती रही, कुछ रिश्ते चर्चा आगे बढ़ा रहे हैं। वही कुछ रिश्ते फाइनल स्टेज पर हैं। रिश्तो के लिए परिचय पुस्तिका का अवलोकन करने के बाद प्रत्याशी और उनके अभिभावक संचार माध्यम से दूसरे देश में निवासरत आप्रवासी भारतीयों से भी चर्चारत देखें गये।


परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन कुंडली मिलान के साथ चलती रही चर्चा

### 800 प्रतिभागियों ने मंच से अपना परिचय

महामंत्री इंजीनियर विनोद जैन ने बताया कि सम्मेलन में देश विदेश से प्रत्याशी आये हैं जो सरकारी नौकरी में है, प्राइवेट नौकरी में है तथा व्यवसाय का कार्य करते हैं।सम्मेलन में आज दूसरे दिन मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य राच्यों से लगभग 800 प्रतिभागियों ने मंच से अपना परिचय दिया। वहीं दूसरी और अभिभावक अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए जीवनसाथी की तलाश कर बच्चों को परिजनों से सार्थक पहल कर रिश्तों की बात करते देखे गए। कई परिजन मिलन पत्रिका से बायोटाटा ढूंढ़ते देखे गए। श्री जैनाविन ने बताया कि परिचय सम्मेलन से जुड़े युवक युवतियों ने अपनी इच्छा जाहिर कि जीवन साथी धार्मिक प्रवृत्ति का हों और एक दूसरे के परिवार को मान-सम्मान दें और कदम से कदम मिलाकर इस जीवनइस जीवन यात्रा को सार्थकतापूर्वक सफलता के साथ आगे बढ़ाएं, जो जीवन साथी समझदार होगा वह परिवार के विषय में धर्म के विषय में हर क्षेत्र में संतुलित होगा।

**चाय दिवस** | **सिटी की 3700 गुमटियों से लेकर 106 बड़े कॉफी हाउस तक गुलजार**

# ठंड में भोपाली रोज पी रहे सवा दो लाख लीटर चाय

**सोना राजपूत, भोपाल।** राजधानी में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शहर का न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़कने के बाद भोपाल की धड़कनें अब चाय और कॉफी के प्यालों से रफ्तार पकड़ रही हैं। इस ठंड में शहर के हर कोने पर गरमागरम पेय पदार्थों की डिमांड सामान्य दिनों के मुकाबले 40 फीसदी तक बढ़ गई है। वहीं कॉफी की मांग में 30 फीसदी का उछाल हुआ है। यह सिर्फ एक मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि एक बड़ा व्यापारिक टर्नओवर है। हर सुबह और देर शाम, शहर चाय और कॉफी के धुएं से ढका नजर आता है, जहां गर्मागर्म चुस्की पर राजनीति से लेकर करियर तक की चर्चाएं हो रही हैं। नगर निगम के रिकॉर्ड में वैध गुमटियों की संख्या 1863 के आसपास है।

**शहर की चाय-कॉफी अर्थव्यवस्था**

- **कुल चाय गुमटियां**-वैध और अवैध मिलाकर 3700 से अधिक।
- **बड़े चाय हाउस**-शहर में 78 प्रमुख आउटलेट्स सक्रिय।
- **कुल कॉफी दुकानें**- हमेशा कॉफी की उपलब्धता 1500 से अधिक।
- **बड़े कॉफी हाउस/चेन**- शहर में 106 प्रमुख आउटलेट्स सक्रिय।

**खपत और बिक्री**

- **दैनिक चाय खपत** (सामान्य)-1.25 लाख लीटर।
- **शीतकाल में खपत**-बढ़कर 2.32 लाख लीटर प्रतिदिन से अधिक।
- **थोक बिक्री वृद्धि**-चायपत्ती और कॉफी पाउडर की थोक बिक्री में क्रमशः 28 व 16 फीसदी तक का उछाल।
- **लोकप्रिय फ्लेवर**- अदरक और मसाला फ्लेवर वाली चायपत्ती की बिक्री सर्वाधिक।



### कॉफी कल्चर- रात 12 बजे भी सिप की चाहत

शहर के पॉश इलाकों (जैसे- पुराने शहर, 10 नंबर, एमपी नगर, कोलार, संत संत हिरदाराम और नर्मदापुरम रोड) में मौजूद कॉफी हाउसों में देर रात तक भीड़ देखी जा रही है। कॉफी चेन के मैनेजर ने बताते हैं कि हमारा फुटफॉल खासकर शाम पांच बजे के बाद दोगुना हो गया है। युवा, वर्किंग प्रोफेशनल्स और फैमिली ग्रुप्स रात 12 बजे तक हॉट चॉकलेट, कैपचिनो और एस्प्रेसो की डिमांड कर रहे हैं। सामान्य दिनों में जहां 450 कप बिकते थे, अब 700-800 कप की बिक्री हो रही है।

### चाय की बिक्री में बूम

भोपाली चाय के लिए प्रसिद्ध दुकानें के संचालक ने बताया कि यह मौसम हमारे लिए त्योहार की तरह है। पिछले 15 दिनों में बिक्री 40 फीसदी बढ़ गई है। सुबह 6 बजे से ही लोगों की कतार लग जाती है, जो यह दिखाता है कि राजधानी में चाय सिर्फ एक पेय नहीं, बल्किलाइफलाइन है। उन्होंने बताया कि मैं 20 साल से इस काम को कर रहा हूं। हर साल फरवरी तक चाय का मार्केट अच्छा रहता है। अभी हम करीब 1600 कप चाय बैच रहे हैं, जो सामान्य दिनों में 900 से कम होती है।

**रिकॉर्ड उछाल आया:** इस सीजन के लिए मार्केट में 50 फीसदी तक स्टॉक बढ़ाया गया है। डिमांड 28 फीसदी तक पहुंच गई है। पैकेट बंद चायपत्ती की बिक्री में रिकॉर्ड उछाल आया है। जबकि शहर में खुली चायपत्ती की बिक्री का चल कई दशकों पुराना है, जिसकी मांग सामान्य है।

**राजेंद्र सिंघल**
चायपत्ती के थोक व्यापारी

# कमिश्नर ने मऊगंज में की मतदाता सूची के गहन परीक्षण की समीक्षा



## छुटे हुए सभी मतदाताओं का सत्यापन करें : कमिश्नर

**मऊगंज जागरण।** रीवा संभाग की कमिश्नर बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र में छूटे हुए मतदाताओं की मतदान केंद्र बार सूची तैयार कर ली गई है। इनके सत्यापन के लिए 15 और 16 दिसंबर को शिविर लगाए । सभी बीएलओ इस सूची का वाचन करें। यदि कोई मतदाता उपलब्ध हो जाता है तो उसके सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद भी यदि मतदाता सत्यापन के शेष बचते हैं तो उन्हें नोटिस देकर तहसील कार्यालय में सुनवाई करके सत्यापन करें। मतदाता 13 तरह के दस्तावेज प्रस्तुत करके अपना सत्यापन करा सकते हैं। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा मतदाता सूची के संबंध में 22 जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएगी इस अवधि में भी छूटे हुए मतदाता अपना सत्यापन करा सकते हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजस्व अधिकारियों के साथ-साथ पूरी टीम में बहुत अच्छा कार्य किया है।

### कठिन था मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य : मऊगंज विधायक

बैठक में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कठिन था जिसे अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परता से पूरा किया। जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि प्रशासन को इस कार्य में पूरा सहयोग करेंगे। श्री पटेल ने आवश्यक सुझाव भी इस दौरान दिये।

### छूटे हुए मतदाताओं की संख्या बहुत कम है : मऊगंज कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि छूटे हुए मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। इन मतदाताओं के संबंध में एआरओ द्वारा नोटिस जारी की जायेगी और मतदाता उपयुक्त दस्तावेज के साथ तहसील कार्यालय में अपनी जानकारी प्रस्तुत करेंगे तो उनका नाम मतदाता सूची में शामिल रहेगा। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता तो सूची से किसी भी कारण से कट जाता है तो वह भी दावा आपत्ति के समय आवेदन देकर उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम सूची में जुड़वा सकता है । निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा । इसके संबंध में 22 जनवरी तक दावे आपत्तियां प्राप्त करके उनका निराकरण किया जाएगा। छूटे हुए मतदाताओं को 14 फरवरी तक नोटिस देकर उनकी सुनवाई की जाएगी। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा ।

### ये रहे मौजूद

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्र, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता सहित अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : मनगवां विधायक



**आंचलिक डेस्क।** मोहन सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद शनिवार को मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गगेंव जनपद कार्यालय में एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक का आयोजन किया गया, जहां मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति एवं गगेंव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के सभी विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एकत्रित हुए।

### आगामी विकास कार्यों की बनी रणनीति

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की समीक्षा करना और आने वाले समय के लिए ऐसी ठोस और प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा, जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहकर सीधे धरातल पर दिखाई दें और उनका वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंच सके। बैठक में विस्तार से चर्चा की गई कि किस प्रकार से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाया जाए, पात्र हितग्राहियों की पहचान समय पर हो, किसी भी योजना में कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की सुविधाएं पहुंचे।

### बीते दो वर्षों में विकास, सुशासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता

विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि मोहन सरकार ने बीते दो वर्षों में विकास, सुशासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और अब हम सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि इन योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग को जवाबदेह बनाकर जनता को उनका हक दिलाया जाएगा। वहीं गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि जनपद स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाएगी, पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा और जनता की समस्या।

# पिपराही में आज, हनुमना में कल होगा वाटर शेड महोत्सव

**आंचलिक डेस्क।** भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत आज मऊगंज जिले के जनपद मऊगंज के पिपराही परियोजना में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व देवतालाब विधायक गिरीश गौतम होंगे। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य देवेंद्र शुक्ल होंगे। इसी प्रकार कल 16 दिसंबर को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास परियोजना क्रमांक 2 हनुमना के माइक्रो वाटरशेड कमेटी/ग्राम पंचायत ढाबा गौतमान में विधायक प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य में वाटरशेड महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीता कोल जिला पंचायत अध्यक्ष करेंगी। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजना आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, उद्यानिकी, कृषि, वन, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के स्टाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# किसानों को उन्नत खेती एवं युवाओं को रोजगार मिले : दिव्यराज सिंह




### कोनी पयपखरा तलरी पीसीसी पहुंच मार्ग का विधायक ने किया लोकार्पण
### विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करें : नीता कोल

**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी कला में कोनी पयपखरा पहुंच मार्ग पर 24 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित पीसीसी सड़क के लोकार्पण अवसर पर भव्य उद्घाटन समारोह सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सबसे पहले सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह ने विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन के साथ फीता काट कर कोनी पयपखरा पीसीसी सड़क जनता को समर्पित किया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत ग्राम पंचायत के सरपंच केदार साहू सचिव शिवभूषण द्विवेदी सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के द्वारा गजमाला पहनाकर किया गया। अपने उद्बोधन में अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा नीता कोल ने उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों सहित जन समुदाय का स्वागत करते हुए विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह ने कहा कि कोनी पयपखरा पीसीसी सड़क पहुंच मार्ग बन जाने से तलरी रुपौली पोखरी देवखर सहित दर्जन भर से ज्यादा गांव के लोगो को आने जाने के लिए सड़क मार्ग खुल गया है, जो सड़क मार्ग शेष है उसको भी शीघ्र पूरा किया जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि सिरमौर विधानसभा में विकास कार्य के अलावा उन्नत खेती एवं युवाओं को रोजगार मिले यह सतत् प्रयास किया जायेगा। साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष शालिक राम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता नाथूराम द्विवेदी, कंचन मिश्रा, सीईओ जनपद पंचायत जवा सुलाभ सिंह पुसाम, उपाध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा रहे। पंडित सच्चितानंद पाण्डेय, गुलाब गुप्ता ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री शिवशंकर तिवारी ने किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पत्रकार संघ सिरमौर का गठन, विष्णु नारायण शुक्ला सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

**सिरमौर, नि.प्र.।** समाज में पत्रकारों की सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर तहसील सिरमौर के पत्रकारों द्वारा प्राचीन शिव मंदिर में बैठक कर सर्वसम्मति से पत्रकार संघ सिरमौर का गठन कर अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। बैठक में पत्रकार संघ के गठन के साथ पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों एवम पत्रकारों की भूमिका पर संगठन विस्तार से चर्चा की गई । पत्रकार संघ सिरमौर के गठन के साथ पत्रकारों द्वारा सर्वसम्मति से विष्णु नारायण शुक्ल अध्यक्ष, कमलेंद्र प्रताप सिंह महासचिव, सौदामिनी गुप्ता उपाध्यक्ष, अशोक मिश्रा उपाध्यक्ष, बीरेंद्र मिश्रा उपाध्यक्ष, नरेंद्र गौतम कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी निर्वाचित किए गए। पत्रकार संघ सिरमौर के नव नियुक्त अध्यक्ष विष्णु नारायण शुक्ला ने सभी पदाधिकारियो को शुभ कामनाएं देते हुए कहा की यह संगठन पत्रकारों की सुरक्षा एवम सम्मान के लिए सदा तत्पर रहेगा । श्री शुक्ला ने अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया । साथ ही भविष्य में पत्रकारों के सुरक्षा एवम अन्य सुविधाएं दिलाए जाने के लिए संगठन विस्तार के लिए नव वर्ष में आगामी बैठक के साथ एक बृहद सम्मेलन की बात कही । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार पत्रकार नरेंद्र गौतम के द्वारा किया गया ।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन सिंह ने पेश की मिसाल



### फूल में 62 गरीब परिवारों को पेंशन व 70 परिवारों को वितरित किए कंबल

**मऊगंज ब्यूरो।** समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए रीवा के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा 14 दिसंबर को धर्मराज मेमोरियल पूर्व माध्यमिक विद्यालय फूल में गरीब एवं असहाय परिवारों के लिए पेंशन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 62 निर्धन परिवारों को रू 300 प्रतिमाह की दर से चार माह की पेंशन राशि कुल रु1200-1200 प्रदान की गई। वहीं, शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए 70 गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड से राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर समाजसेवा करते हुए प्रतिवर्ष 62 गरीब परिवारों को रु 300 प्रतिमाह के हिसाब से वृद्धा पेंशन दी जाती रही है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को नियमित आर्थिक सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ब्रिजवाला सिंह, डॉ. मनमोहन सिंह के पुत्र डॉ. अमन सिंह, ग्राम सरपंच नरेंद्र बहादुर सिंह तथा धर्मराज मेमोरियल पूर्व माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक कृष्ण पाल सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने डॉ. मनमोहन सिंह के इस मानवीय एवं जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयार की गई रूपरेखा




**मऊगंज ब्यूरो।** मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा मऊगंज की आवश्यक बैठक श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण मऊगंज में अध्यक्ष कर्दम ऋषि तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पेंशनरों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया पेंशनरों की प्रमुख समस्याएं जैसे सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के स्वत्वों जिसमें अर्जित अवकाश के नगदीकरण, क्रमोन्नति के बकाया भुगतान, दिसंबर एवं जून के सेवानिवृत कर्मचारी के वेतन वृद्धि लगाकर भुगतान के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही पूर्व के बकाया एरियर का भुगतान किए जाने, बैंकों में पेंशनर को पेंशन पाने में होने वाली कठिनाइयां तथा बैंकों के कर्मचारियों के द्वारा पेंशनरों के साथ सहयोगी रुख नहीं अपनाने तथा 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस पर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा संघ कार्यालय कोठी कंपाउंड साई मंदिर के बगल में रीवा में सुबह 10:30 बजे होने वाले कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही 24 दिसंबर को स्वर्गीय शीतला प्रसाद तिवारी की स्मृति में समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा में आयोजित पुण्यतिथी विशेष कार्यक्रम में संघ के सदस्यों की उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष कर्दम ऋषि तिवारी, गया प्रसाद मिश्रा, त्रिवेणी प्रसाद पांडे, उमाशंकर पांडे, राम लखन शर्मा, बृजमोहन जायसवाल, राम रहीम सेन, सी.एल. शर्मा, राकेश दुबे सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# विजय दिवस समारोह आयोजित कर सैनिकों के अदम्य साहस एवं प्रभुत्व को किया याद



**हनुमना, नि.प्र.।** सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रमणि द्विवेदी मुन्ना झरी ने संवाददाता को बताया कि 14 दिसंबर को सात फेरे मैरिज गार्डन मऊगंज में पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मऊगंज एवं रीवा इकाई के तत्वाधान में भारत पाक 1971 युद्ध में भारतीय सैनिकों द्वारा अदम्य साहस एवं प्रभुत्व विजय समारोह का आयोजन किया गया। सन 1971 में मात्र 13 दोनों के अंतराल में विजय हासिल किया जिसमें पाकिस्तान के 93000 फौजियों को हथियार डालने पर मजबूर कर दिया और बंदी बनाया तथा विजय हासिल की। यह समारोह मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रमुख रूप से रमेश पांडे सैनिक परिषद राष्ट्रीय सचिव एवं इंद्रमणि द्विवेदी मुन्ना( झरी) पूर्व जनपद सदस्य सरपंच एवं सोसाइटी समिति अध्यक्ष मंचासीन रहे। साथ ही मऊगंज जिले के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं हनुमना तहसील इकाई के अध्यक्ष सूबेदार ब्रह्मदीन पांडेय, उपाध्यक्ष सूबेदार मंजर अनुसूया प्रसाद मिश्रा, एसआई अमरनाथ तिवारी एवं सीधी मऊगंज एवं रीवा जिले के पूर्व सैनिक तथा एनसीसी के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# पंचतत्व में विलीन हुए राजाराम मिश्रा ओझापुर्वा



**जवा ब्यूरो।** राजाराम मिश्रा व्यास ओझापुर्वा का शनिवार की सुबह लगभग 5 बजे 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे विंध्य क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि राजाराम मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी परम हनुमत भक्त शिवेक मिश्रा के बाबाजी है। स्व.राजाराम मिश्रा व्यास सामाजिक क्षेत्र में लंबे समय तक सक्रिय रहे और अपने सरल, सादगीपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते थे। दिवंगत आत्मा का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव ओझापूर्वा में संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित परिजनों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणों द्वारा नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। साथ ही दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# पुलिस थाना अतरैला में बिजली तार चोर गिरोह का आतंक

**जवा ब्यूरो।** पुलिस थाना अतरैला में इन दिनों बिजली तार चोरों का आतंक मचा हुआ है। संवाददाता को स्थानीय लोगों ने बताया कि 7 दिन के अंतराल में नवीन 33 हजार मेन लाइन के आधा सैकड़ा विद्युत पोलो के तार बिजली चोर गिरोह द्वारा काट लिया गया। आज भी सड़क के किनारे कटे हुए झूलते तार अपनी कहानी स्वयं बयां कर रहे हैं। ज्ञात हो कि उप संभाग जवा अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र अतरैला से निकलने वाली 33 हजार लाइन अतरैला से मोहरा एवं अतरैला से चौखंडी रामबाग के बीच करीब आधा सैकड़ा विद्युत पोलों के तार बिजली चोर गिरोह द्वारा 7 दिवस के अंतराल में काट लिया गया जिसकी रिपोर्ट बिजली विभाग अतरैला के द्वारा पुलिस थाना अतरैला में दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग किया गया है, लेकिन अतरैला पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण तक नहीं किया गया न ही बिजली तार चोर गिरोह के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई ही की जा रही है।

# अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन करते दो वाहनों को किया गया जब्त




**त्योंथर ब्यूरो ।** खनिज संपदाओं के अवैध परिवहन की खबरों के पश्चात शनिवार को त्योंथर एसडीएम पीएस त्रिपाठी, तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला तथा नायब तहसीलदार प्रकाश उपाध्याय के संयुक्त दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) चंदई में क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय राज मार्ग में खड़े दर्जनों ट्रक हाइवा के कई वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। मौके पर वाहनों को चेक किया गया तो दो गाड़ियों में चालक छुपे हुए थे एवं खनिज संपदाओं के परिवहन पर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहां गया। लेकिन वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत करने पर गिट्टी परिवहन कर रहे दोनों ट्रकों को सोहागी थाना में खड़ा कराया गया है। बता दें कि क्षेत्र में प्रतिदिन ट्रक, हाइवा जो कि गिट्टी, रेत और अन्य खनिज लोडकर थानों के सामने से अवैध रूप से उत्तर प्रदेश की ओर ले जाते हैं। बड़ी संख्या में बिना नंबर प्लेट के वाहन खनिज संपदाओं को लोड कर परिवहन कर रहे हैं।

# शासकीय कन्या हाई स्कूल गौरी के पास शराबियों का जमावड़ा, सुरक्षा पर सवाल

**नईगढ़ी, निप्र।** शासकीय कन्या हाई स्कूल गौरी विकासखंड हनुमना, के आसपास अव्यवस्थाओं का गंभीर मामला सामने आया है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि स्कूल परिसर से सटे गौरी बस स्टैंड और बालिका छात्रावास की बाउंड्री के किनारे शराब की खाली बोतलों व डिब्बों के सैकड़ों अवशेष पड़े हुए हैं, जिससे क्षेत्र के शराबियों का अड्डा बने होने की पुष्टि होती है। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों में इस स्थिति को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि स्कूल और छात्रावास जैसे संवेदनशील स्थल के समीप खुलेआम शराबखोरी से छात्राओं की सुरक्षा, पढ़ाई का माहौल और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन, शिक्षा विभाग और शाहपुर थाना पुलिस से तत्काल कार्रवाई,



नियमित पुलिस गश्त, बस स्टैंड क्षेत्र में सीसीटीवी/लाइटिंग, तथा शराबखोरी पर सख्त रोक लगाने की मांग की है।

# टीम इंडिया ने धर्मशाला में लगाई टी-20 में जीत की हैट्रिक, सीरीज में बढ़त बनाई

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया

जेएनएन, धर्मशाला

अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 35 रन) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-1 से बढ़त कायम कर ली। भारत ने धर्मशाला के इस मैदान पर लगातार तीसरा टी-20 मुकाबला जीता है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला जीतने से पहले 2022 में श्रीलंका के खिलाफ दो टी-20 मैच जीते थे। कप्तान एडेन मारक्रम की 46 गेंद में 61 रन की पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 117 रन पर आउट हो गई। भारत ने 15.5 ओवर में ही तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने शुभमन गिल (28 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआती दिलाकर जीत की राह आसान कर दी। गिल ने पारी की शुरुआत में कुछ अच्छे शॉट लगाए, लेकिन तेजी से रन बनाने के लिए जूझते दिखे। वह हालांकि क्रीज पर कुछ समय बिताने में सफल रहे। तिलक वर्मा (34 गेंद में नाबाद 26) भी तेजी से रन नहीं बना पाए, तो वही कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) एक बार फिर निराश किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए मारक्रम के अलावा डोनोवन फरेरा (20) और एनरिक नोर्किया (12) ने ही दहाई के आंकड़े में रन बनाए। अर्शदीप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो, जबकि चक्रवर्ती ने इतने ही ओवर में 11 रन देकर दो सफलता हासिल की। राणा ने 34 रन पर दो, जबकि कुलदीप ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी एक-एक सफलता हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने पहली गेंद पर ही लुंगी एनगिडी के खिलाफ छक्का जड़ अपने तेवर दिखाए।




**50** विकेट वरुण चक्रवर्ती के 32 टी-20 मैचों में पूरे हो गए। वह ऐसा करने वाले सबसे तेज भारतीय स्पिनरों में शामिल हैं। कुलदीप यादव के नाम टी-20 में भारत के लिए सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने का रिकॉर्ड है। कुलदीप ने 30 मैचों में ऐसा किया था। इतना ही नहीं वरुण पूर्णकालिक सदस्य देशों की टीम में सबसे कम गेंदों पर 50 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 672 गेंदों पर ऐसा किया है।

**4000** रन टी-20 में तिलक के पूरे हो गए। तिलक सबसे तेजी से टी-20 में 4000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। तिलक ने 125 पारियों में ऐसा किया है और शुभमन गिल और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। भारत के लिए सबसे तेजी से टी-20 में 4000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड रुतुरात गायकवाड़ के नाम है जिन्होंने 116 पारियों में ऐसा किया है।

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका: 117/10 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो. हर्षित | 1 | 3 | 0 | 0 |
| हेंड्रिक्स पगबाधा बो. अर्शदीप | 0 | 3 | 0 | 0 |
| मारक्रम का. जितेश बो. अर्शदीप | 61 | 46 | 6 | 2 |
| डेवाल्ड ब्रेविस बो. हर्षित | 2 | 7 | 0 | 0 |
| स्टब्स का. जितेश बो. हार्दिक | 9 | 13 | 0 | 0 |
| कॉर्बिन बॉश बो. शिवम | 4 | 9 | 0 | 0 |
| डॉनोवन फरेरा बो. वरुण | 20 | 15 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन बो. वरुण | 2 | 7 | 0 | 0 |
| नोर्किया स्टं. जितेश बो. कुलदीप | 12 | 12 | 0 | 1 |
| लुंगी एन्गिडी नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |
| बार्टमैन का. सूर्यकुमार बो. कुलदीप | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 3, **कुल:** 20 ओवर में 117 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-1, 2-1, 3-7, 4-30, 5-44, 6-69, 7-77, 8-113, 9-115, 10-117, **गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-13-2, हर्षित राणा 4-0-34-2, हार्दिक पंड्या 3-0-23-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-11-2, शिवम दुबे 3-0-21-1, कुलदीप यादव 2-0-12-2,

**भारत: 120/3 (15.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. मारक्रम बो. बॉश | 35 | 18 | 3 | 3 |
| शुभमन गिल बो. यानसन | 28 | 28 | 5 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 26 | 34 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार का. बार्टमैन बो. एन्गिडी | 12 | 11 | 2 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 4 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त:** 9, **कुल:** 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन, **विकेट पतन:** 1-60, 2-92, 3-109, **गेंदबाजी:** एन्गिडी 3-0-23-1, यानसन 3-0-24-1, बार्टमैन 3.5-0-34-0, बॉश 3-0-18-1, नार्किया 3-0-14-0.

**100** विकेट हार्दिक के टी-20 अंतराष्ट्रीय में हो गए। वे ऐसा करने वाले अर्शदीप (109) और बुमराह (101) के बाद तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। हार्दिक खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

## अंडर-19 एशिया कप: टीम इंडिया ने पाक को 90 रन से हराया

# भारत का पाक पर विजयी छक्का



**दुबई, जेएनएन।** भारत ने रविवार को अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप-ए मैच में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 90 रन से करारी शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारत की लगातार दूसरी जीत है। वहीं साल 2025 में यह छठवां मौका है, जब भारत ने पाकिस्तान को हराया। इससे पहले पुरुष क्रिकेट टीम ने चार और महिला क्रिकेट टीम ने एक बार शिकस्त दी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसमें आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और कनिष्क चौहान (46) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके बाद 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई और 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने तेज शुरुआत की, जिसमें कप्तान म्हात्रे ने 25 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन मोहम्मद सैयाम ने पहले 10 ओवर के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद जॉर्ज ने पारी को संभाला। कनिष्क ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी, जिसमें तीन छक्के शामिल थे और भारत को नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद 230 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान के लिए सैयाम ने 67 रन देकर और अब्दुल सुभान ने 42 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके, जबकि निकाब शफीक ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की पारी की शुरुआत खराब रही। उसके 30 रन के स्कोर पर चार विकेट गिर गए, जिसमें तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट लिए। कप्तान फरहान यूसुफ (23) और हुजैफा अहसान ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन कनिष्क की धारदार ऑफ-स्पिन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। अहसान पाक के लिए 83 गेंद में 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

**प्लेयर ऑफ द मैच**
**कनिष्क चौहान 46 रन व तीन विकेट**

### नो-हैंडशेक का प्रोटोकॉल जारी

दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने टॉस के समय और मैच के बाद एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया, जिससे हाल में खत्म हुए एशिया कप 2025 के दौरान भारतीय पुरुष टीम द्वारा अपनाए गए नो-हैंडशेक का प्रोटोकॉल जारी रहा। म्हात्रे और पाकिस्तान के उनके समकक्ष फरहान यूसुफ ने टॉस के दौरान एक-दूसरे की अनदेखी की। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए। भारतीय खिलाड़ियों ने अंपायरों से हाथ मिलाया और मैदान से चले गए। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

## खेल एक नजर

### ईपीएल: सालाह की वापसी, लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया, आर्सेनल जीता



**लीवरपूल, जेएनएन।** लीवरपूल ने शनिवार को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है। इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की। आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया, जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी। बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है।

### ओडिशा मास्टर्स: उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने एकल खिताब जीता

**कटक, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्नति ने हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। इंडोनेशिया ने मारवान फाजा और ऐस्याह प्रानाता की जोड़ी ने हमवतन देजान फर्डिनेंस्याह और बर्नाडाइन वार्डाना को 21-15, 21-10 से हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। महिला युगल के खिताबी मुकाबले में बुल्गारिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा ने मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन टिंग को 21-19, 21-14 से मात दी।





## मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में स्टार फुटबॉलर को तेंदुलकर ने भेंट की जर्सी

# वानखेड़े में सचिन के सामने लगे 'मेसी' के नारे

जेएनएन, मुंबई

प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी और क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के एक साथ मंच साझा करने से भारतीय खेल इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय जुड़ गया। मेसी ने चार शहरों के अपने 'जीओएटी' भारत दौरे के तीसरे पड़ाव पर वानखेड़े में एक घंटा बिताया। उन्होंने युवा फुटबॉल खिलाड़ियों, महान क्रिकेटर तेंदुलकर, भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री और मनोरंजन जगत की हस्तियों से बातचीत की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मौके पर 'प्रोजेक्ट महादेवा' की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य राज्य भर में युवा फुटबॉल खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें विकसित करना है। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की भीड़ 'मेसी-मेसी' के नारे लगाती रही। यह स्टेडियम भारत की 2011 क्रिकेट विश्व कप जीत का भी गवाह रहा था। तेंदुलकर के शाम 5:45 बजे पहुंचने के कुछ ही देर बाद अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी मेसी अपने इंटर मियामी टीम के साथियों लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ मैदान पर उतरे। शायद पहली बार ऐसा हुआ जब वानखेड़े पर 'सचिन-सचिन' के बजाय 'मेसी-मेसी' के नारों की आवाज तेज थी। तेंदुलकर ने कहा, मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना हम 2011 (क्रिकेट विश्व कप) में इस मैदान पर वे सुनहरे पल कभी नहीं देख पाते। उन्होंने कहा कि और आज, इन तीनों का यहां होना वास्तव में मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए सुनहरा पल है।




### बॉलीवुड हस्तियां भी हुईं शामिल

कार्यक्रम में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, बॉलीवुड सितारे जैसे अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और अन्य गरवारे पवेलियन पर साइट-स्क्रीन के ठीक सामने बैठे। फिर मेसी, सुआरेज और डि पॉल मैदान में उतरे। उन्होंने सबसे पहले प्रदर्शनी मैच खेलने वाली टीम के सदस्यों के साथ बातचीत की। फिर स्टैंड और पवेलियन में मौजूद भीड़ को मंत्रमुग्ध करने के लिए आगे बढ़े जिनके नाम भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर, तेंदुलकर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट के नाम पर रखे हुए हैं।

### आज पीएम से मिलेंगे

मेसी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर जाने के बाद एक सांसद के आवास पर भारत के मुख्य न्यायाधीश और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे। जीओएटी भारत दौरे के अंतिम दिन मेसी फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के दो सदस्यों से भी मिलेंगे। मेसी सुबह 10:45 बजे दिल्ली पहुंचेंगे और शहर के एक होटल में 50 मिनट के मीट एंड ग्रीट में शामिल होंगे।

# जायसवाल का शतक, मुंबई की सुपर लीग में पहली जीत



**अम्बी (पुणे), जेएनएन।** टी-20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। यह सुपर लीग में मुंबई की पहली जीत है। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया। मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए। वहीं हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराकर सुपर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। महिपाल लोमरोर की 35 गेंदों में 48 रनों की पारी की बदौलत राजस्थान ने नौ विकेट पर 178 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल ने (73) और राहुल बुद्धि ने (55) अर्धशतक जड़े। दोनों की 95 रन की साझेदारी से हैदराबाद ने 17.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज ने 23 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि चामा मिलिंद और तन्मय त्यागराजन ने तीन-तीन विकेट लिए।

# स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीतने वाला पहला एशियाई देश बना भारत



**चेन्नई, जेएनएन।** भारत ने स्क्वाश विश्व कप के फाइनल में रविवार को हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत इतिहास रच दिया। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला एशियाई देश बन गया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था। यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है, क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया।



# ला लीगा : राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना की लगातार 7वीं जीत

**बार्सीलोना, जेएनएन।** राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सीलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले आठ मैच में सिर्फ दो में जीत दर्ज की है, जिससे टीम दबाव में है। एटलेटिको मैड्रिड ने वेलेन्सिया को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर मौजूद एटलेटिको बार्सीलोना से नौ अंक पीछे है। वहीं एस्पेनयोल ने गेटाफे को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की, जबकि मालोर्का ने एल्शे को 3-1 से शिकस्त दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

# टी-20: जबलपुर व इंदौर फाइनल में




**भोपाल, खेप्र।** इंदौर और जबलपुर ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर राधारमण स्टेट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। राधारमण खेल मैदान पर पहले सेमीफाइनल में ग्वालियर 14.5 ओवर में 73 रन पर सिमट गई। श्याम गुर्जर ने 24 और निखिल ने 16 रन बनाए। इंदौर के कप्तान दीपेंद्र ने 3 विकेट झटके। जवाब में इंदौर ने 12.2 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच दीपेंद्र रहे। दूसरे सेमीफाइनल में भोपाल की टीम 16 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। फैजान कादिर ने 25 और कप्तान मनन शर्मा ने 24 रन बनाए। जबलपुर के आयुष तिवारी और संयम गीते ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में जबलपुर ने तीन विकेट खोकर 11.3 ओवर में तीन विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया।

# सक्षम त्यागी के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीता सीहोर



**भोपाल, खेप्र।** सीहोर ने बीडीसीए अंडर-18 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट दो दिवसीय मैच में राजगढ़ को पहली पारी के आधार पर शिकस्त दी। कनारा मैदान पर राजगढ़ 21.4 ओवर में 57 रन पर ढेर हो गई। विनायक शर्मा ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। सीहोर के नवनीत सोनी और दीपेश सेन ने 3-3 विकेट लिए। सक्षम त्यागी ने 2 विकेट लिए। जवाब में सीहोर ने 86.3 ओवर में 298 रन का बड़ा स्कोर बनाया। सक्षम ने 118 रन की शतकीय और दीपेश सेन ने 72 रन की अर्धतशकीय पारी खेली। राजगढ़ के विनायक पाटीदार और रामपाल सोलंकी ने 5-5 विकेट लिए। राजगढ़ ने दूसरी पारी खेलते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 49 ओवर में 5 विकेट पर 151 रन बना लिए थे। पारस पोरेल नाबाद 55 और प्रखर मंडलोई नाबाद 29 रन बनाकर लौटे। सीहोर के देवेंद्र ठाकुर ने 3 और नवनीत सोनी ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच सक्षम त्यागी को शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए दिया गया।

## पीयूष के अर्धशतक से अकीरा मजबूत

**भोपाल, खेप्र।** अकीरा क्रिकेट अकादमी ने स्व. जीएस पठानिया सर अंडर-18 बॉयज इंटर क्लब/अकादमी (दो दिवसीय) क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। बाबेअली मैदान पर अकीरा अकादमी पहले खेलते हुए 52.4 ओवर में 167 रन पर सिमट गई पीयूष तोमर ने 52 और रजत सिंह ने 38 रन बनाए। शिवाय अकादमी के धैर्य ने 5 विकेट झटके। समर्थ और हर्ष चौहान को 2-2 सफलता मिली। जवाब में शिवाय अकादमी पहले दिन का खेल खत्म होने तक 35 ओवर में 6 विकेट पर 115 रन बना लिए। स्टंप तक कार्तिक मेवाड़ा 24 और हर्ष चौहान 14 रन बनाकर नाबाद रहे।




# श्रीकौशल दास और पारुल यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शीर्ष चार में



**भोपाल, खेप्र।** पुल-सी से श्रीकौशल दास विश्वविद्यालय और पुल डी से पारुल यूनिवर्सिटी ने वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में शीर्ष चार स्थान पक्का किया। इससे पूर्व लोक जागृति यूनिवर्सिटी एवं मणिपाल यूनिवर्सिटी टॉप-4 में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी हैं। एलएनसीटी विश्वविद्यालय में खेले जा रहे मुकाबले में पूल-सी के क्वार्टर फाइनल में श्रीकौशल दास विश्वविद्यालय ने महर्षि दयानंद सरस्वती विवि (अजेमर) को 3-0 से हराकर अंतिम चार में जगह सुनिश्चित की। इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में महर्षि दयानंद सरस्वती विवि ने कर्मवीर यूनिवर्सिटी (सतारा) को हराया था। पूल-डी के क्वार्टर फाइनल में पारुल यूनिवर्सिटी ने भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय, पुणे को 3-0 से हराकर शीर्ष चार में स्थान पक्का किया। इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनलमें पारुल यूनिवर्सिटी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, सीकर को हराया था।

## कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल 15 दिसंबर को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## पुराने न्यायालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में होगा मानस एवं भण्डारा

**रीवा।** पुराने न्यायालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 31 दिसम्बर को मानस पाठ प्रारम्भ किया जायेगा एवं 01 जनवरी 2026 को भण्डारा का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम हेतु अधिवक्ता भक्त मण्डल के कमलेन्द्र पाण्डेय एड, रघुवंश प्रताप सिंह एड, तरूणेन्द्र शेखर पाण्डेय एड सहित अन्य ने बैठक कर निर्णय लिया है।

## पिकअप की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**रीवा।** सीधी बाइपास में पिकअप ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए युवक को गंभीर अवस्था में संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना 6 दिसंबर को सीधी बायपास मार्ग में सामने आई थी। उपचार के दौरान घायल ने बीती रात दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में मृतक मोहम्मद अतीक के पुत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके पिता मूलतः दुआरी गांव के निवासी थे जो सीधी में रहकर वाहन चालक का काम करते थे। पीड़ित परिवार की माने तो मृतक बीते दिवस सब्जी लेने घर से निकले थे इसी बीच पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बताया गया कि टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार पिकअप वाहन के नीचे दब गया, जिसे किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल चौकी पुलिस पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम करवाई जिसके बाद उसे परिजनों को सौप दिया गया है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, 1 घायल

### चाकघाट थाना क्षेत्र में हुई घटना



**जागरण, रीवा।** चाकघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 30 में विपरीत दिशा से आ रही कार ने शनिवार रात बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक चाकघाट थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 पर शनिवार देर रात्रि पुनः दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार वन विभाग बैरियर के समीप रॉग साइड से आ रही एक अज्ञात कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। मृतक की पहचान ऋषभ तिवारी पिता सूर्यमणि तिवारी 24 वर्ष निवासी पुर्वा मझिगवां थाना सोहागी के रूप में हुआ है। जबकि नानिल तिवारी पिता राजेश तिवारी उम्र 27 वर्ष निवासी पुर्वा मझिगवां थाना सोहागी घायल है। रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौपा गया है, पुलिस मर्ग कायम कर घटना के बाद फरार कार चालक सहित वाहन की तलाश कर रही है।

## प्रबंधन की बड़ी लापरवाही आई सामने, शार्ट सर्किट से फिर भड़की आग

# प्रसव के बाद महिला को लगाए जा रहे थे टांके, धू-धू कर जली जीएमएच की गायनी ओटी, अंदर ही जल गया नवजात

### नियंत्रण के बाद मिला जला मासूम का शव, फायर सेफ्टी सिस्टम की खुली पोल, मरीजों में रही अफरा-तफरी

जागरण, रीवा

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से रविवार को बड़ा हादसा हो गया, लापरवाही के चलते जीएमएच की गायनी ओटी में भीषण आग लग गई। जिससे घंटों अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मची रही। आग पर काबू पाया गया और जब लोग ओटी के अंदर गए तो जो नजारा था वह और भी दर्दनाक था। ओटी के अंदर मासूम नवजात का जला हुआ शव मिला। चर्चा रही कि यह ओटी में लगी आग में मासूम जिंदा जल गया वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि शिशु मृत ही पैदा हुआ था और उसे हटाया नहीं जा सका और वह अंदर जल गया। वजह जो भी हो इस घटना ने एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है।

बता दें कि रविवार की दोपहर गांधी मेमोरियल अस्पताल की गायनी ओटी के स्क्रब रूम में शार्ट शर्किट हो गया, जहां लगी आग देखते ही देखते गायनी ओटी में पहुंच गई। गायनी ओटी में महिला की डिलेवरी के बाद उसे टांके लगाए जा रहे थे लेकिन आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि महिला मरीज को लेकर वहां से चिकित्सकों सहित अन्य टीम को भागना पड़ा। महिला को तो सुरक्षित निकाल कर इमरजेंसी ओटी में शिफ्ट कर दिया गया लेकिन नवजात वहीं छूट गया। जब आग बुझी तो उसका जला हुआ शव मिला। इस घटना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मचा रहा। अब एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन मामले की जांच कराए जाने की बात कह रहा है लेकिन लोगो के मन में सवाल वहीं है कि आखिर कब तक इस प्रकार की जांचे चलती रहेंगी और मरीज कब तक इस प्रकार की दुर्दशा का दंश झेलते रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि गोविंदगढ़ निवासी कंचन साकेत पति रामसखा साकेत उम्र 24 वर्ष की डिलेवरी के पूर्व ही बताया गया था कि हीमोग्लोबिन की कमी के चलते डिलेवरी के पूर्व ही नवजात की मौत हो चुकी है और उनकी सहमति के बाद प्रसव कराया तो गया लेकिन बच्चे की मां के पेट में ही मौत हो चुकी थी। हालांकि अस्पताल परिसर में कहा जाता रहा कि प्रसव के बाद महिला को तो निकाल लिया गया लेकिन नवजात का शव वहीं छूट गया और जल गया। घटना की जानकारी होने पर निगम स्पीकर व्यंकटेश पांडेय, राजगोपाल मिश्रा चारी व प्रशासनिक अमला पहुंचा।

**घंटों मसक्कत के बाद बुझी आग :** बता दें कि जीएमएच गायनी ओटी में लगी आग की सूचना नगर निगम को दी गई, मौके पर पहुंची फॉयर बिग्रेड ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन यहां भी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही दिखी, नगर निगम की फॉयर बिग्रेड के यहां तक पहुंचने का रास्ता नहीं था, इतना ही नहीं फॉयर बिग्रेड की पाइप तक यहां नहीं पहुंची, जिसे जोड़तोड़ के किसी तरह अंदर तक ले जाया गया और घंटो मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दो फॉयर बिग्रेड ने करीब ढ़ाई घंटे मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**अधिकारियों ने किया निरीक्षण :** घटना की जानकारी मिलते ही डीन डॉ. सुनील अग्रवाल सहित अधीक्षक डॉ.राहुल मिश्रा व अन्य अधिकारी व चिकित्सक घटना स्थल पर पहुंच गए। आग पर नियंत्रण पाए जाने के बाद ओटी का निरीक्षण किया गया और उसे बंद करा दिया गया है। अधिकारी हर पहलुओं पर ध्यान दे रहे हैं।



#### मची रही अफरा-तफरी

इस घटना के बाद से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का महौल निर्मित रहा, बता दें कि मरीज व परिजन आग के डर से भाग खड़े हुए, वहीं यदि आग और ज्यादा फैलती तो गायनी वार्ड सहित बच्चा वार्ड को प्रभावित कर सकती थी, जिससे बड़ी घटना अस्पताल परिसर में हो सकती थी। इस घटना से करोड़ो रुपए का नुकसान प्रबंधन का हुआ है, बताया गया कि फिलहाल प्रशव के लिए इमरजेंसी ओटी व सर्जरी ओटी का उपयोग किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था बना दी गई है।



#### फॉयर सिस्टम की खुली पोल



इस घटना ने अस्पताल के फॉयर सेफ्टी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी, बता दें कि जब आग शुरु हुई तो अस्पताल में लगे फॉयर सेफ्टी उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह सब खराब निकले, जिससे आग और भड़क गई। अस्पताल प्रबंधन हर वर्ष फॉयर सेफ्टी के नाम पर लाखों रुपए कागजों में खर्च करता है जो इस प्रकार की विकराल घटनाओं में किसी काम नहीं आते हैं।

> घटना की जानकारी मिली है जो कष्टकारक है। जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद ही वस्तुस्थिति सामने आयेगी। जांच उपरांत कार्यवाही जायेगी।
>
> **राजेंद्र शुक्ल**
> **उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री मप्र शासन**

> जीएमएच की गायनी ओटी में आग शार्ट शर्किट से लगी, जिससे काफी नुकसान हुआ है, जब आग लगी तो महिला की डिलेवरी करा दी गई थी और उसे टांके लगाए जा रहे थे, प्रसव के पूर्व ही नवजात की मौत हो चुकी थी और उसे मृत निकाला गया था, हां यह जरूर है कि आग लगने के बाद महिला को बचाने के प्रयास में शव अंदर ही छूट गया जो आग से ही झुलस गया। परिजनों को पूर्व में ही नवजात के मृत होने की सूचना दे दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है।
>
> **डॉ.राहुल मिश्रा, अधीक्षक जीएमएच रीवा**

#### लगातार शार्टशर्किट लेकिन सुधार नहीं

यह शार्ट शर्किट से आग लगने की अस्पताल में पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी एसजीएमएच और जीएमएच में कई बार शार्ट शर्किट से आग लग चुकी है लेकिन किसी प्रकार की कोई घटना नहीं होने अस्पताल प्रबंधन लापरवाह बना रहा। बता दें कि लाखों रुपए हर वर्ष मेंटीनेंस के नाम पर फूंके जा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही है और इस अव्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है।

## घने कोहरे में दौड़ रहा ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराया 1 की मौत

### गढ़ थाना क्षेत्र की घटना



**जागरण, रीवा।** घने कोहरे के बीच यूपी की तरफ जा रहा ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना गढ़ के पास रविवार की अलसुबह की है। बताया गया कि तेज रफ्तार से हुई टक्कर में ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गढ़ थाना क्षेत्र से यूपी की तरफ ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 4027 जा रहा था जहां तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हादसे की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने घायल खलासी विपिन जायसवाल पिता इंद्रपाल जायसवाल को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया। वहीं आगे खड़ा ट्रक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि विपिन के दोनों पैर फैक्चर हो गए थे, साथ ही शरीर से काफी मात्रा में खून निकल गया था, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है।

**जान पर भारी लापरवाही :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क दुर्घटना में लापरवाही लोगों के बीच भारी पड़ रही है, बताया गया कि सड़क पर ट्रक खड़े करने पर प्रतिबंध है, इसके बावजूद कई ट्रक चालक सड़क ही ट्रक खड़ा कर मनमानी कर रहे है, साथ ही डिवाइडर में कट को भी ठीक करने कलेक्टर ने आदेश दिए थे ,लेकिन अब भी जगह-जगह मनमानी तरीके से डिवाइडर में कट बने हुए है, जो दुर्घटना का कारण बन रहे है। घने कोहरे के बीच लापरवाही जीवन पर भारी पड़ रही है।

## ऑटो की टक्कर से महिला घायल

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एसएफ चौराहे पर आटो चालक ने पैदल जा रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया। लापरवाही पूर्वक आटो चलाते हुए आटो ने महिला को टक्कर मारी साथ ही कुछ दूर तक इसके चलते महिला आटो में फसकर घिसटती हुई चली गई। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में महिला के सिर की चमड़ी सहित बाल निकल गए और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना रविवार की आज सुबह करीब 7 बजे बिछिया थाना क्षेत्र के एसएसएफ चौराहे की है। घायल महिला की पहचान खुशबू प्रजापति के रूप में की गई है, जो एसएफ चौराहे से पैदल रानी तालाब की ओर जा रही थी, तभी ऑटो का चालक पीछे से टक्कर मारते हुए निकल गया। प्रत्यक्षदर्शीयो ने बताया कि ऑटो की टक्कर लगने के बाद महिला ऑटो के पीछे वाले हिस्से में फंस गई। घटना के बाद चालक भागने की चक्कर में महिला को काफी दूर तक घसीट दिया, जिससे महिला के सर की चमड़ी और बाल तक निकल आए और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

## ट्रेन से पहुंचा अवैध विस्फोटक, दो गिरफ्तार

### 50 किलो जिलेटिन व 400 नग डिटोनेटर के साथ महिला पुरुष पकड़ाए



**जागरण, रीवा।** डभौरा पुलिस ने अवैध रूप से लाई जा रही विस्फोटक की बड़ी खेप के साथ एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। विस्फोटक की यह खेप ट्रेन के माध्यम से डभौरा स्टेशन लाई गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर विस्फोटक के साथ एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके पर 400 नग डेटोनेटर और केवल के साथ-साथ अन्य विस्फोटक सामग्री मिली है, जिसे फिलहाल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जानकारी दी गई कि शनिवार को पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर डभौरा एसडीओपी नारायण सिंह कुम्हरे के नेतृत्व में डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने यह कार्रवाई की है। कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से प्राप्त हुई सूचना के बाद जनता एक्सप्रेस से डभौरा रेलवे स्टेशन में उतरे एक महिला और पुरुष को बाजार में घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनके पास से दो झोले में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में सोहागी निवासी विनोद माझी और जवा के ग्राम छदेनी निवासी पूजा मांझी शामिल है। बताया गया कि महिला और पुरुष दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और उनके द्वारा विस्फोटक की यह खेप उत्तर प्रदेश के मानिकपुर से लाई गई थी।आरोपियों के कब्जे से 50 किलो जिलेटिन व 400 नग डेटोनेटर सहित केवल और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

## न्यायालय ने तलब किए सीसीटीवी फुटेज बढ़ सकती है थाना प्रभारी की मुश्किल

### सगरा थाना क्षेत्र का मामला

**जागरण, रीवा।** उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर एक याचिका ने सगरा थाना प्रभारी की मुश्किलें बढ़ा दी है। खाकी और पद का दुरुपयोग का थाना प्रभारी आरोप लगा है। जिस पर न्यायालय ने विभाग के उच्च अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। गौरतलब है कि ग्राम मुड़ियारी तहसील सिरमौर थाना सगरा निवासी राजेश शुक्ला का उनके चाचा से आपसी जमीनी विवाद चल रहा था। जिस पर कमिश्नर न्यायालय से यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश थे। बताया जा रहा है कि उक्त जमीन पर राजेश ने धान की बुवाई की थी। जिनके चाचा ने सगरा थाने की पुलिस के सहयोग से फसल काट ली। राजेश का कहना था कि न्यायालय से स्थगन है फसल हमने बोई है। किंतु सगरा थाने की पुलिस ने उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की। मामले की शिकायत राजेश शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों से भी की थी। बताया गया कि जब उच्च अधिकारियों ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया तो राजेश ने सी एम हेल्प लाइन में शिकायत कर दी। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद सगरा पुलिस ने शिकायत बंद कराने का दबाव बनाना शुरू किया। आरोप है कि जिसके बाद पुलिस राजेश एवं उनके परिवार को शिकायत बंद नहीं कराने पर थाना ले गई जहां राजेश शुक्ला के पुत्र एवं उनकी पत्नी को जबरजस्ती घर से उठाकर मोबाइल छीनकर सीएम हेल्प लाइन की शिकायत खुद बंद करा दी। मामले में राजेश शुक्ला एवं उनकी पत्नी तथा बेटे ने उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की थी। याचिका में संविधान के मूलभूत अधिकारों का हनन करने, वर्दी एवं पद का दुरुपयोग करने पर निलंबित कर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई थी। जिस पर न्यायालय ने डीजीपी मध्यप्रदेश, आईजी रीवा जोन एवं पुलिस अधीक्षक रीवा से मामले के संबंध में स्पष्टीकरण ,दस्तावेज सहित सगरा थाने के 13.11.2025 से 15.11.25 तक एवं 24.10.25 से 26.10.25 तक की सीसीटीवी की वीडियो रिकॉर्डिंग मंगाई है। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

## पुरानी रंजिश में सरहंगों ने बाइक पर लगाई आग



### रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र की घटना

**जागरण, रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर सरहंगो ने दुकान के सामने खड़ी बाइक को आग के हवाले कर दिया। घटना थाने से चंद कदम की दूरी की बताई गई है। पीड़ित ने बताया कि वह किराने की दुकान संचालित करता है और रोज की तरह देर रात दुकान बंद कर अपने घर जाने की तैयारी कर रहा था। दुकान बंद करने के बाद वह पीछे पानी भरने गया और जब कुछ ही देर में वापस लौटा तो उसकी आंखों के सामने खड़ी उसकी बाइक धू-धू कर जल रही थी। अचानक बाइक में लगी आग को देखकर वह हैरान रहे गया साथ ही शोर शराबा करते हुए आसपास के लोगों को बुलाया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी दुकान के पीछे रहने वाले एक युवक ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है। बताया गया कि बीते एक साल के भीतर यह आगजनी की दूसरी घटना है।

## धान खरीदी केंद्र में आए तीन संदिग्ध वाहनों को पुलिस ने पकड़ा

### मऊगंज के बंधवा उपार्जन केंद्र में पहुंची थी धान, जांच शुरू



**जागरण, रीवा।** मऊगंज के नईगढ़ी स्थित बंधवा उपार्जन केंद्र में रविवार को एक व्यापारी तीन वाहनों में धान उपार्जन के लिए लेकर पहुंचा, लेकिन धान के दस्तावेज नहीं दिखा पाया। उपार्जन केंद्र प्रभारी सहित कर्मचारियों को उक्त धान में संदेह हुआ जिसके बाद उन्होने गोपनीय सूचना खाद्य विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद नईगढ़ी पुलिस टीम के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां धान से लोट ट्रक और मिनी ट्रकों को सुरक्षार्थ थाना ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक वाहन मालिकों से धान संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए लेकिन वो पेश नहीं कर सके। व्यापारी अब उक्त धान किसानों की बता रहा है। पुलिस ने फिलहाल बोलेरो पिकअप सहित तीन वाहनों को थाना में खड़ा कराया है साथ ही पूरे मामले की जांच आला अधिकारी कर रहे है।

**यूपी से पहुंचती है धान :** एमपी यूपी बार्डर में यूपी की धान जिले के खरीदी केंद्रों में पहुंचने की जानकारी समय-समय पर सामने आती रहती है, मऊगंज और रीवा कलेक्टर ने इसे लेकर स्पष्ट आदेश जारी किए है। खाद्य विभाग की टीम भी नजर रखे हुए है। फिलहाल धान खरीदी केंद्रों में अवैध रूप से लाई जा रही धान पर उपार्जन केंद्र में लगे अधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भी नजर है। जिससे कलाबाजारियों में खलबली मची हुई है।

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

गठिया एवं पुराने रोगों के लिए नवीनतम आयुर्वेद चिकित्सा
शुद्ध आयुर्वेदिक इलाज के साथ-साथ पंचकर्म चिकित्सा एवं आहार-विहार परामर्श उपलब्ध है।
डॉ. ब्योमेश उपाध्याय
Ayurved Medical Officer, M. D. (Kayachikitsa),
जनरल मेडिसिन (आयुर्वेद)
परामर्श समयः प्रत्येक सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश) शाम 05 से रात 08 बजे तक
विशेषताएं:-
• जोड़ो का दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका वात, कमर दर्द
• एड़ी का दर्द, सिर का दर्द (माइग्रेन)
• लकवा • दमा (सांस का रोग) • पुराना कब्ज व खांसी
• स्किन एलर्जी, त्वचा में होने वाले रोग (सोरायसिस) • थायराइड
• बवासीर • लीवर के रोग • शुगर (डायबिटीज) • शारीरिक कमजोरी
पताः श्री सांवरिया फार्मेसी, न्यू बस स्टैण्ड से 300 मी. आगे आशीयाना मैरिज गार्डन गेट के सामने, गुलाब नगर समान रीवा (म.प्र.)
सम्पर्क सूत्रः 9630597027

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- परामर्श क्लीनिक : शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत नि:शुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांक: 14,15,16 दिसंबर 2025
कार्डियक सर्जरी
पुनः नि:शुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com